




# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची,धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

वर्ष : 2,अंक : 242

मूल्य ₹ 6

आमंत्रण मूल्य ₹ 4 मात्र

पृष्ठ संख्या 12

धनबाद, शुक्रवार 13 दिसंबर 2024, मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 13 संवत 2081


**विधानसभा सत्र :** मंईयां और 200 यूनिट फ्री बिजली स्कीम के लिए मिली सबसे अधिक राशि

# हेमंत सरकार का ₹11697.45 करोड़ का अनुपूरक बजट पास

विशेष संवाददाता । रांची

राज्य में नवगठित हेमंत सोरेन सरकार का पहला 11697.45 करोड़ का अनुपूरक बजट सदन से पास गुरुवार को पास हो गया. बुधवार को राज्य के नए वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने इसे सदन में पेश किया था, जिस पर गुरुवार को सदन की कार्यवाही के अंतिम दिन दूसरी पाली में पर चर्चा हुई. इसमें भाजपा की ओर से कटौती प्रस्ताव लाया गया. प्रस्ताव के समर्थन में विपक्ष के विधायक और विरोध में सत्ता पक्ष के विधायकों ने अपनी बातें सदन में रखीं. इस बीच सत्ता पक्ष ने जहां से इसे अगले तीन महीने के कार्यों व योजनाओं को लेकर जरूर बताया, वहीं विपक्ष से इसका विरोध किया. अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान सरकार का पक्ष रखा. इसके बाद स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया.

**बजट में मंईयां योजना और 200 यूनिट फ्री बिजली पर फोकस :** सदन से पास वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 11697.45 करोड़ का अनुपूरक बजट में सबसे अधिक महिला बाल विकास विभाग के लिए 6390.55 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है.यानि कि इस विभाग से संचालित मुख्यमंत्री मंईयां योजना को फोकस किया गया. सरकार दिसंबर से राशि बढाकर एक हजार रूपए से 2500 कर दिया गया. इसके बाद ऊर्जा विभाग के लिए 2577.92 करोड़ का प्रावधान किया गया, जिसमें बिजली उपभोक्ताओं 200 यूनिट फ्री बिजली योजना प्रमुख है. इसके बाद गृह कारा विभाग के लिए 445.96 करोड़, माध्यमिक शिक्षा के लिए 301.89 करोड़ और प्राथमिक शिक्षा के लिए 272.80 करोड़ का प्रावधान किया गया है.

सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित



## प्रदीप यादव कांग्रेस विधायक दल के नेता, राजेश कच्छप उपनेता और अनूप सिंह बने मुख्य सचेतक



प्रदीप यादव



राजेश कच्छप



अनूप सिंह

**कांग्रेस ने डैमेज कंट्रोल करते हुए जातिगत समीकरण साधने का किया प्रयास**

पौड़याहाट से पांचवीं बार विधायक चुने गए प्रदीप यादव कांग्रेस विधायक दल के नेता बनाए गए हैं. इसको लेकर कांग्रेस ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है. इसकी जानकारी स्पीकर रबींद्रनाथ महतो को दे दी गयी है. मालूम हो कि कांग्रेस के इस बार भी 16 विधायक जीतकर आए हैं, जिसमें केवल चार विधायकों को ही मंत्री पद बनाया गया है. फिलहाल मंत्रिमंडल में ओबीसी कोटे से किसी को जगह नहीं मिली है. जबकि कांग्रेस ने दो ओबीसी विधायक जीत कर आए हैं, जिसमें प्रदीप यादव और ममता देवी आदि शामिल हैं. इसको देखते हुए कांग्रेस ने जातीय समीकरण के ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है. वहीं दूसरी बार विजयी रहे सरना आदिवासी नेता राजेश कच्छप को कांग्रेस ने उपनेता बनाया है. कच्छप मंत्री बनने की राह पर सबसे आगे चल रहे थे, मगर अंततः बंधु तिर्की की पुत्री शिल्पी नेहा तिर्की को आदिवासी व अल्पसंख्यक कोटे से मंत्री बना दिया गया. इसको लेकर राजेश कच्छप नाराज चल रहे थे. उनका नाराजगी भरा बयान भी सार्वजनिक रूप से आया था. उन्होंने कहा था था कि कुछ बाहरी लोग संगठन एवं पार्टी का कमजोर करने में जुटे हैं. अगड़े कोटे से कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह को सदन में मुख्य सचेतक बनाया गया है.

सदन में सीएम हेमंत का भाजपा पर प्रहार, कहा-

## अटल जी की दुहाई देने वाले लोग राज्य को कहां ले गए

विशेष संवाददाता ।रांची

झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के अंतिम दिन पहली पाली में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा हुई. इसमें मुख्यमंत्री से लेकर सत्ता और विपक्ष के विधायकों ने अपनी-अपनी राय रखी. इस बीच तीखी नोंक-झोंक भी हुई. इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी बातें रखीं. राज्यपाल के अभिभाषण के चर्चा के दौरान सीएम का भाजपा पर कड़ा प्रहार किया. कहा कि कहा- अटल जी की दुहाई देने वाले लोग 2000 से 2019 तक राज्य को कहां ले गए. राज्य में अगर परिवर्तन दिखा है, तो वह 2019 के बाद दिखा है. उन्होंने कहा कि विपक्ष के साथी सरकार के विकास कार्यों में सहयोग करें. इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड देश का सबसे पिछड़ा राज्य है. देश के आजाद होने के बाद दुनिया के सबसे बड़े उद्योग इसी राज्य से मिले. चाहे वो एचईसी हो या फिर बोकारो स्टील प्लांट. यह समझ से परे है कि इस राज्य के ऊपर कौन-सा अभिशाप लगा है कि यहां के लोग भूमिहीन और विस्थापित होने लगे. यहां सदियों से पलायन की स्थिति बनी रही. इसी पीड़ा को लेकर शिबू सोरेन, निर्मल महतो जैसे अनगिनत आंदोलनकारियों ने झारखंड को अलग राज्य बनाया. वहीं, सामंती विचार के लोगों ने हमारे अग्रणी नेताओं का मजाक उड़ाया. कहा कि हड़िया दारू पीने वाले ये आदिवासी लोग क्या राज्य ले पाएंगे. सीएम ने कहा कि विपक्ष के लोग बराबर ये कहते हैं कि अटल बिहारी वाजपेयी जी ने झारखंड के अलग राज्य बनने पर मुहर लगाई. लेकिन यहां के गरीब और पिछड़े लोगों को उनका अधिकार नहीं मिलता है.

**बोले सीएम**

- राज्य में परिवर्तन तो 2019 के बाद दिखा है
- कल्पना ने राज्यहित के मसलों पर सभी से दलगत भावना से ऊपर उठकर मांगा सहयोग

### हमें सत्ता से बेदखल करने के हर हथकंडे अपनाए गए

हेमंत ने कहा कि हमलोगों को सत्ता से बेदखल करने के लिए कई हथकंडे अपनाए गए. राज्य अलग होने के बाद किसी वर्ग के चेहरे पर खुशी नहीं थी. जनता, कर्मचारी सभी के चेहरे डरे-सहमे होते थे. हमारी सरकार बनने के बाद लोग ढोल-नगाड़े के साथ स्वागत करने आए. आज दोबारा सरकार को इस मुकाम में पहुंचाने का अहम भूमिका है. यह राज्य आंदोलन की उपज है. यह राज्य खून से सींचा राज्य है. यहां के लोग बहुत स्वाभिमानी हैं. इस राज्य के हर वर्ग की जरूरतों को पूरा करने में हमारी सरकार कटिबद्ध है. हमलोगों ने राज्य के सर्वांगीण विकास की नींव रख दी है, अब उसपर इमारत खड़ी करनी है. यह मामला चाहे शिक्षा के क्षेत्र में हो, रोजगार का हो, स्वास्थ्य का हो, सभी क्षेत्रों में युद्धस्तर पर काम किया जाएगा.

## हजारीबाग में विधि-व्यवस्था की समस्या दोबारा नहीं होनी चाहिए : डीजीपी



संवाददाता । रांची

**रांची।** हजारीबाग में उत्पन्न हुए विधि-व्यवस्था की समस्या को लेकर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान डीजीपी ने कहा कि हजारीबाग में उत्पन्न हुए विधि-व्यवस्था की समस्या भविष्य में दोबारा नहीं हो। इस बैठक में एडीजी अभियान, आईजी अभियान, आईजी स्पेशल ब्रांच, डीआईजी रांची, डीआईजी हजारीबाग, डीआईजी बोकारो, डीआईजी स्पेशल ब्रांच, एसएसपी रांची, धनबाद, और एसपी हजारीबाग और लोहरदगा उपस्थित थे।

**डीजीपी ने दिए कई दिशा निर्देश**

हजारीबाग में जो घटना हुई, भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो उसके लिए हजारीबाग सहित विभिन्न जिलों में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए।

अगर कोई व्यक्ति गलत अफवाह या सोशल मीडिया पर भड़काउ पोस्ट शेयर करता है तो उसे चिन्हित कर उसके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

आसूचना तंत्र को मजबूत किया जाय ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो।

सभी जिला के एसपी आवश्यक सुराक्षात्मक और निरोधात्मक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

उल्लेखनीय है कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में अनियमितता का आरोप लगाते हुए छात्रों ने हजारीबाग में जमकर बवाल किया था। छात्रों ने पहले रांची-पटना हाईवे (एनएच-33) को जाम कर दिया। इन्हें हटाने जब पुलिस पहुंची तो छात्रों ने पथराव शुरू कर दिया, जिससे कई पुलिसकर्मी चोटिल हो गए और कई पुलिस वाहनों को भी क्षति पहुंची।

देखें पेज 10



**गाबा टेस्ट पर मंडराया बारिश का खतरा**

## न्यूज इन ब्रीफ



### डी गुकेश बने सबसे युवा विश्व चैंपियन

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने गुरुवार को सिंगापुर में विश्व शतरंज चैंपियनशिप 2024 के 14वें दौर में चीन के डिंग लिरेन को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया. गुकेश ने अंतिम राउंड जीतकर 7.5 अंक हासिल कर खिताब अपने नाम किया, जबकि लिरेन के 6.5 अंक रहे. लिरेन को हराने के बाद गुकेश सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बन गए हैं, उन्होंने गैरी कास्पारोव का रिकॉर्ड तोड़ दिया है.

### संविधान पर चर्चा के लिए प्लान तैयार

**नई दिल्ली।** लोकसभा में संविधान पर चर्चा के लिए भाजपा ने प्लान तैयार कर लिया है. 13 और 14 दिसंबर को 12 घंटे तक संविधान पर चर्चा होगी. इसमें भारतीय जनता पार्टी की तरफ से 15 वक्ता होंगे. अभी तक जो जानकारी सामने आ रही है, उसके मुताबिक सत्ता पक्ष की ओर से रक्षामंत्री राजनाथ सिंह चर्चा की शुरुआत कर सकते हैं.

### ट्रंप फिर बने टाइम पर्सन ऑफ द ईयर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को गुरुवार को टाइम पत्रिका ने ऐतिहासिक पैमाने पर वापसी करने और दुनिया में अमेरिका की भूमिका बदलने के लिए 2024 टाइम पर्सन ऑफ द ईयर के रूप में नामित किया. पत्रिका ने ट्रंप को एक पीढ़ी में एक बार होने वाले राजनीतिक पुनर्गठन को आगे बढ़ाने और अमेरिकी राष्ट्रपति पद को नया रूप देने के लिए भी सम्मानित किया है.

### जॉय बांग्ला अब राष्ट्रीय नारा नहीं

**ढाका।** बांग्लादेश में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को हाईकोर्ट के उस अहम फैसले पर रोक लगा दी है, जिसमें बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान के लोकप्रिय जॉय बांग्ला को देश का राष्ट्रीय नारा घोषित किया गया था. छात्रों के प्रदर्शन के बाद रहमान की बेटी शेख हसीना को बीते 5 अगस्त को प्रधानमंत्री पद से हटना पड़ा.

### ईरान में हिजाब कानून और सख्त किए गए

**तेहरान।** ईरान ने हिजाब को लेकर नए कानून के अनुसार अगर महिलाएं हिजाब के नियमों का उल्लंघन करती हैं तो उन्हें मौत की सजा तक दी जा सकती है. कानून के अनुच्छेद 60 के तहत दोषी महिलाओं को जुर्माना, कोड़े की सजा या कठोर जेल हो सकती है.

झारखंड शीतलहरी की चपेट में, **येलो अलर्ट जारी**

## रांची सहित अन्य जिलों में सुबह में छा रहा घना कोहरा

विशेष संवाददाता।रांची



रांची सहित पूरे झारखंड शीतलहर की चपेट में बढ़ गया है. रांची सहित अन्य जिलों में मंगलवार सुबह घना कोहरा देखा गया. मौसम विभाग के अनुसार, झारखंड में फिलहाल बारिश नहीं होगी. अगले पांच दिनों तक बारिश के आसार नहीं हैं. मौसम विभाग ने राज्य के पलामू और गढ़वा सहित 14 जिलों में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है. इनमें गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम और पूर्वी सिंहभूम शामिल हैं. इस संबंध में रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री की गिरावट आयेगी. इस वजह से लोगों को ठंड का सामना करना पड़ेगा. तापमान में गिरावट के बाद दो दिन तक न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिलेगा. उन्होंने बताया कि झारखंड में अगले पांच दिनों तक बारिश के आसार नहीं हैं.

## सरकार ने नहीं निभाया वादा : राहुल

**हाथरस गैंगरेप**

एजेंसी। हाथरस

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी गुरुवार को हाथरस पहुंचे और वहां गैंगरेप पीड़िता के परिवार से मुलाकात की. पीड़िता की गैंगरेप के बाद मौत हो गई थी. राहुल ने मुलाकात के बाद कहा कि सरकार पीड़ित परिवार को न्याय देने के बजाय उन पर तरह-तरह के अत्याचार कर रही है, जबकि आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं. उन्होंने यह भी कहा कि वे परिवार को न्याय दिलाने के लिए पूरी ताकत से संघर्ष करेंगे. राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीड़ित परिवार से मुलाकात की फोटो शेयर करते हुए लिखा, हाथरस जाकर 4 साल पहले हुई शर्मनाक घटना के पीड़ित परिवार से मिला. परिवार के लोगों ने जो बातें बताईं, उसने मुझे झकझोर कर रख दिया.



राहुल ने आरोप लगाया कि पीड़ित परिवार को आज भी प्रताड़ित किया जा रहा है और वे डर के साए में जी रहे हैं. उन्हें बंदूक और कैमरों की निगरानी में रखा जाता है और वे स्वतंत्रता से कहीं आ-जा नहीं सकते. उन्होंने यह भी कहा कि बीजेपी सरकार ने परिवार से किए गए वादों को पूरा नहीं किया, जैसे सरकारी नौकरी और घर देने का वादा.

परिवार के इंसाफ की बात करते हुए राहुल गांधी ने कहा, पीड़ित परिवार को इंसाफ देने की जगह सरकार उन पर तरह-तरह से अत्याचार कर रही है. वहीं आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं. उन्होंने कहा कि हम इस परिवार को यूं ही इनके हाल पर नहीं छोड़ेंगे. इससे पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी सुबह करीब 11.15 बजे बूल गढ़ी गांव पहुंचे, जबकि पुलिस ने उनके दौरे को देखते हुए जिले के चंदपा इलाके में गांव और उसके आसपास के इलाके में पुलिसकर्मियों की तैनाती बढ़ा दी थी.

## खुदरा महंगाई दर नवंबर में घटकर 5.48 फीसदी पर आयी

एजेंसी। नई दिल्ली

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर नवंबर में घटकर 5.48 फीसदी पर आ गई है. पिछले महीने अक्टूबर में खुदरा महंगाई दर उछलकर 14 महीनों के उच्चतम स्तर 6.21 फीसदी पर पहुंच गई थी. ऐसा सब्जियों की कीमतों में नरमी और खाद्य तेल की कीमतों में स्थिरता के कारण हुआ है. सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार नवंबर में खाद्य वस्तुओं की महंगाई घटकर 9.04 फीसदी रही, जो पिछले महीने अक्टूबर में 10.87 फीसदी थी, नवंबर 2023 में 8.70 फीसदी रही थी. नवंबर, 2024 में सब्जियों, दालों चीनी एवं मिष्ठान्न, फलों, अंडे, दूध,



मसालों, परिवहन एवं संचार और व्यक्तिगत देखभाल संबंधी उत्पादों की महंगाई दर में उल्लेखनीय गिरावट आई है. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति ने पिछले हफ्ते अपनी समीक्षा में चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए मुद्रास्फीति के अनुमान को बढ़ाकर 4.8 फीसदी कर दिया था. एनएसओ के जारी महंगाई बास्केट में करीब 50 फीसदी योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है, जो समग्र उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित महंगाई बास्केट का लगभग आधा हिस्सा बनाती है.

**कैबिनेट बैठक** सभी राजनीतिक दलों से चर्चा करेगी जेपीसी

## 'एक देश, एक चुनाव' को मोदी कैबिनेट ने दी मंजूरी

एजेंसी ।नई दिल्ली

गुरुवार को मोदी सरकार ने कैबिनेट बैठक में 'एक देश, एक चुनाव' विधेयक को मंजूरी दे दी है. सूत्रों के अनुसार, अब सरकार इस बिल को सदन में पेश कर सकती है, और यह विधेयक अगले सप्ताह शीतकालीन सत्र में लाए जाने की संभावना है. सबसे पहले एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन किया जाएगा, जिसमें सभी दलों के सुझाव लिए जाएंगे. इसके बाद, यह विधेयक संसद में पेश किया जाएगा और इसे पारित कराने की कोशिश की जाएगी.

इससे पहले, राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की कमेटी ने सरकार को 'एक देश, एक चुनाव' पर अपनी रिपोर्ट सौंपी थी. सूत्रों का कहना है कि सरकार इस विधेयक को जेपीसी के पास भेजने की योजना बना रही है ताकि लंबी चर्चा और आम सहमति बनाई जा सके. जेपीसी सभी



राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ इस पर चर्चा करेगी और सामूहिक सहमति की आवश्यकता पर जोर देगी. वर्तमान में देश में विभिन्न राज्यों में अलग-अलग समय पर चुनाव होते हैं, लेकिन इस विधेयक के कानून बनने के बाद एक साथ चुनाव कराने की तैयारी है. हालांकि, इस कदम का कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) जैसी कई विपक्षी पार्टियों ने विरोध किया है, उनका आरोप है कि इससे सत्तारूढ़ पार्टी को लाभ होगा. वहीं, नीतीश कुमार और चिराग पासवान जैसे एनडीए सहयोगियों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया है.

**सरकार की क्या है तैयारी? :** सूत्रों ने बताया कि सभी राज्य विधानसभाओं के अध्यक्षों को बुद्धिजीवियों, विशेषज्ञों और सिविल सोसायटी के सदस्यों के साथ अपने विचार साझा करने के लिए कहा जाएगा. इसके अतिरिक्त, आम जनता से भी सुझाव मांगे जाएंगे, जो निर्णय लेने की प्रक्रिया में समावेशिता और पारदर्शिता को बढ़ाएंगे. विधेयक के प्रमुख पहलुओं में इसके लाभ और देशभर में एक साथ चुनाव कराने के लिए जरूरी कार्यप्रणाली पर विचार-विमर्श किया जाएगा.

संभावित चुनौतियों का समाधान किया जाएगा और विविध दृष्टिकोणों को एकत्रित किया जाएगा. 'एक देश, एक चुनाव' को बार-बार होने वाले चुनावों से जुड़ी लागत और व्यवधानों को कम करने के लिए एक महत्वपूर्ण सुधार के रूप में देखा जा रहा है.

हालांकि सरकार चाहती है कि इस विधेयक को लेकर व्यापक समर्थन हासिल किया जाए. हालांकि, इस प्रस्ताव पर राजनीतिक बहस भी बढ़ सकती है. विपक्षी दल इसकी व्यवहार्यता के बारे में सवाल उठा सकते हैं.

## दंतेवाड़ा में नक्सलियों व सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़, सात नक्सली हुए ढेर

एजेंसी। दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हो रही है. अब तक सात वर्दीधारी नक्सली मारे जा चुके हैं और रुक-रुककर फायरिंग चल रही थी. सूत्रों के अनुसार, एसटीएफ और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम गश्त पर थी, जब छिपे हुए नक्सलियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी. इसके बाद सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की. इससे पहले, सुरक्षाबलों ने दंतेवाड़ा, नारायणपुर, कोंडागांव और जगदलपुर जिलों में सर्च अभियान चलाया था और फिर फोर्स दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में गश्त के लिए रवाना हुई थी. सुरक्षा बलों को जानकारी मिली थी कि इस इलाके में 40-50 नक्सली छिपे हुए हैं. मुठभेड़ गुरुवार की सुबह 3 बजे से जारी है.



- सुरक्षा बलों को जानकारी मिली थी कि इस इलाके में 40-50 नक्सली छिपे हुए हैं

इस दौरान नक्सलियों के बड़े कैडर के मारे जाने की सूचना है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अगस्त में कहा था कि 2026 तक नक्सलवाद की समस्या का समाधान कर लिया जाएगा और नक्सलियों का सफाया किया जाएगा. उन्होंने छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ समीक्षा बैठक की थी.

**207 बड़े नक्सलियों का सफाया :** गृह मंत्री के ऐलान के बाद अब तक सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच 96 एनकाउंटर हो चुके हैं. पुलिस ने करीब 207 नक्सलियों का सफाया कर दिया है. इनके ऊपर लगभग 9 करोड़ रुपये का इनाम था. एक दिन पहले बीजापुर में सुरक्षाबलों और नक्सलियों में मुठभेड़ हुई थी. जिसमें एक वर्दीधारी नक्सली मारा गया था. नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया था. जिसमें 2 जवान घायल हुए थे. थाना गंगालूर के मुनगा इलाके के जंगल में मुठभेड़ के बाद नक्सली भाग खड़े हुए थे.



षष्ठम् विधानसभा के प्रथम सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को झारखंड विधानसभा परिसर में ग्रुप फोटो सेशन हुआ. इस अवसर पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री और विधायकगण शामिल हुए.

## विधानसभा सत्र का अंतिम दिन

# कल्पना सोरेन ने मांगा सबसे सहयोग

विशेष संवाददाता। रांची



विधायक कल्पना सोरेन ने बड़े ही शालीनता से बात रखते हुए विपक्ष का घेराव भी किया और सहयोग भी मांगा. उन्होंने कहा कि झारखंड गरीब नहीं है. इसे गरीब बनाया जा रहा है. अगर झारखंड के हित की बात हो तो आप दलगत भावना से ऊपर उठकर काम करने का काम करेंगे. झारखंड के अहम मसले स्थानीय नीति, ओबीसी आरक्षण और सरना धर्म कोड विधानसभा से पारित किया है, झारखंड का बकाया, एक लाख 36 हजार करोड़ आदि लेने में आप सभी के सहयोग की जरूरत है. आज विधानसभा में आधी आबादी की भागीदारी सदन में दिख रही है. निश्चित ही इसमें महिलाओं की भूमिका अधिक रही है. आने वाले दिनों में हम महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने जा रहे हैं. हमारी सरकार कई योजनाओं को धरातल पर लेकर आनी चाहते हैं. अगली बार फिर हमारी सरकार आएगी. उन्होंने कहा कि यह अपनों की सरकार है. अबुआ सरकार झारखंड को समर्पित है. अभिभाषण में इच्छाशक्ति हैं जो खुशहाली देने वाली है. एक-एक शब्द को धरातल पर उतारेंगे. जनादेश महागठबंधन को मिला है. क्रांतिकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा. केंद्र की .योजनाओं में राज्य के गरीब-गुरबों की चिंता नहीं है. किसानों का ऋष्ण माफ किया गया है. झारखंड में झामुमो की अपनी पहतान रही है.यह राज्य झामुमो की उपज है. यह जनादेश आदिवासी-मूलवासियों ने दिया.

**चतरा वन भूमि में रह रहे लोगों पर बिना नोटिस के बुलडोजर चलाना गलत : जनार्दन पासवान**

लोजपा के चतरा विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि अपने विधानसभा क्षेत्र मे वन प्रमंडल पदाधिकारियों द्वारा बुलडोजर से तोड़े जाने का मामला उठाया. कहा कि अगर यह जमीन अतिक्रमण की है तो समय देना चाहिए,चिन्हित किया जाना चाहिए.अगर वाकई में अतिक्रमण है तो लोग खुद हटा देंगे, मगर समय दिए बिना बुलडोजर चला देना उचित नहीं है. इसकी जांच कराई जाए.

**बालू की किल्लत हर हाल में दूर करे सरकार : निर्मल महतो**

आजसू विधायक निर्मल महतो ने कहा कि गाड़ी प्रखंड को पूर्ण रूप से रामगढ़ जिले मे शामिल किया जाए. चैनुपर को नया प्रखंड बनाया जाए. करमा और चैनपुर को भी प्रखंड बनाया जाए. उन्होंने सरकार से बालू को लेकर जारी समस्या को दूर करने की मांग की. कहा कि पुलिस बालू गाड़ी का पकड़ने और तंग करने का काम रही है.

**किए गए वादों को धरातल पर उतारे सरकार : पूर्णिमा दास**

भाजपा विधायक पूर्णिमा दास साहू ने सदन के बाहर मीडिया से बात करते हुए कहा कि कहा कि सरकार ने जो लोगों से वादे किए इसका अनुपूरक बजट में जिक्र नहीं दिखा. 450 रूपए में गैस सिलेंडर देने का जिक्र बजट में नहीं दिखा. विधायक पूर्णिमा दास ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि जल्द सभी योजनाओं को धरातल पर रखें. उन्होंने कहा कि चुनावी दौरे ने सभी महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना देने की बात कही गई थी. लेकिन सरकार बनते ही चुनावी वादों से मुकर जाते है.

**बहुमत के साथ ही जिम्मेवारी भी बढ़ गयी है : स्टीफन**

झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के अंतिम दिन राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव के समर्थन पर बोलते हुए झामुमो विधायक स्टीफन मरांडी ने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण कई मायनों में महत्वपूर्ण है जो यहां की योजनाओं को प्रतिबिंबित करता है. हेमंत सरकार को प्रचंड बहुमत मिला है. जिम्मेवारी बढ़ी है. झारखंड की अस्मिता की रक्षा का दायित्व भी है. राज्य के सर्वांगीण विकास की बात अभिभाषण में है. स्थानीय भाषा को स्वीकृत और शिक्षकों की नियुक्ति की बात कही गई है. महिला सशक्तिकरण पर फोकस किया गया है. मंईयां सम्मान योजना से आर्थिक मदद मिल रही है. अंबेडकर लाइब्रेरी की बात कही गई है. स्थानीय नीति बनाकर रोजगार देने की बात कही गई है. झारखंड ने खेल में पहचान बनाई है. स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना की बात कही गई है. क्षेत्रीय भाषा को सुदृढ़ करने के साथ मदरसा बोर्ड बनाने की बनाने की बात कही गई है.

## गणित में भाजपा पीछे रही पर वोट में आगे: बाबूलाल



**रांची।** विधानसभा के विशेष सत्र के अंतिम दिन सदन में भाजपा विधायक बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा अंकगणित में पीछे रही पर वोट में आगे रही. भाजपा के 37.37 फीसदी वोट मिले, जबकि कांग्रेस को 15.56 फीसदी ही वोट मिले. सत्ता पक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वे जिन मुख्यमंत्रियों का नाम ले रहे हैं, उनका खौफ आज भी सत्ता पक्ष में दिखाई दे रहा है. उन्होंने चाईबासा के गुदरी का जिक्र करते हुए कहा कि आज लोग वहां जाने से कतरा रहे हैं. सेंदरा कर लोगों को मारा जा रहा है. कानून को जनता हाथ में ले रही है, पुलिस कोई काम की नहीं है. वहां जाकर देखना चाहिए.

डेमोग्राफी का बदलना चिंता की बात

बाबूलाल ने कहा कि डेमोग्राफी का बदलना चिंता की बात है. संताल परगना सबसे ज्यादा प्रभावित है. झारखंड में एनआरसी करा दें तो पता चल जाएगा कि कौन कहां से आया है.लेकिन सीजीएल रिजल्ट का विरोध हो रहा है.इसकी सीबीआई से जांच कराएं, दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा. झारखंड की बुनियाद को बर्बाद किया जा रहा है. धान खरीद और मंईयां योजना की चर्चा हो रही है. लेकिन रांची डीसी ने सभी बीडीओ को पत्र जारी कर कहा है कि अयोग्य की पहचान कर पैसा वसूली की जाए.

## आदिवासी हित और घुसपैठ की बात करने वाले मणिपुर पर नजर घुमाएं : प्रदीप



कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने राज्यपाल के अभिभाषण के प्रति कृतज्ञता जाहिर करते हुए कहा कि अभिभाषण में सरकार की सोच और संकल्पों को प्रदर्शित करता है. सरकार के कमिटमेंट को दर्शाता है. सरकार ने यह कहने का प्रयास किया है कि हम गरीबों के लिए हैं. सरकार ने समझा है कि नर की सेवा ही नारायण की सेवा है. सबको साथ लेकर चलने का संकल्प है. सरकार सबका साथ सबका विकास करना चाहती है. प्रदीप यादव ने विपक्ष पर तंज सकते हुए कहा कि वे घट कर 24 पर चले गए. हमारे संकल्पों पर जनता ने मुहर लगाया है. जुमलों पर जनता ने विश्वास नहीं दिखाया. उन्होंने सदन में एक फोटो दिखाते हुए कहा कि मोदी की लाऊंड्री योजना से धुलकर आए हिमंता बिस्व सरमा, एकनाथ सिंदे, अजीत पवार, चंद्रबाबू नायडू, प्रफुल्ल पटेल ने धोखेबाजी की. बाबूलाल भी उनके सहयोगी बन गए. उन्होंने कहा कि गोगो दीदी योजना का फॉर्म भरकर दिखाएंगे. ये धोखा नहीं तो क्या है. दंगा-फसाद कराने का प्रयास किया. घुसपैठ को देखने की जिम्मेवारी गृह मंत्री को है. ये घुसपैठ के नाम पर दंगा कराना चाहते हैं. ये लोग मणिपुर नहीं गए, जहां आदिवासी बेटियों को नंगा घुमाया जा रहा है, यहां रोटी-बेटी और रोटी की बात करते हैं. देश की अखंडता को कमजोर करना है. फोटो के जरीए विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि राष्ट्रपति खड़ी हैं और प्रधानमंत्री बैठे हैं, ये संविधान का उल्लंघन है. इन्हें मनुस्मृति पर विश्वास है.

## अभिभाषण में कई चीजें स्पष्ट नही: सरयू राय



**रांची।** जदयू विधायक सरयू राय ने कहा कि 2020 में कई बातें आई थीं, उसका उत्तर नहीं मिला है. उस समय सभी भाषाओं के विकास के लिए आयोग बनाने की बात कही गई थी. अब मदरसा बोर्ड, अल्पसंख्यक बोर्ड और ऊर्दू अकादमी की बाद कही गई. यह चिंता का विषय है. कुछ चीजें स्पष्ट नहीं हैं. केजी से पीएचडी तक नि:शुल्क शिक्षा की बात कही गई है, पर किसको मिलेगी यह भी स्पष्ट नहीं है. जमशेदपुर गारबेज से भरा हुआ है. आग लगी हुई है. इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है. मंईयां सम्मान योजना पर स्थिति स्पष्ट नहीं है. राज्यपाल के अभिभाषण में गंभीरता नहीं है.

## बकाया मिले, मगर राज्य से बाहर गये करोड़ों रुपये भी वापस लाये जाएं : जयराम महतो



जेएलकेएम विधायक जयराम महतो ने कहा कि शहीदों का सम्मान होना चाहिए. आंदोलनकारी परिवारों को पांच फीसदी आरक्षण मिलना चाहिए. उद्योगों को दी गई खाली जमीन को वापस लिया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि एक लाख 36 हजार करोड़ बकाया मिलना चाहिए. लेकिन राज्य के सभी बैंकों में जो पांच लाख 55 हजार 17 हजार करोड़ रुपए दो दूसरे राज्यों को दिए गए हैं. उसे अपने राज्य में लाकर समस्याओं का समाधान करना चाहिए. झारखंड की सीडी रेशियो 36 फीसदी है जबकि आंध्रप्रदेश का 110 और तमिलनाडु का 115 फीसदी है.

**बाबूलाल और चंपाई गाल बजाना बंद करें : हेमलाल मुर्मू**

झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू ने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण सभी विभागों के सर्वांगीण विकास का दर्पण है. शिक्षक नियुक्ति के साथ स्थानीय भाषा को बढ़ावा देने की बात कही गई है. विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जिनको नजर नहीं वे नजरों की बात करते हैं. ये लोग अभिनय में भी कम नहीं है. वहां बड़े-बड़े नेता आए. आदिवासी और अल्प संख्यक के बीच लड़ाई कराने में व्यस्त रहे. दावा ठोंका 65 पार, पर यहां की जनता को समझ नहीं पाए. खजूर में भी नहीं बबूल पर लटक गए और 21 पर आ गए. अब जनता इनको सत्ता पक्ष की ओर बैठने का मौका नहीं देगी. चुनाव के बीच गोगो दीदी योजना लेकर आए. ठगने के लिए फॉर्म भी भरवाया. पूरी पोटली बांधकर गुवाहाटी चला गया. हेमलाल मुर्मू ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कि ये लोग जनता की नजर में रिडेक्शन माल हो गया. कमल फूल मुरझा गया और पंखुड़ी उड़ गई. चंपाई सोरेन को कौन सा भूत लगा जो उधर भाग गए. हमको अनुभव है,कि उधर क्या है. भाजपा आदिवासियों को समझ नहीं पाती है. आदिवासियों ने इन्हें नकार दिया है. यही गठबंधन की सरकार राज्य को आगे बढ़ा सकती है. आने वाले चुनाव में इन लोगों का नामो निशान मिट जाएगा. बाबूलाल और चंपाई सोरेन को कहा कि आप अपने गाल बजाना बंद कीजिए. ये सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए काम करेगी.

**जनभावनाओं के अनुरूप सरकार काम करने के लिए संकल्पितः नमन**

कांग्रेस विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि सरकार जनभावनाओं व जन आकांक्षाओं के अनुरूप काम करने के लिए संकल्पित है. सरकार ने युवाओं को रोजगार के अवसर देने की घोषणा की है. महिलाओं के सशक्तिकरण की बात कही है. उन्होंने झालको को पुर्नजीवित करने पर जोर दिया. विधायक अरूप चटर्जी ने सहारा में निवेश करने वालों के लिए बनाई गई योजना को सराहा.

### बालू को लेकर बाबूलाल ने सरकार को घेरा

## राज्य में निर्माण कार्य पूरी तरह से ठप हो गए हैं : बाबूलाल मरांडी

विशेष संवाददाता। रांची

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और विधायक बाबूलाल मरांडी झारखंड में बालू की कमी को लेकर मोर्चा खोल दिया है. उन्होंने कहा कि 444 बालू घाटों में से केवल 51 को स्वीकृति, और उनमें से भी केवल 24 से निकासी हो रही है. इस कारण राज्य में निर्माण कार्य पूरी तरह ठप हो गए हैं. बालू की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं. महज 10 दिनों में एक ट्रॉली बालू की कीमत में 12,000 रुपये तक का इजाफा हुआ है. उन्होंने कहा कि पलामू सहित झारखंड के अन्य जिलों में बालू 25 से 40 रुपये प्रति बोरी बिक रहा है. इस कमी ने न सिर्फ अपार्टमेंट निर्माण, बल्कि प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स पर भी असर डाला है. अगर यह संकट जल्द हल नहीं हुआ, तो विकास कार्य प्रभावित हो सकते हैं.

## न्यूज अपडेट



### आजसू को फिर झटका, नीरू शांति मिलीं हेमंत से

**रांची।** विधानसभा चुनाव में मिली झटके के बाद भी आजसू पार्टी अब तक उबर भी नहीं पाई है. अब उसे फिर से झटका मिलता दिख रहा है. प्रमुख झारखंड आंदोलनकारी और पूर्व विधायक आजसू नेता स्व. कमल किशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत गुरुवार को अचानक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलीं. मिली जानकारी के अनुसार वे जल्द ही झामुमो में शामिल हो सकती हैं. वे दूसरी बार लोहरदगा से आजसू के टिकट पर चुनाव लड़ीं, मगर जीत नहीं पाईं.

### आईएएस छवि रंजन को झटका, नहीं मिली बेल

रांची। बेल की इंतजार में बैठे आईएएस अधिकारी और रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को गुरुवार को बड़ा झटका लगा है. सेना के कब्जे की भूमि वाली जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े लैंड स्कैम केस के आरोपी छवि रंजन को बेल देने से रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने इंकार कर दिया है. सोमवार को सभी पक्षों की ओर से सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने बेल पर फैसला सुरक्षित रख लिया था. गुरुवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है.

### निशिकांत को राहत, एफआईआर रद्द करने का आदेश

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे को बड़ी राहत दी है. लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान झामुमो का झंडा हटाकर भाजपा का झंडा लगाने से जुड़ी प्राथमिकी में हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है. इस फैसले में हाईकोर्ट ने उस एफआईआर को रद्द करने का आदेश दिया है. बता दें कि इस मामले में बुढ़इ थाना में मामला दर्ज किया गया था. इसे रद्द कराने की अर्जी के साथ सांसद निशिकांत दुबे ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. जानकारी हो कि इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में हुई.

### एडवोकेट एसो. चुनाव के लिए ऑब्जर्वर नियुक्त

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन की नयी कमिटी के लिए होने वाले चुनाव में काउंसिल के सदस्य बालेश्वर प्रसाद सिंह और काउंसिल सदस्य मृत्युंजय कुमार श्रीवास्तव को ऑब्जार्वर का जिम्मा दिया गया है. इससे पहले एसोसिएशन की जनरल बॉडी की मीटिंग में चुनाव संपन्न कराने के लिए वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह, मृणाल कांति रॉय और विजय रॉय को अधिकृत किया गया. फिलहाल वर्तमान कमेटी अब एडहॉक कमेटी के रूप में कार्य करेगी.

**अपील** झारखंड सरकार के गृह, कारा औप आपदा प्रबंधन विभाग ने किया अनुरोध

# प्रयागराज महाकुंभ के लिए जारी गाइडलाइन का पालन करें

विशेष संवाददाता। रांची

झारखंड सरकार के गृह, कारा और आपदा प्रबंधन विभाग ने प्रयागराज महाकुंभ 2025 में तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस का पालन करने का अनुरोध किया है. 14 जनवरी से 26 फरवरी तक लगने वाले महाकुंभ 2025 के दौरान तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए झारखंड सरकार ने यह अपील की है. यह अनुरोध भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त दिशा-निर्देशों के आधार पर किया गया है, ताकि आयोजन में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनी रहे.



**गाइडलाइन में श्रद्धालुओं को दिशा-निर्देश :** गाइडलाइन में श्रद्धालुओं को दिशा-निर्देशों देते हुए एडवाजरी में कहा गया है कि महाकुंभ मेला 2025 मोबाइल एप डाउनलोड कर मेले की पूरी जानकारी प्राप्त कर लें और यात्रा से पूर्व निवास स्थान सुनिश्चित करें. साथ ही 60 वर्ष से अधिक आयु या पूर्व से बीमार व्यक्ति हेल्थ चेकअप करायें उसके बाद ही यात्रा करें. इसके अलावा आयुष्मान कार्ड धारक अपना कार्ड साथ में रखें ताकि आकस्मिक स्थिति में सरकारी एवं निजी अस्पतालों में मुफ्त में इलाज कराया जा सके. एडवाजरी में मेला क्षेत्र में स्नान एवं दर्शन के लिए निर्देश दिया गया है कि गर्भवती महिलाएं विशेष सावधानी बरतें. धूम्रपान एवं नशीले पदार्थों का सेवन न करें. मच्छरों से बचाव के लिए रेपेलेंट साथ रखें. साथ ही हीटर ,अलाव आदि का उपयोग टेंट के अदर न करें इससे आग लगने का खतरा हो सकता है. किसी भी आपात स्थिति में महाकुंभ हेल्पलाइन 1920,पुलिस हेल्पलाइन 112 व आपदा हेल्पलाइन 1077 पर संपर्क कर सकते हैं.

# सदन के अंदर सभी सदस्य हमारे लिए बराबर : स्पीकर

विशेष संवाददाता। रांची

विधानसभा सत्र के अंतिम दिन सदन में स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने अपना संबोधन किया. उन्होंने कहा कि कहा कि इस सत्र में सभी नव निर्वाचित माननीय सदस्यों का शपथ ग्रहण हुआ. मैं समझता हूं कि यह गौरव का क्षण होता है और जनता के प्रति उत्तरदायी होने का एहसास कराता है. यहां पर सभी सदस्य अलग-अलग दलों से अलग-अलग विचारधाराओं से अलग-अलग क्षेत्रों से आते हैं, लेकिन मैं उम्मीद करता हूं कि पूर्व कार्यकाल की भांति मेरे सभी सदस्य एक परिवार जैसा लगे आत्मीक भाव हो. हमेशा मेरे जीवन में अविस्मरणीय हो. न पक्ष, न विपक्ष सब मेरे लिए सदस्य हैं. सदन में राज्यपाल का अभिभाषण हुआ. अभिभाषण के माध्यम से नवगठित सरकार ने अपनी प्राथमिकताओं को रेखांकित किया. इसके साथ ही राज्य के चहुंमुखी विकास के लिए अपनी नीतियां और दिशा तय करने का प्रयास किया. हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार ने विशेषकर शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और पोषण आदि पर जोर दिया है. राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में सरकार का वित्तीय प्रबंधन, रोजगार, संरचनाओं की ओर भी ध्यान आकृष्ट किया है.

**अनुपूरक बजट पर सदस्यों ने सार्थक रचनात्मक चर्चा की**

स्पीकर ने कहा कि इस सत्र में वर्तमान वित्तीय वर्ष का द्वितीय अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया गया. इस पर सदस्यों ने सार्थक रचनात्मक चर्चा की. कई सदस्यों ने महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए. कुछ सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को रेखांकित किया. राज्य के चहुमुंखी विकास के ये सुझाव नि:सदेह महत्वपूर्ण है. हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार से उम्मीद करता हूं कि वे राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए वांछित सुझावों का आकलन कर अपनी सीमा के तहत आने वाले समय में बजट में समाहित करेंगे. राज्य के कल्याण के लिए, यहां की साढ़े तीन करोड़ की जनता के अपेक्षाओं और आंकाक्षाओं को पूरा करने के लिए, राज्य को एक उच्च स्थान पर ले जाने के लिए, पक्ष और विपक्ष दोनों की भावनाएं एक जैसी है.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | धनबाद, शुक्रवार, 13 दिसंबर 2024 मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष 13 संवत 2081 पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ वर्ष : 2, अंक : 242 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### आलोक कुमार दुबे बनाए गए संयोजक

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने 60 दिवसीय राष्ट्रव्यापी संविधान रक्षक अभियान की सफलता के लिए कॉर्डिनेटर की नियुक्ति की है. जारी सूची के अनुसार आलोक कुमार दूबे को दक्षिणी छोटानगापुर का संयोजक, सतीश पॉल मुंजनी को उत्तरी छोटानागपुर, सुरेन राम को कोल्हान, गजेंद्र सिंह को पलामू और रियाज अंसारी को संथाल परगना का संयोजक बनाया गया है.

### प्राकृतिक चिकित्सा शिविर सात

**रांची।** झारखंड में पहली बार पवित्रम सेवा परिवार के तत्वावधान में सात जनवरी से 12 जनवरी 2025 तक छह दिवसीय आवासीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन कोयलांचल धनबाद के शंभू धर्मशाला व अग्रेसन भवन मे किया जा रहा है. शिविर में देश के विभिन्न स्थानों से कई प्रमुख चिकित्सा विशेषज्ञ शामिल होंगे. चिकित्सा टीम में महिला व पुरुष दोनों चिकित्सक रहेंगे.

### सीएम आज से दो दिनी संथाल दौरे पर

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार से दो दिवसीय संथाल परगना के दौरे पर रहेंगे. इस दौरान वह देवघर, बासुकीनाथ और भोगनाडीह जाएंगे और रात्रि विश्राम पतना स्थित अपने घर में करेंगे. 14 दिसंबर की शाम पांच बजे तक मुख्यमंत्री रांची लौट जाएंगे. मुख्यमंत्री 13 दिसंबर को बाबा बैद्यनाथ मंदिर और बासुकीनाथ मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे. 14 दिसंबर को वे साहिबगंज जाएंगे. जहां पर सिदो कान्हू की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करेंगे. वे कई योजनाओं का शिलान्यास, उदघाटन करेंगे.

### सरकार की कथनी व करनी में अंतर: मरांडी

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने छठे विधानसभा के प्रथम सत्र के समापन के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा.मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार की कथनी और करनी में आसमान -जमीन का अंतर है.इनकी घोषणा चुनाव के दौरान कुछ और थी, जबकि सत्ता पाने के बाद कुछ और हो गई। कहा कि वोट पाने के लिए बढ़ -चढ़कर वादे किए लेकिन अब व्यवहार में कुछ और हो रहा है. कहा कि 18से 50वर्ष की सभी महिलाओं को महिला योजना का लाभ देने की बात करने वाली सरकार अब वादों से मुकर रही है. अब तो महिलाओं से पैसे वापस लेने के लिए पदाधिकारी पत्र जारी कर रहे हैं. सत्ता पाने के बाद नीति में इतना बड़ा यू टर्न राज्य की जनता ने पहले कभी नहीं देखा.

# बैंक मोड़ फ्लाईओवर बन्द होने पर वैकल्पिक मार्ग की तलाश

## मरम्मती के लिए फ्लाईओवर से गुजरने वाले वाहनों का बंद होगा आवागमन

संवाददाता। धनबाद

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर गुरुवार को एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा के नेतृत्व में एक टीम ने नया बाजार से धनसार चौक तक सड़क का निरीक्षण किया. इस संदर्भ में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने बताया कि बैंक मोड़ फ्लाईओवर की मरम्मती के लिए फ्लाईओवर से गुजरने वाले वाहनों का आवागमन बंद किया जाएगा. इसके लिए वैकल्पिक मार्ग के तौर पर गुरुवार को अधिकारियों की टीम के साथ सड़क का निरीक्षण किया गया. टीम ने नया बाजार से बैंक मोड, बैंक मोड़ से धनबाद रेलवे स्टेशन के दक्षिणी छोर वाले मार्ग, बरमसिया मोड़, डेमियन सोशल वेलफेयर मोड़ तक मार्ग का निरीक्षण किया. वहां से पुनः टीम ने मनईटांड होते हुए हावड़ा मोटर तथा हावड़ा मोटर चौराहे से शक्ति पथ होते हुए धनसार चौक तक वैकल्पिक मार्ग का निरीक्षण किया. निरीक्षण के क्रम में वैकल्पिक मार्ग पर वाहनों के सुगम आवागमन के लिए विचार विमर्श किया. निरीक्षण के दौरान एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, अंचल अधिकारी धनबाद शशिकांत सिंकर, पीडब्ल्यूडी के कार्यपालक अभियंता मिथिलेश प्रसाद, सहायक अभियंता ओम प्रकाश, कनीय अभियंता नसीम अख्तर, नगर निगम के सिटी मैनेजर विशाल कुमार सिन्हा, फूड इंस्पेक्टर अनिल कुमार तथा ठेकेदार संजय गोटीवाले सहित अन्य लोग मौजूद थे.



**खास बातें**

- एडीएम ने किया वैकल्पिक मार्ग का निरीक्षण
- हावड़ा मोटर से बरमसिया पुल तक का किया निरीक्षण

# सरयू की याचिका पर एनजीटी का आदेश

- उपायुक्त और जेपीसीबी सचिव दायर करें शपथ पत्र

संवाददाता। रांची

जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय की याचिका पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (जेपीसीबी) के सदस्य सचिव और पूर्वी सिंहभूम के डीसी को निर्देश दिया है. इसमें कहा गया है कि सोनारी के कचरा डंप में लगी आग को तुरंत बुझाने और इससे हो रहे प्रदूषण को अविलंब नियंत्रित करने के बारे में एक व्यक्तिगत शपथ पत्र दायर करें. साथ ही याचिका में लगाये गये आरोपों के संबंध में आठ जनवरी 2025 के पहले एटीआर दायर करें.

मालूम हो कि यह मामला एनजीटी की अदालत (कोलकाता बेंच) में सुनवाई के लिए 8 जनवरी 2025 को सूचीबद्ध किया गया है. इसकी सुनवाई अमित स्थालकर और डॉ अरुण वर्मा की पीठ में होगी. यह आदेश 11 दिसंबर 2024 को जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय द्वारा दायर याचिका संख्या-46/2024 पर सुनवाई के दौरान दिया गया है.

# वर्चस्व को लेकर भाजपा के दो विधायक समर्थकों में भिड़ंत

## राज सिन्हा के समर्थक प्रदूषण के खिलाफ दे रहे थे धरना




इलाका पुलिस छावनी में तब्दील

- रागिनी समर्थकों ने कहा, रंगदारी के लिए बंद कराई जा रही लोडिंग

संवाददाता। झरिया

गुरुवार को विश्वकर्मा परियोजना के कांटाघर के समीप वर्चस्व को लेकर भाजपा के दो विधायक समर्थक के बीच गुरुवार को भिडंत हो गई. वारदात के बाद विश्वकर्मा परियोजना पुलिस छावनी में तबदील हो गया. दोनों गुट के बीच उस वक्त भिडंत हुई जब धनबाद विधायक राज सिन्हा के समर्थक पानी और प्रदूषण के मुद्दे पर विश्वकर्मा कांटाघर में ट्रक वजन का कार्य प्रभावित कर दिया. जिससे विश्वकर्मा लोडिंग प्वाइंट में ट्रक लोडिंग का कार्य ठप हो गया. तब नाराज होकर झरिया विधायक रागिनी सिंह के समर्थक सह असंगठित मजदूरों ने जश्रसं के बैनर तले इसका विरोध कर दिया. देखते ही देखते दोनों गुटों में मारपीट होने लगी.इस दौरान दो राउंड मारपीट हो गई . जश्रसं गुट के मजदूरों का आरोप था कि इस कांटाघर से गुड्डू सिंह लोडिंग ट्रक से डेढ़ सौ रूपए प्रति टन की वसूली करता है,जिसका विरोध किया. जिससे झल्लाकर दूसरा गुट ने पानी प्रदूषण का बहाना बनाकर विश्वकर्मा में ट्रक लोडिंग का कार्य हमेशा के लिए बंद करवाना चाहता है.

सूचना पाकर धनसार पुलिस और सीआईएसएफ ने मोर्चा संभालते हुए मामला शांत कराया,हालांकि दोनों गुट अलग अलग बैठकर एक दूसरे के खिलाफ नारेबाजी करते रहे. शाम को पानी -प्रदूषण के मुद्दे पर आंदोलन कर रहे राज सिन्हा गुट उठकर चले गए. इसके बाद पुलिस व सीआईएसएफ ने कांटाघर का कार्य शुरू कराया, हालांकि पुलिस तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए सीआईएसएफ व पुलिस मुश्तैद हैं. बताया जाता है कि गुरुवार की सुबह दर्जनों असंगठित मजदूर खाली ट्रक को वजन करवा रहे थे. तभी राज सिन्हा गुट के लोग भाजपा के बैनर तले पहुंचे और कांटाघर मे झंडा गाड़कर कार्य ठप कर दिया. इस गुट का नेतृत्व कर रहे पूर्व पार्षद मेनका सिंह का कहना था कि नई दिल्ली कालोनी व धनसार के लोग पानी के किल्लत व प्रदूषण से परेशान है. कुसुंडा महाप्रबंधक प्रणव दास से वार्ता के बाद भी लोगों को पानी की समस्या दूर नहीं कराया गया. इस क्षेत्र के लोग प्रदूषण से परेशान हैं. इसी को लेकर कांटाघर का कार्य प्रभावित किया जा रहा था. वहीं दूसरे गुट के जश्रसं नेता अमर सिंह का कहना है कि इस विश्वकर्मा परियोजना में लगभग छह सौ असंगठित ट्रक लोडिंग करते आ रहे हैं. इसी से इन मजदूरों का भरण पोषण होता है. वहीं गुड्डू सिंह यहां ट्रक लोडिंग के नाम पर प्रति ट्रक से प्रतिटन डेढ़ सौ की रंगदारी के रूप में वसूली की जाती है. जिसका विरोध इन असंगठित मजदूरों ने किया है. इस अवैध वसूली को किसी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा. इसका पूरजोर विरोध किया जाएगा. इसके लिए जश्रसं किसी भी हद तक जाने को तैयार है. इस बवाल के बीच कांटाघर का कार्य आठ घंटा प्रभावित रहा. जश्रसं की ओर से देशराज चौहान, पप्पू पासवान, राजेश मरांडी,सूरज मूर्मू, प्रेम गोप सहित अन्य थे.वहीं दूसरे गुट मे शिवशंकर सिंह नाथु चौधरी, किशु सिंह,सुनिल पासवान, अजय कुमार सहित अन्य थे. आठ घंटा तक दोनो गुटों के बीच तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। इस दौरान दोनों के बीच दो बार मारपीट हो गई ।लेकिन यहां बीसीसीएल प्रबंधन सुधि लेने नहीं पहुंचा ।जिसको लेकर दोनों पक्षों ने बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की ।प्रबंधन के इस रवैये से इन दोनो गुटों के अलावा धनसार पुलिस व सीआईएसएफ मे नाराजगी दिखी.

### गुड्डू पर जश्रसं नेता को जान से मारने की धमकी देने का आरोप, थाने में शिकायत

झरिया । बुधन मंडल हत्याकांड के आरोपी अमरेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह पर जश्रसं नेता सह बस्ताकोला मांझी बस्ती निवासी देशराज चौहान ने जान से मारने की धमकी देने की शिकायत गुरुवार की रात झरिया थाना में की है . शिकायत में कहा कि गुरुवार की दोपहर लगभग तीन बजे गुड्डू सिंह विश्वकर्मा परियोजना स्थित कांटाघर पहुंचा . उसने वहां मौजूद कर्मियों के सामने धमकी देने लगा . कहा कि देशराज को समझा लो नहीं तो बुधन की तरह वह भी मारा जाएगा . देशराज का कहना है कि पुलिस की नजर में फरार चले रहे गुड्डू सिंह खुलेआम क्षेत्र में घूम रहा है . वह अक्सर विश्वकर्मा में आता है . उसने बुधवार को धमकी दी है . यह वाक्या कांटाघर में मौजूद सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गया है . अगर कांटाघर में लगे फूटेज को खंगाला गया तो गुड्डू सिंह द्वारा धमकी देने की बात साफ दिखेगी . देशराज ने पुलिस को बताया कि अगर गुड्डू सिंह पर कारवाई नहीं किया गया तो उसपर व उसके परिवार पर कभी भी जानलेवा हमला कर सकता है . इधर जश्रसं नेता अमर सिंह ने पुलिसिया कारवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि जश्रसं के बुधन मंडल के हत्यारोपी द्वारा धमकी दिए जाने के बाद भी पुलिस ने कांटाघर का सीसीटीवी फुटेज नहीं खंगाला है .

> मामले की जानकारी नहीं है। आज दिन भर विधानसभा के सत्र में शामिल थे।
>
> **राज सिन्हा**
> **विधायक, धनबाद**

# हीरापुर के युवक की गोली मारकर हत्या

- कनपटी और पेट में मारी गई थी गोली
- पेटीएम जीओ में पहले करता था काम, जेसी मल्लिक रोड में राशन की दुकान
- अमन के जींस की जेब से गांजा व गोली बरामद
- जिला परिषद में खड़ी थी बाइक



संवाददाता। धनबाद

बरवाअड्डा थाना अंतर्गत बड़ापीछड़ी सीमा दामकड़ाबरवा में समीप एक 35 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी. देर शाम मृतक की शिनाख्त हुई. वो धनबाद थाना क्षेत्र के हीरापुर आदर्श नगर का रहने वाला था. पूर्व में पेटीएम जीओ में कार्यरत था, उसकी जेसी मल्लिक रोड में राशन दुकान भी है. परिजनों के मुताबिक वो बुधवार की शाम सात बजे घर से निकला था. रात के दस बजे से उसका फोन नेटवर्क एरिया से बाहर बताने लगा था. अमन के छोटे भाई सुमित साव ने बताया कि रात 11 बजे रात को रोहित कुमार ने सूचना दी कि जिला परिषद मैदान में है. इसके बाद रोहित बाइक को लेकर आया और मिस्टीहाइट अपार्टमेंट में लगा दिया. उसने भी बताया कि अमन का फोन नहीं लग रहा है.

इधर गुरुवार की सुबह ग्रामीणों ने शव देखकर मामले की सूचना बरवाअड्डा पुलिस को दी. अमन को दो गोली मारी गई थी. एक गोली कनपट्टी और दूसरी पेट में मारी गई है। मौके पर पुलिस पहुंच कर शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया. मौके पर पहुंचे डीएसपी हेडक्वार्टर वन शंकर कामती और इंस्पेक्टर सरस्वती मिंज पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू की गई है. पुलिस को शव के समीप से दो 7.62 बोर का खोखा बरामद किया गया है. पुलिस ने मृतक के जींस के दाहिने पैकट से मारूति वाहन की चाबी, लगभग 25 ग्राम गांजा की पुड़िया तथा जींस के छोटा पैकेट से एक 7.62 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है. अमन के गले में सोने का चेन व शरीर पर पूमा कंपनी का काला रंग का इनर जैकेट, जूता तथा नीला रंग का जींस, काला टोपी पहना हुआ था. उसके पास से मोबाइल फोन और पर्स गायब था. पुलिस टीम गठित कर प्रारंभिक अनुसंधान में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है. पुलिस सूत्रों का मानना है कि अमन को किसी जान परिचय वाले व्यक्तियों ने ही यहां लाकर गोली मार दी और फिर यहां से फरार हो गया.

**दो दोस्तों से हो रही पूछताछ**

पुलिस अमन कुमार साव के दोस्त रोहित रवानी और आनंद यादव से पुछताछ के लिए थाना बुला रही है। वहीं पुलिस अमन का काल डिटेल खंगाल रही है । अमन का कुछ दिन पूर्व कतरास मोड़ दुख :हरणी के समीप झंझट होने की बात सामने आ रही है ।

# जामताड़ा का साइबर अपराधी धनबाद से गिरफ्तार

संवाददाता। धनबाद



साइबर थाना की पुलिस ने एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है. आरोपी की गिरफ्तारी धनबाद के डीजीएमएस कॉलोनी से हुई है. आरोपी जामताड़ा जिला का रहने वाला है. साइबर थाना के पुलिस इंस्पेक्टर अक्षय कुमार राम ने मामले की जानकारी गुरुवार को प्रेस वार्ता के दौरान दी . उन्होंने बताया कि साइबर ठगी से जुड़ा एक नंबर जोकि प्रतिबिंब पोर्टल पर दर्ज था जिसका लोकेशन धनबाद डीजीएमएस कॉलोनी बताया जा रहा था. लोकेशन के आधार छापामारी दल वहां पहुंची. जहाँ मधुकर शर्मा नामक व्यक्ति के मकान के पास से साइबर अपराधी रुपेश कुमार महतो को गिरफ्तार किया गया. आरोपी से पूछताछ में यह सामने आया कि लोगों के मोबाईल रिचार्ज करने वालों के अकॉउंट से साइबर ठगी कर पैसा उड़ा लेता था . साथ ही बैंक व अन्य कम्पनियो का सर्विस प्रदाता बताते हुए भी लोगों को चूना लगा रहा था. अपराधी के पास से मोबाईल फोन, सिम कार्ड और प्रतिबिंब पॉटेड सिम बरामद किया गया है.

## धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित

# किसान धान का विक्रय पैक्स से ही करें : डीसी

**खास बातें**

- 15 दिसंबर से धान भंडारण का कार्य होगा प्रारंभ
- धनबाद जिला में कुल 16 धान भंडारण केंद्र बनाए गए

संवाददाता। धनबाद

खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले, झारखंड सरकार के निर्देशानुसार खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में 15 दिसम्बर से धान की खरीद का कार्य प्रारंभ होना है. धान के भंडारण की सभी प्रारंभिक तैयारियाँ यथा अधिप्राप्ति केन्द्रों का चयन, राईस मिलरों का चयन, अधिप्राप्ति केन्द्रों पर आवश्यक उपकरणों का अधिष्ठापन, अधिप्राप्ति केन्द्रों पर मानव बलों की प्रतिनियुक्ति आदि किया जा चुका है. इस वर्ष किसानों से क्रय किये जाने वाले धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य रूपये 2,300/- प्रति क्विंटल की दर एवं बोनस रूपये 100/- प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाना है. समाचार पत्र एवं अन्य माध्यमों से कतिपय किसानों द्वारा बिचौलियों के माध्यम से खुले बाजार में न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम मूल्य पर औने-पौने दाम पर धान बिक्री की सूचना प्राप्त हो रही है.



उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने किसानों के बीच 15 दिसम्बर से प्रारंभ होने वाले धान अधिप्राप्ति योजना तथा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा घोषित बोनस की जानकारी एवं जागरूकता लाने के उद्देश्य से जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारी, कृषक मित्र एवं जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी के माध्यम से किसानों के बीच जागरूकता लाने के लिए निर्देशित किया है. उपायुक्त ने बताया कि धनबाद जिला में विभिन्न पैक्स के माध्यम से धान क्रय किया जा रहा है, जिसको लेकर अलग-अलग प्रखंडों में कुल 16 धान भंडारण केंद्र बनाए गए हैं. उन्होंने सभी किसानों से अपील करते हुए कहा है कि वह अपने धान की बिक्री संबंधित धान अधिप्राप्ति केंद्र में ही करें. उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि किसानों के बीच प्रचार प्रसार करके यह सुनिश्चित करें कि जिले के किसान अपना धान बिचौलियो के माध्यम से अथवा खुले बाजार में न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम मूल्य पर या औने-पौने दाम पर धान की बिक्री नहीं करें तथा 15 दिसम्बर से प्रारंभ होने वाले धान अधिप्राप्ति योजना का लाभ उठा सके.

# भागाबांध बस्ती में बीसीसीएल कर्मी के घर 5 लाख की चोरी

- जेवर व 27 हजार नगदी पर चोरों ने किया हाथ साफ

संवाददाता। पुटकी

भागाबांध ओपी अंतर्गत भागाबांध बस्ती निवासी बीसीसीएल कर्मी मो. साबिर शेख के बंद आवास का ताला तोड़कर 5 लाख के जेवरात एवं 27 हजार नगदी लेकर फरार हो गए. मो साबिर चांदमारी कोलियरी में पंप ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है. घटना के संबंध में भुक्तभोगी मो साबिर शेख ने बताया कि वह सपरिवार सोमवार की सुबह बड़ा अम्बोना स्थित ससुराल चला गया था. गुरुवार की सुबह जब वे घर पर पंहुचे तो मुख्य दरवाज़ा का ताला खोल कर अंदर प्रवेश करने पर देखा कि सभी रूम का ताला टुटा हुआ था, सभी सामान बिखरे पड़े थे.



स्वर्ण आभूषण के डब्बे खाली पड़े हुए थे. लगभग पांच लाख के गहने थे और नगद 27 हज़ार रूपये नगद के साथ ही बीसीसीएल से मिले चांदी का मेडल चोर चुरा ले गए. चोरी गए सामानों मे सोने का हार, सोने की कान बाली, दो जोड़ा,चांदी का दो छल्ला, पायल 4 जोड़ी, नथुनी, झुमका एक जोड़ा, चांदी का हार,चांदी का बाला,सोने का झुमका दो जोड़ा, एवं अन्य सामान, एवं दस्तावेज़ शामिल है. घटना को अंजाम देने के पश्चात चोर भागते समय अपना ग्लब्स,चूड़ी,पेचकस छोड़ गए. भुक्त भोगी मो साबीर ने घटना की सूचना पुलिस को दी है, वहीं पुलिस मौके पर पहुंचे छानबीन में जुट गई है.

## ब्रीफ खबरें

### ट्रेन से कटकर अज्ञात की मौत

**तेतुलमारी।** धनबाद-गोमो रेल मार्ग के सतीटांड बस्ती के समीप गुरुवार को ट्रेन की चपेट में आने से 35 वर्षीय व्यक्ति की कटकर मौत हो गई. मृतक की पहचान नहीं हो सकी. ईस्ट बसुरिया पुलिस ने शव को कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया.

### सफाई कर्मी आठवें दिन भी हड़ताल पर रहे

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद के 56 सफाई कर्मी मानदेय भुगतान की मांग को लेकर गुरूवार को आठवें दिन भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहे. नगर परिषद के अधिकारी की अपील के बाद गुरूवार को नगर परिषद कार्यालय में सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन की मौजुदगी में सफाई कर्मियों की वार्ता हुई. जिसमें सफाई कर्मियों ने कहा कि उनलोगों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है. इसलिए नवंबर माह के बकाया मानदेय का भुगतान पहले किया जाए. जहां तक सफाई कार्य शुरू करने की बात है तो अन्य सफाई कर्मियों से बातचीत कर हमलोग निर्णय लेंगे.सफाई कर्मियों से सिटी मैनेजर ने कहा कि वित्तीय हालत अभी ठीक नहीं रहने के कारण मानदेय भुगतान करने में परेशानी हो रही है. आपलोग काम पर लौटें वित्तीय स्थिति में सुधार आते ही एक सप्ताह में नवंबर माह के बकाया मानदेय का भुगतान कर दिया जाएगा.

### अवैध महुआ शराब के खिलाफ चला अभियान

**झरिया।** झरिया थाना क्षेत्र के नई दुनिया में गुरुवार कि सुबह झरिया पुलिस द्वारा अवैध महुआ शराब के खिलाफ अभियान चलाया गया. इस दौरान झरिया पुलिस दल- बल के साथ सुबह-सुबह नई दुनिया पहुंची और अवैध महुआ शराब की भठ्ठियों पर धावा बोल दिया. इस दौरान भारी मात्रा महुआ शराब को जमीन में गिरा दिया गया या फिनाइल डालकर नष्ट किया गया. साथ ही साथ महुआ शराब बनाने वाली भठ्ठियों को ध्वस्त किया गया. छापेमारी की सूचना मिलते ही अवैध महुआ शराब तस्कर मौके से फरार हो गए.

### केंदुआडीह में बैंक आफ बड़ौदा का उद्घाटन

**केंदुआ।** बैंक ऑफ़ बड़ौदा, जमशेदपुर क्षेत्र की 66वीं शाखा केंदुआडीह शाखा का उद्घाटन, जेएस महापात्रा महाप्रबंधक, पी बी एरिया, बीसीसीएल ने किया. कहा कि यह शाखा हमारे स्थानीय ग्राहकों को हर प्रकार की सुविधाओं एवं सेवाओं को प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित की गई है. यह बैंक ऑफ बड़ौदा की धनबाद जिला की 10वीं शाखा है. बैंक द्वारा अरमान आलम अंसारी को शाखा प्रबंधक के रूप में नियुक्त किया गया है. इस उपलक्ष्य में जमशेदपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख मनीष प्रकाश सिन्हा, रविन्द्र कुमार अन्य कार्यपालकगण तथा स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे.

### आरपीएफ को मिला स्निफर ब्रूनो व ट्रैकर डेजी

**धनबाद।** धनबाद व आसपास के स्टेशनों की सुरक्षा के लिए स्निफर ब्रूनो व डेजी डॉग धनबाद आरपीएफ को मिला है. इसमें ब्रूनो को ट्रेनों में विस्फोटक की पहचान कर उसे खोजना है जबकि यात्रियों या फिर रेलवे की संपत्ति की चोरी करने वालों को पकड़ने की जिम्मेवारी डेजी को दी गयी है. ये दोनों आरपीएफ के डॉग हैं. स्निफर ब्रूनो मेल है, जबकि ट्रेकर डेजी फिमेल है. पहली बार धनबाद आरपीएफ को फिमेल डॉग मिला है.

## लोदना कोलियरी हाई स्कूल स्थानांतरण पर विरोध

- 1200 से अधिक छात्र-छात्राएं करते पढ़ाई

संवाददाता। धनबाद



जिले के बीसीसीएल (भारत कोकिंग कोल लिमिटेड) एरिया 10 अंतर्गत स्थित लोदना कोलियरी हाई स्कूल के स्थानांतरण को लेकर स्थानीय लोगों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया. बीसीसीएल के अधिकारी गुरुवार को स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे थे, लेकिन स्थानीय लोगों के कड़े विरोध के कारण उन्हें उलटे पांव लौटना पड़ा. लोदना कोलियरी हाई स्कूल में 1200 से अधिक छात्र-छात्राएं पढ़ाई करते हैं. यह स्कूल इलाके की शिक्षा का प्रमुख केंद्र है और इसके आसपास के करीब 10 हजार परिवारों का इस पर निर्भर रहना स्पष्ट करता है कि स्कूल का स्थानांतरण इलाके की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है. स्थानीय निवासियों ने बीसीसीएल प्रबंधन पर स्कूल के पास हुए भू-धंसान स्थल की भराई में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है. उनका कहना है कि प्रबंधन ने समस्या को गंभीरता से नहीं लिया, जिसके कारण स्कूल और उसके आसपास के क्षेत्र में खतरा बना हुआ है. वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि बीसीसीएल प्रबंधन आउटसोर्सिंग कार्य को बढ़ाने के उद्देश्य से स्कूल को स्थानांतरित करने की योजना बना रहा है. यह कदम स्थानीय समुदाय की भावनाओं और जरूरतों के खिलाफ है. स्कूल का स्थानांतरण न केवल बच्चों की पढ़ाई पर प्रभाव डालेगा बल्कि क्षेत्र के सामाजिक और शैक्षिक संतुलन को भी नुकसान पहुंचाएगा. स्थानीय लोगों ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि वे किसी भी हालात में स्कूल का स्थानांतरण नहीं होने देंगे. उनका कहना है कि बीसीसीएल को अपनी प्राथमिकताओं में स्थानीय समुदाय और उनकी जरूरतों को ध्यान में रखना चाहिए. प्रदर्शनकारियों ने जिला प्रशासन और बीसीसीएल प्रबंधन से अपील की है कि वे स्कूल को स्थानांतरित करने की बजाय भू-धंसान की समस्या का स्थायी समाधान करें और बच्चों की शिक्षा के अधिकार को सुरक्षित रखें. फिलहाल यह मुद्दा क्षेत्रीय विकास और शिक्षा के अधिकार के लिए एक महत्वपूर्ण उदाहरण बन गया है. स्थानीय निवासियों की मांग है कि सरकार इस मामले में हस्तक्षेप करे और इस क्षेत्र की शिक्षा प्रणाली को संरक्षित रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए.

### रास्ता का अतिक्रमण किये जाने पर डीसी सीओ से शिकायत

**महुदा।** तेलमोचो ग्राम पंचायत के अन्तर्गत कुंजी ग्राम वासियों ने उपायुक्त धनबाद एवं बाघमारा अंचल अधिकारी को लिखित शिकायत देकर गांव के ही एक परिवार द्वारा इदगाह एवं कब्रिस्तान जाने वाले एक मात्र रास्ते का अतिक्रमण कर लेने का आरोप लगाया है. आवेदन में बताया है कि बाहर से आकर बसे समसुद्दीन अंसारी, अब्दुल हुसैन अंसारी, सिराजुद्दीन अंसारी एवं अन्य लोगों ने फर्जी दस्तावेज बनाकर सरकारी जमीन को कब्जा कर अपना घर बना लिये हैं और ईदगाह जाने वाले रास्ते को भी कब्जा करके उसी स्थान पर बाथरूम बना दिये है. वे लोग घर एवं बाथरूम का पानी मुख्य मार्ग से मस्जिद की ओर बहा देते हैं, जिससे नमाजियों एवं आम राहगीर को आने जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है.

## 15 तक अतिक्रमण हटाएं, नहीं तो होगी कानूनी कार्रवाई : सीओ

संवाददाता। निरसा बाजार



निरसा एवं गोविंदपुर में आए दिन लग रहे जाम से परेशान हो रहे यात्रियों एवं आमलोगों को राहत दिलाने के लिए जिला प्रशासन की सक्रियता अब सामने आने लगी है. गुरुवार को एनएचएआई द्वारा निरसा में माइकिंग कर 15 दिसंबर तक एनएच-2 के सर्विस लेन एवं एनएचएआई की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा जमा कर दुकान लगाए लोगों को हटाने का निर्देश दिया गया है. यदि 15 दिसंबर तक अतिक्रमण नहीं जाता तो अतिक्रमणकारियों पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है. एनएचएआई के द्वारा माइकिंग कर चेतावनी दिए जाने के बाद एनएचएआई को अतिक्रमण किये लोगों में खलबली मची हुई है. क्या कहते हैं अंचलाधिकारी निरसा के अंचलाधिकारी रमेश रविदास ने कहा कि यदि 15 दिसंबर तक एनएचएआई के सर्विस लेन से अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है तो अतिक्रमण कार्यों पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी. यदि अतिक्रमणकारियों बात से नहीं माने तो बल प्रयोग कर अतिक्रमण हटाया जाएगा.

## छह लाख मुआवजा पर बनी बात, 22 घंटे बाद उठा शव

### हाइवा की चपेट में आने से हुई थी बाइक सवार युवक की मौत

संवाददाता। बरोरा



बरोरा थाना क्षेत्र में बुधवार की शाम को मुराईडीह निवासी हीरा बाउरी के पुत्र राजेन्द्र बाउरी का मंदरा फुलारीटांड़ सड़क कर्नल पब्लिक स्कूल के समीप हाइवा के चपेट में आने से सड़क दुर्घटना के मौत हो गई. जिसके के बाद स्थानीय ग्रामीण मुराईडीह ग्रामीण एवं परिजनों ने शव को रख कर मुआवजे की मांग को लेकर बैठ गए. कई बार मुआवजे की राशि को लेकर वार्ता विफल रहने के बावजूद बरोरा थाना प्रभारी जय प्रकाश के सूझ बूझ के कारण बिना विवाद के गुरुवार को बरोरा थाना प्रभारी के नेतृव में थाना परिसर में मृतक के परिजन, स्थानीय ग्रामीण एवं मुराईडीह के ग्रामीण के बीच समझौता बैठक की. जिसमें मृतक राजेन्द्र कुमार बाउरी की मां को आउटसोर्सिंग कम्पनी संजय उद्योग के तरफ से 4 लाख मुआवजा एवं बीसीसीएल कंपनी के तरफ से 2 लाख मुआवजा पर सहमति बनी एवं घायल को इलाज में हर सम्भव मदद किया जाएगा. मौके पर मंदरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शंकर बेलदार, मुराईडीह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मोहन महतो, पूर्व मुखिया संजय कुमार एवं युवा नेता संजय चौहान का समझौता में अहम योगदान रहा. जिन्होंने घटनास्थल में रहकर ग्रामीणों का शांत रखा एवं परिजनों को ढांढस बनाये रखा. मौके पर मुराईडीह के पूर्व पंचायत समिति सदस्य नवीन सिंह ने मानवता का परिचय देते हुए मृतक राजेन्द्र कुमार बाउरी की मां को पांच हजार रुपया देते हुए भविष्य में हर सम्भव मदद करने की बात कही. वार्ता में थाना प्रभारी जय प्रकाश कुमार, पुलिस अवर निरक्षक अविषेक तिवारी, मुराईडीह परियोजना पदाधिकारी काजल सरकार, प्रबंधक यशवंत सिंह राजपुर, संजय उद्योग प्रबंधक अजय दुबे, बचु राय, प्रदीप महतो, मंगल हेम्ब्रम, मोहन महतो, संजय कुमार, सुरेश साव, युवा नेता संजय चौहान, अमर बाउरी, शंकर बाउरी, प्रदीप पाल, सुधीर चौहान, अनिल चौहान, रामप्रवेश चौहान, मुकेश यादव, पिंटू यादव, लवकेश चौहान, संजय राम, धर्मचंद्र देसवाली, पूण यादव शामिल थे.

### 40 हजार लीटर फ्यूल ले जा रहा टैंकर नाले में गिरा

**झरिया।** बस्ताकोला राजापुर में संचालित देवप्रभा आउटसोर्सिंग कंपनी के लिए 40 हजार लीटर फ्यूल ले जा रहा टैंकर बस्ताकोला के घनी आबादी वाले क्षेत्र में सड़क किनारे एक नाले में गिर गया और पलटने से बाल-बाल बच गया. जिससे एक बड़ा हादसा टल गया. बताया जा रहा है कि बनारस से 40 हजार लीटर फ्यूल लेकर चला हिंदुस्तान पेट्रोलियएम का यह टैंकर देवप्रभा आउटसोर्सिंग कंपनी में जा रहा था. लेकिन सकरा रास्ता होने के कारण चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और टैंकर के बाएं साइड का चक्का सड़क किनारे बनी नाली में जा गिरा. टैंकर अगर पलट जाता और फ्यूल बहने के कारण किसी बड़े हादसा से इंकार नहीं किया जा सकता था. हालाकि घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे देवप्रभा आउटसोर्सिंग कंपनी के अधिकारी ने बताया कि कंपनी में बड़े वाहनों के आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग बने हुए हैं. शॉर्टकट के चक्कर में कुछ ड्राइवर घनी आबादी वाले क्षेत्र में प्रवेश कर जाते हैं. इस रास्ते पर आने के लिए उन्होंने टैंकर के चालक को फटकार भी लगाई. टैंकर चालक ने बताया कि उन्हें इस रास्ते पर जाने के लिए देवप्रभा कंपनी के मामा नामक व्यक्ति ने कहा था. वह इस तंग गली से अनजान था.फिलहाल इस दुर्घटना के बाद से इस मार्ग पर आवागमन बाधित है. क्रेन की मदद से टैंकर को नाली से बाहर निकाल लिया गया है.

## बाइक की डिक्की से 3 लाख की चोरी

- बेटी की शादी के लिए बैंक से निकाली थी रकम
- भुक्तभोगी बीसीसीएल कर्मी ने दोस्त पर जताई चोरी करने की आशंका

संवाददाता। मधुबन



सिनीडीह स्थित बिलबेरा एसबीआई शाखा के समीप खडी गजलीटांड़ निवासी सह बीसीसीएलकर्मी 45 वर्षीय प्राण भुइयां की मोटरसाइकिल जेएच10एक्यू 4899 की डिक्की से गुरुवार को अज्ञात चोर ने तीन लाख रुपये की चोरी कर ली. सूचना मिलते ही मधुबन पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई. पुलिसिया पूछताछ में कर्मी का दोस्त अशोक तिवारी ही घटना का मास्टमाइंड निकला. पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. इस संबंध में भुक्तभोगी प्राण भुइयां ने पुलिस को बताया कि फरवरी में होने जा रही बेटी की शादी के लिये बैंक से लोन लिया था. शादी खर्च के लिये आज दिन के बारह बजे अपने एक मित्र अशोक तिवारी के साथ बैंक पहुंचा था, जहां से तीन लाख रुपया निकाल कर शाखा के अंदर अपने जैकेट में रख लिया था. बैंक से बाहर निकलते ही एक दुकान के बगल में खड़ी अपनी स्पलेंडर मोटरसाइकिल की डिक्की खोलकर सारी रकम रखकर अच्छी तरह से डिक्की को बंद कर कुछ कदम की दूरी पर स्थित चाय दुकान पर चाय पीने लगा. चाय दुकान और बाइक के बीच मे ईंट का ढेर लगा हुआ था, इसी की आड़ में चोर कुछ ही पल में बाइक की डिक्की से रकम निकाल कर फरार हो गया. भुक्तभोगी चाय पीकर जैसे ही अपनी बाइक के पास पहुंचा तो डिक्की खुला देखकर उसके होश उड़ गए. आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर कुछ भी पता नहीं चल पाया. भुक्तभोगी के रोने व चिल्लाने की आवाज सुनकर बैंक कर्मियों सहित आसपास के लोग जमा हो गए. बाद में सूचना पर पहुंची पुलिस ने भुक्तभोगी से आवश्यक पूछताछ एवं बैंक से रकम निकासी की पुष्टि के बाद शाखा के अंदर व बाहर में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच में जुट गई है. भुक्तभोगी प्राण भुइयां गोबिंदपुर क्षेत्र के आकाशकिनारी कोलियरी में पम्प खलासी के पद पर कार्यरत बताया जा रहा है. इधर भुक्तभोगी कर्मी से पूछताछ के बाद पैसे की बरामद के लिए निशानदेही पर छापेमारी कर रही है. जबकि दूसरी तरफ भुक्तभोगी कर्मी ने बताया कि पैसे की बरामद होने के बाद अपने बेटी की शादी करनी है. बरामद के बाद अपने दोस्त के विरुद्ध लिखित शिकायत नहीं करेंगे. इस संबंध में मधुबन पुलिस ने बताया कि मामले में मिली सूचना के आधार पर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है. भुक्तभोगी अभी तक लिखित शिकायत नहीं किया है.

## लकड़बग्घा ने चार आदिवासियों को काट कर किया घायल

संवाददाता। गोमो



तोपचांची थाना क्षेत्र के अंतर्गत मतारी रेलवे स्टेशन के बगल स्थित आदिवासियों का गांव पाकेर बेड़ा में पिछले दो दिन से लकड़बघे के आतंक से ग्रामीण परेशान हैं. लकड़बग्घा ने हमला कर लगभग आधा दर्जन लोगों को काटकर घायल कर दिया है. वहीं वन विभाग के पदाधिकारी रेंजर को सूचना देने के बाद भी संज्ञान में नहीं लिया है. जिससे ग्रामीणों में रोष है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि पिछले कई दिनों से लकड़बग्घा जंगल से निकल कर पॉकेट बेड़ा बस्ती में घुस आ रहा है और घरों में घुसकर एकाएक लोगों पर हमला कर दे रहा है. लगभग आधा दर्जन लोग को काटकर घायल कर दिया है. घायल व्यक्तियों में सरवन कुमार हांसदा (17), संतोष कुमार हांसदा (27), सोमारी कुमारी, राजकुमारी सहित कई लोग शामिल हैं. सभी घायल इलाजरत हैं. पंचायत समिति के सदस्य बाल किशुन रजवार ने बताया कि पिछले कई दिनों से लकड़बग्घा के आतंक से लोग परेशान हैं. शाम के समय वह घरों में आकर एकाएक घुस कर हमला बोल दे रहा है. लकड़बग्घे ने लोगों को हाथ, पैर, कंधा में काट कर घायल कर दिया. उन्होंने बताया कि लकडबग्घा संख्या एक से अधिक हैं. अचानक घरों में घुस जा रहा है और हमला कर दे रहा है. उन्होंने कहा कि दूरभाष पर रेंजर सूचना दी गई है लेकिन रेंजर ने संज्ञान नहीं लिया, जिससे ग्रामीणों में रोष है. इधर वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार फॉरेस्ट गार्ड को पड़ताल के लिए पाकेर बेड़ा गांव भेजा गया है.

### कतरास क्लब में सीएमडब्लूयू का सम्मेलन 20 दिसंबर को

**कतरास।** सिजुआ कोल माइंस वर्कर्स यूनियन (सीएमडब्लूयू) की केंद्रीय कमेटी की सम्मेलन 20 दिसंबर को सिजुआ स्थित कतरास क्लब में होना है. इस सम्मेलन में यूनियन के वरीय पदाधिकारी उपस्थित होकर कोयला उद्योग के श्रमिकों की मूलभूत समस्याओं पर मंथन करेंगे. यूनियन के विस्तारीकरण सहित अन्य विषयों पर बिचार बिमर्स किया जाएगा. यूनियन के बीसीसीएल जोनल सचिव भोला सिंह ने बताया कि सम्मेलन में विशेष रूप से एआईसीसीटीयू की होने वाली राष्ट्रीय सम्मेलन को सफल बनाने के लिये सीएमडब्लूयू की भूमिका अधिक होने पर चर्चा किया जाएगा. इस सम्मेलन में विशेष रूप से उपेंद्र सिंह, बैजनाथ मिस्त्री, वालेश्वर गोप, रघुवीर राय, वालदेव वर्मा, कृष्णा सिंह, जगदीश शर्मा आदि उपस्थित होंगे.

## पहाड़ी गोड़ा में दो अवैध मुहानों को कराया बंद

संवाददाता। झरिया



पहाड़ी गोड़ा काली मंदिर के समीप अलकडीहा पुलिस, सीआईएसएफ और बीसीसीएल प्रबंधक के द्वारा गुरुवार की दोपहर में छापामारी की गई. इस दौरान एक एसकानिया कोयला जप्त किया गया. जप्त कोयला को 9 नम्बर साइडिंग में गिरा दिया गया. साथ ही दो अवैध मुहांने की डोजरिंग हुआ. छापामारी होते ही कोयले के धंधे में लगे लोग भाग निकले. इधर पुलिस छानबीन में जुट गई है. अलकडीहा पुलिस का कहना है कि किसके द्वारा कोयले का अवैध उत्खनन कर भंडारण किया जा रहा था, उसकी जानकारी ली जा रही है. उनके विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी. फिलहाल इतनी बड़ी मात्रा में कोयला पाए जाने से यह खुलासा हो चुका है कि क्षेत्र में कोयल चोरी धड़ले से हो रही है. बताते हैं कि पहाड़ी गोडा स्थित आसपास जंगल के समीप अवैध उत्खनन जोरों से चल रहा है. झाड़ियों में कोयला को छुपा कर रखा जाता है. कोयले को रात में ट्रक के माध्यम से बाहर भेजा जाता है.

### मुखिया प्रतिनिधि ने शिक्षण किट का किया वितरण

**मधुबन।** बाघमारा प्रखण्ड अंतर्गत मध्य विद्यालय नवागढ़ के प्रांगण में एक समारोह का आयोजन किया गया. जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक भृगु राम पाण्डेय ने किया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फुलारीटांड पंचायत के पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि दिलीप कुमार विश्वकर्मा एवं विशिष्ट अतिथि विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष बबली देवी के द्वारा शिक्षा विभाग द्वारा उपलव्ध कराये गये बैग, नोटबुक का वितरण किया गया. साथ ही प्रत्येक शिक्षकों के बीच डायरी का वितरण किया गया. समारोह का संचालन सहायक शिक्षक माणिक चन्द्र दास ने किया. इस अवसर पर शिक्षक गोपाल रविदास, दुखहरण पंडित, बिपुल कुमार, अम्बुज कुमार महतो, गुलाम मुर्तज, मधु अम्बास्ता, शुभम कुमार सिंह ने समारोह को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई.

## दामोदर नदी में मिला चासनाला के युवक का शव

संवाददाता। झरिया



**झरिया।** भोजूडीह थाना क्षेत्र के दामोदर नदी श्मशान घाट के किनारे एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई. शव का शिनाख्त पाथरडीह थाना क्षेत्र के चासनाला मोड़ निवासी सत्यदेव प्रसाद उर्फ नीलू के 19 वर्षीय पुत्र आदित्य कश्यप के रूप में हुई. परिजनों ने बताया कि सात दिसंबर को अहले सुबह बिना घर में बताए निकला था, शाम को घर नहीं लौटने पर अपने स्तर से काफी खोजबीन की. आदित्य जो मोबाईल लेकर घर से निकला था, वो स्विच ऑफ बता रहा था. कोई पता नहीं चलने पर परिजन ने 8 दिसंबर को पाथरडीह थाना में लापता होने की शिकायत किया था. वहीं बताते चले कि आज सुबह गुरुवार को भोजुडीह दामोदर नदी श्मशान तट पर शव एक झाड़ी में फंसा देखते ही ग्रामीणों ने इसकी सूचना भोजूडीह पुलिस को दी. शव मिलने की सूचना पर आदित्य के परिजन भी भोजुडीह पहुंचे. जहां शव की पहचान आदित्य के रूप में की. वहीं सूचना पर भोजूडीह पुलिस घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे में ले पोस्मार्टम के लिए चास बोकारो सदर भेज दिया. पोस्टमार्टम होने के बाद देर शाम शव चासनला पहुंचा.

### ढुल्लू ने संसद का ध्यान जनजातीय अधिकारों की तरफ आकर्षित कराया

## लघु उद्योगों तक जनजातीय की पहुंच बनाएं : सांसद

संवाददाता। धनबाद



भाजपा सांसद ढुलू महतो ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान क्षेत्रीय विकास और जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए. उन्होंने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग की पहुंच को जनजातीय तक बढ़ाने के उपायों पर सवाल किए. जिससे सरकार ने स्पष्ट किया कि 54.78 लाख से अधिक एमएसएमई को उधम पोर्टल पर पंजीकृत किया गया है, जो आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत संचालित हो रहे हैं. सांसद ने जनजातीय अधिकारों, शिक्षा, और स्वास्थ्य सेवाओं के विकास पर भी सरकार से संवाद किया. सरकार ने बताया कि झारखंड समेत पूरे देश में जनजातीय समुदायों के लिए वन अधिकार अधिनियम 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत ₹अबुआ वीर दशोम अभियान₹ और ₹धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान जैसी पहलें शुरू की गई हैं. इसके तहत, शिक्षा के लिए 715 आवासीय विद्यालय और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 616 मोबाइल चिकित्सा इकाइयां स्थापित की जा चुकी हैं. **इस्पात मंत्रालय की परामर्श समिति की बैठक उठाए धनबाद में उद्योग लगाने का मुद्दा :** सांसद ढुलू महतो ने गुरुवार को इस्पात मंत्रालय की परामर्श समिति की बैठक में भाग लिया. बैठक में भारतीय इस्पात क्षेत्र में हरित इस्पात संक्रमण की रणनीति और इसके पर्यावरणीय लाभों पर विस्तार से चर्चा हुई. बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय इस्पात मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने की. इस चर्चा के केंद्र में भारत के इस्पात उद्योग को पर्यावरण-अनुकूल बनाने और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी लाने की योजना रही. ढुल्लू महतो ने अपने विचार रखते हुए कहा, ₹भारतीय इस्पात क्षेत्र के हरित संक्रमण का उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण है, बल्कि यह हमारे उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूती देगा. धनबाद जैसे औद्योगिक क्षेत्रों को इस दिशा में लाभ मिलेगा, जिससे रोजगार और पर्यावरण संतुलन सुनिश्चित किया जा सकेगा. बैठक में ग्रीन स्टील प्रौद्योगिकी, पुनर्नवीनीकरण सामग्री के उपयोग और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के उपायों पर भी चर्चा हुई. सांसद महतो ने इस्पात उद्योग में रोजगार सृजन और स्थायी विकास के पहलुओं पर जोर दिया.

## डीएवी बरोरा के छात्र को महाप्रबंधक ने किया सम्मानित



संवाददाता। बरोरा

डीएवी पब्लिक स्कूल बरोरा में गुरुवार को प्रार्थना सभा में बरोरा क्षेत्र के महाप्रबंधक पीयूष किशोर ने डीएवी कॉलेज प्रबंधन कर्त्री समिति नई दिल्ली द्वारा आयोजित डीएवी नेशनल खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता बच्चे को पुरस्कृत किया. मौके पर विद्यालय के प्राचार्य ने जीएम राकेश पीयूष किशोर को पुपगुच्छ देकर सम्मानित किया. विजेता बच्चों में शिवकुमार महतो कक्षा नवमी ने रजत पदक व शुभम कुमार मंडल कक्षा आठवीं ने रजत पदक तथा मेहक कुमारी कक्षा आठवीं ने फुटबॉल प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त की. वहीं आर्यन कुमार कक्षा द्वादश ने भारतीय स्तर पर पुणे ओपन नेशनल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया. इस अवसर पर पाठ्यक्रम सहगामी कार्य के अंतर्गत कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया. महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा कि छात्रों में दृढ़ शिक्षा शक्ति की आवश्यकता है, दृढ़ इच्छा शक्ति से कोई भी कार्य आसान होता है चाहे वह शैक्षणिक क्षेत्र में हो या खेलकूद.

▼ ब्रीफ खबरें

## रैबीज बीमारी से गुलाम अंसारी की मौत

**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड के बगियारी निवासी 55 वर्षीय गुलाम अंसारी की मौत 10 दिसंबर की रात रैबीज की बीमारी होने की खबर से परिजनों एवं ग्रामीणों में दहशत का माहौल है. गुरुवार को कसमार सीएचसी में मृतक के 18 परिजनों को एंटी रैबीज की सूई दी गयी. मालूम हो कि बगियारी निवासी गुलाम अंसारी को डेढ़ माह पूर्व एक पागल कुत्ते ने काट लिया था. पागल कुत्ते के काटने के बाद उसने एंटी रैबीज की इंजेक्शन नहीं लगवाई. नतीजन उसकी तबियत धीरे-धीरे बिगड़ने लगी. 10 दिसंबर की सुबह जब गुलाम की तवियत ज्यादा बिगड़ने लगी तो परिजनों ने इसकी सूचना झामुमो नेता शेरे आलम को दी. बगियारी के वार्ड सदस्य इरफान आलम उर्फ बबलू एवं गर्री के वार्ड सदस्य तनवीर आलम के सहयोग से झामुमो नेता शेरे आलम ने मरीज गुलाम अंसारी को रिम्स में भर्ती किया, लेकिन तब तक रैबीज की बीमारी इतनी फैल गयी थी कि मरीज गुलाम ने उसी रात रिम्स में दम तोड़ दिया.

## जीजीएसएएसईटी कैंपस की छात्रा स्नेहा रतन आई प्रथम

**बोकारो।** गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसायटीज टेक्निकल कैंपस, इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कॉलेज, बोकारो की छात्रा स्नेहा रतन (बीबीए) ने जिला स्तरीय युवा उत्सव 2024-25 में कविता प्रतियोगिता में रु. 2000 का प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया तथा छात्र कृष्णा कुमार (ईईई) ने मोबाइल फोटोग्राफी में रु. 1500 का द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया. जबकि कंचन कुमारी (सीएससी) ने कहानी प्रतियोगिता में रु. 1000 का तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया. डा. दीपक, डा. ए. पी. बर्णवाल, कुमार ऋषभ ने विशेष योगदान दिया. कॉलेज निदेशक डॉ. प्रियदर्शी जरुहार ने छात्रों को बधाई दी और बताया कि कॉलेज अपने छात्रों को उच्च तकनीकी शिक्षा के अलावा उनके सर्वांगीण विकास के लिये कटिबद्ध है. संस्थान अध्यक्ष तरसेम सिंह व सचिव सुरेंद्र पाल सिंह ने छात्रों को बधाई व शुभकामनाएं दीं.

## मजदूर यूनियन ने ललमटिया फरक्का रेलवे लाइन पर दिया धरना

**ललमटिया।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को संथाल परगना औद्योगिक मजदूर संघ एमजीआर के बैनर तले मजदूर संघ से जुड़े समर्थकों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया. मजदूर संघ के सचिव सह एटक नेता रामजी साह के नेतृत्व में चलाया गया धरना प्रदर्शन ललमटिया फरक्का रेलवे लाइन पर ललमटिया केबिन के पास चलाया गया. यह धरना प्रदर्शन सात सूत्री मांगों को लेकर एनटीपीसी फरक्का प्रबंधन के खिलाफ चलाया गया था. सात सूत्री मांगो के समर्थन में तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन को लेकर जमकर नारेबाजी किया. धरना प्रदर्शन के दौरान मजदूर संघ के सचिव रामजी साह ने कहा कि एनटीपीसी प्रबंधन मजदूरों के अधिकार को देने में आनाकानी कर रही है. पूर्व में भी कई बार मांगों को लेकर आवाज उठाई गई थी लेकिन प्रबंधन द्वारा कोई भी ध्यान नहीं दिया गया. सात सूत्री मांगों में जनवरी 2024 से ठेका मजदूरों का एरियर भुगतान, नया वेतनमान लागू करने की मांग, पीएफ की राशि का जल्द भुगतान करने, सभी ठेका मजदूरों का पासबुक अपडेट करने सहित अन्य मांगें शामिल है. धरना प्रदर्शन में मजदूर संघ के सहायक सचिव सोनाराम मडैया, दिलीप हांसदा, पांचू किस्कू, लोहा सिंह किस्कू, रामका मुर्मू, चंदन मुर्मू, गुलाब मुर्मू, बेटाराम मरांडी, बिहारी मरांडी, मनोज टुडू, जितेंद्र मुर्मू सहित अन्य शामिल थे.

## सड़क दुर्घटना में घायल महिला की मौत

**हीरोडीह।** बाइक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल महिला की मौत बुधवार रात्रि में हो गई. घटना हीरोडीह थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव की है. बताया जाता है गरगडीहा का एक युवक अपनी बाइक लेकर हीरोडीह गया हुआ था. शाम को वह अपने घर वापस लौटने लगा तो बरवाडीह के पास सड़क पर बाइक का संतुलन बिगड़ गया तथा घर के बगल में बैठी नारायण राम की 65 वर्षीय पत्नी को उसने धक्का मार दिया. जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई. महिला के परिजनों ने उसे इलाज के लिए जमुआ स्वास्थ्य उपकेंद्र ले गए. लेकिन पीड़िता की गंभीर स्थिति देख डॉक्टर ने उसे इलाज के लिए बाहर ले जाने को कहा. गिरिडीह ले जाने के दौरान रास्ते में ही महिला ने अपना दम तोड़ दिया. इस हादसे को लेकर गांव में मातम छाया हुआ है.

# क्लैट-यूजी 2025 में डीपीएस के छह विद्यार्थियों ने मारी बाजी

संवाददाता। बोकारो



देश के विधि विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों के संघ (एनएलयू कंसोर्टियम) की ओर से आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट) 2025 में डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने सफलता पाई है. 12वीं की होनहार छात्रा आद्या मिश्रा समेत छह छात्र-छात्राओं ने क्लैट के अंडरग्रैजुएट (यूजी) प्रोग्राम में नामांकन को लेकर हुई परीक्षा में बाजी मारी. आद्या ने आल इंडिया रैंक (एआईआर) 390 पाकर पूरे विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया है. उसे कुल 90.50 अंक प्राप्त हुए हैं. दूसरे स्थान पर छात्र प्रांजल रहा, जिसे अखिल भारतीय स्तर पर 978वीं रैंक मिली है. इसके अलावा, विद्यालय की छात्रा अतुल्य त्रिश्री ने एआईआर 2551, अरफा ने ओबीसी रैंक 1509 (एआईआर 7700), त्रिशा ने ओबीसी रैंक 1987 (एआईआर 12709) तथा आयुष कुमार ने भी एआईआर 4350 के साथ सफलता अर्जित की है. विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.

**जरूरतमंदों को सही न्याय दिलाना है सपना : आद्या**

क्लैट-यूजी 2025 में एआईआर 390 पाने वाली डीपीएस बोकारो की मेधावी छात्रा आद्या मिश्रा की दिली ख्वाहिश आगे चलकर न्यायाधीश (जज) बनने की है. उसने 10वीं के बाद अपने परिजनों की प्रेरणा से विधि-क्षेत्र में आने की ठानी और अब क्लैट में सफलता के साथ इस दिशा में अपने कदम आगे बढ़ा दिए हैं. गुरुवार को एक बातचीत में आद्या ने कहा कि देश में आज अनगिनत लोग सही समय पर सही न्याय मिलने से वंचित रह जाते हैं. ऐसे लोगों को सही न्याय दिलाना उसका सपना रहा है.

उसने कहा कि ईमानदारी के साथ अगर न्याय मिले, तो देश में वास्तव में एक बड़ा बदलाव लाया जा सकता है. व्यवसायी अभिषेक मिश्रा एवं लेखिका श्वेता की सुपुत्री आद्या पढ़ाई के साथ-साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी काफी बढ़-चढ़कर भाग लेती रही है.

## देनिन का दोहरा मापदंड: गरीबों पर सख्ती, रसूखदारों को छूट

**देवघर।** देवघर नगर निगम की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं. गरीब और मजबूर लोगों से हर्जाने के साथ एक-एक पैसा वसूलने वाला नगर निगम बड़े-बड़े रसूखदारों और संस्थानों के प्रति नरमी बरत रहा है. जहां आम नागरिकों को होल्डिंग टैक्स और अन्य करों के नाम पर दंडित किया जाता है, वहीं प्रभावशाली लोग नियमों का खुलेआम उल्लंघन कर रहे हैं. बाबा बैद्यनाथ मंदिर के पास स्थित मारवाड़ी कांवर संघ इसका सबसे बड़ा उदाहरण है. इस संस्थान ने नगर निगम की नाक के नीचे सार्वजनिक सड़क पर स्थायी अतिक्रमण करते हुए अपने धर्मशाला के लिए बैरिकेडिंग कर रखी है. यह अतिक्रमण न केवल भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में आवागमन बाधित कर रहा है, बल्कि आम जनता के लिए परेशानी का सबब बन गया है. आश्चर्यजनक बात यह है कि नगर निगम, जो आम लोगों के मामूली अतिक्रमण पर तुरंत कार्रवाई करता है, इस मामले में आंखें मूंदे बैठा है.

## स्टील फैक्ट्री में मजदूर की मौत

**गिरिडीह।** औद्योगिक क्षेत्र के गिरिडीह-धनबाद रोड में स्वाति स्टील फैक्टरी में कन्वेयर बेल्ट में फंस कर एक मजदूर के बुरी तरह झुलसने से मौत हो गयी. घटना के बाद में फैक्टरी के लोगों के जरिये मृतक के शव को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे और बोलेरो से शव को छोड़कर फरार हो गए. इस बाबत मृतक के पड़ोसी अनिल राम ने बताया कि मृतक रंजन राम स्वाति फैक्टरी में मशीन ऑपरेटर के रूप में काम करता था. गुरुवार की सुबह उसके मौत की जानकारी मिली. इसके बाद वे सदर अस्पताल पहुंचे और शव को खोजने लगे. बाद में उन्हें पता चला कि फैक्टरी के लोग मृतक के शव को वाहन में ही छोड़कर फरार हो गए. वहीं, मजदूर मोर्चा के सचिव कन्हाई पांडेय और माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा कि गिरिडीह के ज्यादातर फैक्टरियों में मजदूरों के सुरक्षा के लिए कोई व्यवस्था नहीं किए गए हैं. इस कारण आए दिन ऐसी घटनाएं हो रही है. फैक्टरी संचालक को चाहिए कि जो भी सरकारी मुआवजा है उसका न सिर्फ तुरंत भुगतान होना चाहिए. साथ ही मजदूरों के सुरक्षा को लेकर हर फैक्टरी में जांच होनी चाहिये . नगर थाना प्रभारी ने बताया कि फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है.

## सरकारी स्कूलों के बच्चों में बैग का वितरण




**जमुआ (गिरिडीह)।** जमुआ प्रखंड के तारा पंचायत के विभिन्न प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में गुरुवार को स्कूली बच्चों के बीच बैग, पेंसिल और इंस्ट्रूमेंट बॉक्स का वितरण किया गया. मध्य विद्यालय मुरखारी में बैग, पेंसिल, रबर, इंस्ट्रूमेंट बॉक्स, कलम, चौक का वितरण किया गया. मौके पर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि लक्ष्मण महतो, पंसस मनोज पंडा, उप मुखिया अंबिका पंडा, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जयनारायण सिंह, उपाध्यक्ष राजकुमार पंडा के अलावा सुधीर पंडा, सचिव अरविंद कुमार मौजूद थे. उत्क्रमित मध्य विद्यालय गांधी चौक तारा में प्रधानाध्यापक मुरलीधर महतो, शिक्षक बैजनाथ मंडल, सहायक शिक्षक कृष्णमूर्ति गिरी, राजकुमार तुरी, तेजलाल पांडेय, मध्य विद्यालय तारा में प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार सिंह, दशरथ कुमार नंदन, छोटू कुमार राय, राजेश कुमार पंडा, नागेश्वर सिंह, संजय पंडित, प्रदीप यादव, अनिल सिंह, विकास यादव समेत कई लोग मौजूद थे.

## स्वदेशी जागरण मंच ने मनाया स्वदेशी दिवस



**बोकारो।** स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में स्वदेशी दिवस मनाया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मंच के जिला संयोजक प्रमोद सिन्हा ने कहा कि स्वदेशी आंदोलन के अनसुने गुमनाम नायक बाबू गेनू सैद भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में स्वदेशी के नाम पर पहले शहीद हुए, जिन्होंने विदेशी कपड़ों को भारतीय बाजार में प्रवेश रोकने के लिए अपनी जान न्योछावर किया. बाबू गेनू के बलिदान दिवस को मंच पुरे देश में स्वदेशी दिवस के रुप में मना रही है. क्षेत्रीय संयोजक अमरेन्द्र सिंह ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महात्मा गांधी, लाला लाजपत राय और सरदार पटेल जैसे महानायकों का योगदान कभी भूलाया नहीं जा सकता, लेकिन इस संग्राम के कई गुमनाम पैदल सैनिक भी थे, जिन्होंने बिना किसी प्रसिद्धि की चाहत के, अपने जीवन का बलिदान दिया. इन्हीं में से एक थे मुंबई के एक सूती मिल मजदूर, बाबू गेनू सैद. आज उनकी 91वीं पुण्यतिथि है. इस दौरान स्वदेशी मेला के प्रांत प्रमुख दिलीप वर्मा,कार्य समिति सदस्य जयशंकर प्रसाद, जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा, विभाग संपर्क प्रमुख कुमार संजय, नवीन कुमार सिन्हा, विनोद चौधरी अनुजा सिंह, पूनम सिन्हा, मनीष श्रीवास्तव, सुरेश कुमार सिन्हा, विवेकानंद झा, सौरभ जयसवाल, ददन कुमार, प्रेम प्रकाश एवं अन्य लोग उपस्थित हुए और अपनी-अपनी विचार रखें.

## तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान बनाये रखना छात्रों की भी जवाबदेही : प्राचार्य

**बोकारो।** केन्द्रीय विद्यालय-3 बोकारो में तम्बाकू के दुष्परिणाम विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य कृष्ण कुमार के द्वारा की गई. स्कूल के प्राचार्य ने सभी बच्चों को बताया तम्बाकू को एक लाईन में परिभाषित करें तो तम्बाकू का मतलब बीमारियों का भण्डारा है. चाहे आप इसे धुएं के शकल में लें या चबाकर खाये. यह मानव शरीर में जाकर विभिन्न प्रकार के बीमारियों को उत्पन्न करता है और फिर उस बीमारी से लोगों की मौत हो जाती है. इसलिये तम्बाकू मानव शरीर को धीरे-धीरे खोखला करता है. हम सभी से अनुरोध करना चाहते हैं कि इस लत से बचें और एक जिम्मेदार नागरिक के नाते अपने आसपास के लोगों को भी इसके दुष्प्रभाव से अवगत कराये. कार्यक्रम के दौरान जिला परामर्शी मो0 असलम द्वारा सभी बच्चों को तम्बाकू के दुष्परिणाम, तम्बाकू में पाये जाने वाले जहरीले तत्व के बारे में बताया गया. जिला परामर्शी ने बच्चों को अपने चर्चा के दौरान बताया कि तम्बाकू में पाया जाने वाला नशीला पदार्थ निकोटीन से बच्चों में चिन्ता, नींद न आना, चिडचिडापन एवं अवसाद जैसे गम्भीर समस्याएं हो सकती है. जिला परामर्शी ने बच्चों को बताया कि यदि आप तम्बाकू का सेवन करते हैं या आपके आसपास कोई सेवन करता है और वह तम्बाकू के लत को छोडना चाहता है और कई बार प्रयास करने पर भी नही छोड पाता है तो उसे तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र सदर अस्पताल के 13 नं0 ओपीडी में भेजें ताकि उन्हें तम्बाकू छुडाने में मदद की जा सके. कार्यक्रम के दौरान सोशल वर्कर छोटेलाल दास, विद्यालय के शिक्षक, स्टाफ व बच्चे उपस्थित थे.

### तेनुघाट अनुमंडल कार्यालय सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में जनता दरबार आयोजित

# जेएसएलपीएस ने की 5.59 करोड रुपए का वितरण

संवाददाता। बोकारो



झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को लाभुकों तक पहुंचाने हेतु बेरमो तेनुघाट अनुमंडल कार्यालय स्थित आयोजन किया गया. उक्त कार्यक्रम में प्रमाण पत्रों की स्वीकृति, विभिन्न योजनाओं की स्वीकृति सहित परिसंपत्ति का वितरण किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद एवं अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी द्वारा सभी विभागों के स्टालों का निरीक्षण किया गया. साथ ही कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा विभिन्न लाभुकों को ऑन द स्पॉट लाभ दिया गया.

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई. इस दौरान उप विकास आयुक्त ने कहा कि सरकार की क्रियान्विति योजनाओं को लाभुकों तक पहुंचाने हेतु इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है. उन्होंने आगे कहा कि ऐसी बहुत सी योजनाएं हैं जो प्रचार प्रसार के अभाव एवं जानकारी के अभाव में आप उक्त योजना से वंचित रह जाते हैं लेकिन राज्य सरकार और जिला प्रशासन का यह कर्तव्य है कि हम उस योजना को आप तक कैसे पहुंचाए, इसीलिए इस तरह का कार्यक्रम आज आयोजित किया गया. साथ ही उन्होंने कहा कि हम लोग स्टॉल निरीक्षण के दौरान विभिन्न विभागों का स्टॉल का निरीक्षण किया, जिसमें कम से कम समय में बहुत से लाभुकों को लाभ दिया गया.

**556 आवेदनों का हुआ ऑन द स्पॉट निष्पादन**

जनता दरबार के दौरान 556 आवेदन प्राप्त हुए जिस पर लगभग सभी आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए निष्पादन किया गया. साथ ही जेएसएलपीएस पेटरवार की ओर से टमाटर एवं बैगन के 200 एवं 100 पौधे का वितरण भी किया गया एवं 154 लोगों को स्वास्थ्य जांच की गई तथा दवाई का वितरण किया गया. कार्यक्रम के दौरान साइकिल वितरण के साथ-साथ जिला समाज कल्याण के दो लाभुकों को गोद भराई एवं छोटे-छोटे बच्चों को मुंह जूठी कराई गई.

**इन विभागों के लगे स्टाल**

जनता दरबार के दौरान विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाया गया. जिसमें जेएसएलपीएस, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, आयुष्मान कार्ड, बाल विकास परियोजना, आधार सेंटर, खाद्य सुरक्षा विभाग, जिला भू अर्जन विभाग, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, कल्याण विभाग, कृषि विभाग, विद्युत आपूर्ति, मनरेगा, पशुपालन विभाग, आधार पंजीकरण एवं जिला आपूर्ति विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल तेनुघाट का स्टॉल का स्टॉल लगाया था.

**लाभुकों को मिला ऑन द स्पॉट स्वीकृति पत्र**

जनता दरबार के दौरान पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को ऑन द स्पॉट स्वीकृति पत्र दिया गया. जिसके तहत मंईयां सम्मान योजना के तहत जरीडीह प्रखंड की ओर से मंजू देवी, अनीता देवी, पुष्पा देवी, पूजा कुमारी एवं शोभा कुमारी को लाभ दिया गया.

चंद्रपुरा प्रखंड अंतर्गत मंईयां सम्मान योजना के तहत सोनी देवी, मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत मंजू देवी, मुख्यमंत्री राज्य विधवा सम्मान योजना के तहत गीत देवी एवं सुंदरी देवी, अबुआ आवास योजना के तहत कलावती देवी, गुरु चरण महतो, बिरसा सिंचाई कूप योजना के तहत तुलेश्वर महतो एवं थानु महतो, मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत शूकर शेड योजना के तहत दिलीप कुमार महतो, मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत कुकुट शेड के तहत श्यामलाल महतो एवं बिरसा बागवानी ग्राम योजना अंतर्गत आम बागवानी हेतु अजीत चंद्र महथा एवं दिनेश कुमार महतो को स्वीकृति पत्र दिया गया. इसके अलावे अन्य सभी प्रखंडों के भी लाभुकों को ऑन द स्पॉट लाभ दिया गया.

कार्यक्रम के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो तेनुघाट मुकेश मछुआ, सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग पीयूष कुमार, भूमि सुधार उपसमाहर्ता प्रभाष दत्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला समाज समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी श्वेता गुड़िया, भूमि सुधार उपसमाहर्ता तेनुघाट, सहित बेरमो प्रखंड विकास पदाधिकारी, गोमिया प्रखंड विकास पदाधिकारी, नावाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी, पेटरवार प्रखंड विकास पदाधिकारी, कसमार प्रखंड विकास पदाधिकारी, जरीडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी, चंद्रपुरा प्रखंड विकास पदाधिकारी, गोमिया अंचल अधिकारी, नावाडीह अंचल अधिकारी, कसमार अंचल अधिकारी, चंद्रपुरा अंचल अधिकारी, बेरमो अंचल अधिकारी सहित विभिन्न प्रखंडों के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे.

# बीस सूत्री क्रियान्वयन कमिटी के लिए ब्लॉक में खुला दफ्तर

संवाददाता। गावां (गिरिडीह)

अब इसे प्रखंड प्रशासन की सत्ताधारी दल के नेताओं पर मेहरबानी कहें या कुछ और, लेकिन बगैर अधिसूचना के ही झारखंड के छठी विधानसभा में भविष्य में गठित होने वाली बीस सूत्री क्रियान्वयन कमिटी का प्रखण्ड कार्यालय में दफ्तर खुलना चर्चा का विषय बना हुआ है.

गौरतलब हो कि सूबे में छठी विधानसभा का गठन के बाद अभी तक बीस सूत्री क्रियान्वयन कमिटी गठन को लेकर कोई अधिसूचना जारी नहीं हुई है. बावजूद गावां प्रखण्ड कार्यालय भवन में बीस सूत्री के लिए कार्यालय खुल गया है, जो चर्चा का विषय बना हुआ है.

बता दें कि फिलहाल गावां में पांचवी विधानसभा के कार्यकाल में गठित बीस सूत्री क्रियान्वयन कमिटी के अध्यक्ष सह झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अजय सिंह अभी भी खुद को प्रखण्ड में बीस सूत्री अध्यक्ष के तौर पर पेश कर बीस सूत्री क्रियान्वयन कमिटी के कार्यालय में बतौर अध्यक्ष की हैसियत से कब्जा जमाए हुए हैं, जबकि पांचवी विधानसभा का कार्यकाल खत्म होते ही स्वतः ही सारी कमिटियां भंग हो जाती है.

बावजूद गावां में बीस सूत्री क्रियान्वयन कमिटी की पुरानी कमिटी का कार्यालय संचालित किया जाना चर्चाओं में है.

इधर इस संबंध में पूछे जाने पर गावां बीडीओ महेन्द्र रविदास ने कहा कि पूर्व में बीस सूत्री क्रियान्वयन कमिटी को दफ्तर के लिए प्रखंड कार्यालय के भवन में एक कमरा आवंटित था और उसकी चाभी भी उन्हीं लोगों के पास थी. ऐसे में वे लोग अब भी कार्यालय का प्रयोग कर रहे हैं, तो मैं इस संबंध में वरीय अधिकारियों से दिशा-निर्देश लेकर ही कुछ कह पाऊंगा.

### जारंगडीह खुली खदान में 67वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह मनाया गया

# सीसीएल कर्मियों, पदाधिकारियों ने सुरक्षा की ली शपथ

संवाददाता। कथारा



सीसीएल कथारा क्षेत्र के जारंगडीह खुली खदान परिसर में गुरुवार को 67वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह समारोह आयोजित कर मनाया गया. समारोह में सुधीर कुमार सिन्हा कन्वेयर कारो ओसीपी, चिंतामन मांझी कारो ओसीपी, मदन प्रसाद कारो ओसीपी, नानक दिवाकर सिंह, सर्वे ऑफिसर पंकज कुमार झा कारो ओसीपी, सुनिल कुमार कारो ओसीपी, निराकान्त कारो ओसीपी, आईएसओ आर के चौधरी, कोशिक सेन गुप्ता, डीडीएमएस धनबाद, डीडीएमएस तेजावत नरेश कोडरमा जोन, सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य लखनलाल महतो, सीसीएल कथारा महाप्रबंधक संजय कुमार शामिल हुए. समारोह का शुरूआत रिबन काट कर किया गया. उसके उपरांत सुरक्षा ध्वज फहराया गया, तत्पश्चात सुरक्षा की शपथ ली गई और दीप प्रज्वलित कर सीसीएल कॉरपोरेट गीत के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया. वहीं इस दौरान ख़ान प्रबंधक ने जारंगडीह परियोजना की संक्षिप्त जानकारी साझा किया.

साथ ही जारंगडीह परियोजना पदाधिकारी बिनोद कुमार और खान प्रबंधक सुनिल यादव तथा सेफ्टी पदाधिकारी संतोष कुमार ने निरीक्षण दल का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया. वहीं खान निरीक्षण दल के पदाधिकारियों ने खान सुरक्षा को लेकर कई मूल मंत्र दिए. साथ ही जारंगडीह परियोजना के विभिन्न परियोजनाओं के विभिन्न क्षेत्रों से बेहतर कार्य करने वाले मजदूरों को प्रबंधन की ओर से पुरस्कृत किया गया. कार्यक्रम में विभिन्न श्रमिक संगठन के श्रमिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया. जिनमें वरूण कुमार सिंह, अजय कुमार साव, रामदास केवट, मो निजाम अंसारी, बालगोविंद मंडल, खागेश्वर रजक, मो अयूब, अरविंद कुमार ओझा, राज कुमार मंडल शामिल हुए. कार्यक्रम का संचालन इनमोसा के जारंगडीह शाखा सचिव संतोष मंडल के द्वारा किया गया.

### बोकारो में 14 दिसंबर को 10 केंद्रों पर 3949 अभ्यर्थी देंगे सीटीईटी की परीक्षा

# कदाचार मुक्त परीक्षा की है पुख्ता तैयारी : गंगवार

संवाददाता। बोकारो



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से आगामी 14 दिसंबर, शनिवार को केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) का आयोजन किया जा रहा है. इसके लिए बोकारो जिले में कुल 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें विभिन्न जगहों से आनेवाले कुल 3949 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे. पेपर-1 एवं पेपर-2 के लिए यह परीक्षा दो पालियों में होगी. पेपर-1 दोपहर 02:30 बजे से शाम 05:00 बजे तक और पेपर-2 सुबह 09:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक होगा. यानी दोनों ही पेपर ढाई-ढाई घंटे के होंगे.

गुरुवार को इस आशय की जानकारी देते हुए सीटीईटी के सिटी कोऑर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने बताया कि परीक्षा को लेकर तमाम तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है. पूर्ण कदाचारमुक्त व सफल आयोजन की पुख्ता तैयारियां की गई है. शुक्रवार को परीक्षा से एक दिन पूर्व 13 दिसंबर को डीपीएस बोकारो में सीटीईटी के लिए अधिकृत बोर्ड के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सभी केंद्राधीक्षकों व पर्यवेक्षकों की बैठक होगी. इस बैठक में परीक्षा के सफल संचालन की अंतिम रूपरेखा तय की जाएगी.

जिन 10 केंद्रों पर सीटीईटी की परीक्षा होनी है, उनमें पहली पाली में डीपीएस बोकारो सेक्टर-4 में 361, जबकि अन्य नौ केंद्रों - चिन्मय विद्यालय बोकारो, क्रिसेंट पब्लिक स्कूल, सेक्टर-6, डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर- 4, डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-6, जीजीपीएस सेक्टर-5, जीजीपीएस चास, होली क्रॉस स्कूल रेलवे कॉलोनी बालीडीह, एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल तथा श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल, प्रत्येक में 300 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे. वहीं, दूसरी पाली में चिन्मय विद्यालय में 300, श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल में 227 और डीपीएस बोकारो सेक्टर- 4 में 361 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे.

डॉ. गंगवार ने बताया कि सीटीईटी एक राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है, जो शिक्षण पेशे के लिए योग्य एवं कुशल उम्मीदवारों के चयन हेतु सीबीएसई की ओर से आयोजित की जाती है. इसमें पहला पेपर उन अभ्यर्थियों के लिए होता है, जो पहली से पांचवीं कक्षा तक पढ़ाने के लिए आवेदन करते हैं, वहीं दूसरा पेपर उनके लिए होता है, जो कक्षा 6 से आठवीं तक में अध्यापन के लिए अप्लाई करते हैं. दोनों ही पेपर 150-150 अंकों के होते हैं. पेपर- 1 में बाल विकास एवं शिक्षा-शास्त्र लैंग्वेज-1 व लैंग्वेज- 2 तथा गणित एवं पर्यावरण अध्ययन विषयों के प्रश्न पूछे जाएंगे. जबकि, पेपर- 2 में बाल विकास एवं शिक्षा-शास्त्र भाषा- 1 व भाषा- 2 एवं विज्ञान तथा सोशल स्टडीज, सोशल साइंस विषयों के प्रश्न पूछे जाएंगे.

उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर जांच के दौरान सख्ती से सभी गाइडलाइन के पालन का निर्देश दिया गया है. अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड के अलावा अपना कोई भी फोटोयुक्त पहचान-पत्र लेकर परीक्षा केंद्र पर आना अनिवार्य होगा. अभ्यर्थी नीले अथवा काले रंग की कलम का इस्तेमाल परीक्षा लिखने के लिए कर सकते हैं.

### विद्युत कार्यपालक अभियंता ने ठीकेदारों के साथ की बैठक

# 172 गावों में छूटे काम जल्द होंगे पूरे : चौधरी

संवाददाता। साहेबगंज



गुरुवार को विद्युत आपूर्ति प्रमंडल साहिबगंज कार्यालय में विद्युत कार्यपालक अभियंता शंभूनाथ चौधरी के नेतृत्व में साहिबगंज, सहायक अभियंता, कनीय अभियंताओं, वितरण क्षेत्र पूर्ण उद्यान योजना (आरडीएसएस), मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखंड योजना, (मुजी) प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान, (पीएम जुगा) कंपनी के ठीकेदार के साथ एक बैठक की. आरडीएसएस, मुजी, पीएम जुगा, स्कीम में चलने वाले कामों के बारे में जानकारी हासिल किया. उन्होंने यह भी कहा कि 14 दिसंबर 2024 से मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखंड योजना, (मुजी) के कामों को शुरुआत कर लिया जाएगा.

उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखंड योजना, (मुजी) के तहत जिला में 172 टोला गांव में छुटे हुए कामों को बहुत जल्द पूरा कर लिया जाएगा. जिस गांव मोहल्ले में बिजली लाइन का पोल एवं तार जर्जर है तो उसे इस स्कीम के तहत जल्द से जल्द बदला जाएगा. उन्होंने कहा कि पीएम जुगा कामों को लेकर डीपीआर तैयार कर लिया गया है. जिसे रांची विद्युत हेड ऑफिस को भेज दिया गया है.

इस बैठक में विद्युत आपूर्ति प्रमंडल कार्यपालक अभियंता शंभूनाथ चौधरी ने विशेष कर राजस्व को लेकर विद्युत विभाग के सहायक अभियंता कनीय अभियंता के साथ विभिन्न योजनाओं में चल रहे कार्यों की समीक्षा के बारे में विशेष कर राजस्व, बिलिंग आदि की उगाई पर पूरा ज्यादा ध्यान देने को कहा और जिले में चल रहे सभी कार्यों का एक-एक करके समीक्षा किया. इस बैठक में जिले के विद्युत सहायक अभियंता और कनीय अभियंता को कहा कि आपलोग अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर सभी कामों का देखकर जल्द से जल्द मुझे सूचित करे.

बैठक में मौजूद विद्युत कार्यपालक अभियंता शंभूनाथ चौधरी, सहायक अभियंता सत्यदेव कुमार, विद्युत कनीय अभियंता नील गगन, ग्रामीण कनीय अभियंता दीपक कुमार सिंह, ज्ञानचंद्र, प्रोजेक्ट मैनेजर डी, पी ठाकुर, मुजी प्रोजेक्ट मैनेजर एस मलिक समेत अन्य लोग मौजूद थे.

**ब्रीफ खबरें**

### तिब्बती युवा कांग्रेस की बाइक रैली पहुंची धनबाद

**धनबाद।** तिब्बती युवा कांग्रेस द्वारा 22 नवंबर, 2004 को अरुणाचल प्रदेश के भारत-तिब्बत सीमा बुमला दर्रे से आरंभ की गई रैली गुरुवार को धनबाद पार्क मार्केट स्थित तिब्बतियों के लहासा मार्केट पहुंची. लहासा मार्केट के अध्यक्ष नमगयाल वांगचुक समेत अन्य तिब्बतियों ने रैली का गर्मजोशी से स्वागत किया. इस दौरान मीडिया से बात करते हुए टीवाईसी के संयुक्त शेरिंग सचिव शेरिंग कॉम्पहेल ने बताया कि यह रैली भारत के 10 से अधिक राज्यो में पंद्रह हजार किलोमीटर की दूरी तय करेगी. रैली के दौरान प्रतिभागी संसद सदस्य, विधान सभा सदस्य, तिब्बत समर्थक समूह और मीडिया से मुलाकात करेंगे. साथ ही भारतीय जनता को तिब्बत में आने वाली गंभीर समस्याओं के बारे में जागरूक करेंगे. उन्होंने कहा इस रैली का मुख्य उद्देश्य चीनी कम्युनिस्ट शासन द्वारा तिब्बत में की जा रही क्रूरताओं को उजागर करना और उसके छह दशकों से चले आ रहे अवैध शासन का विरोध करना है.

### तेतुलमुड़ी बस्ती के ग्रामीणों के साथ नहीं हुई त्रिपक्षीय वार्ता

**सिजुआ।** प्रतिनिधि सिजुआ क्षेत्र संख्या पांच के मोदीडीह कोलियरी अंतर्गत तेतुलमुड़ी परियोजना की पैच विस्तारीकरण में तेतुलमुड़ी डिनोबली बस्ती की रैयती जमीन बाधा बनी हुई है. जमीन उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण करीब पांच महीने से हिलटॉप नामक आउट शौशिंग की कार्य वाधित हो गयी है. बस्ती के रैयतो का विस्थापन, पुनर्वास व मुआवजा को लेकर गुरूवार को होने वाली त्रिपक्षीय वार्ता स्थगित कर दिया गया है. मोदीडीह कोलियरी प्रबंधन ने ग्रामीणों को पत्र देकर बैठक की तिथि तय किया था. लेकिन रैयतो ने स्पष्ट रूप से कह दिया कि जब तक धनबाद सांसद ढुलू महतो नहीं रहेंगे तब तक बैठक में ग्रामीण भाग नहीं लेंगे. संसद सत्र चलने के कारण सांसद ढुलू महतो दिल्ली में हैं. सांसद ने भी प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिया है कि उनके उपस्थिति में ही बैठक होगी. सांसद महतो के निर्देश के बाद कोलियरी प्रबंधन की ओर से आयोजित बैठक को स्थगित कर दिया गया है.

# पीएम विश्वकर्मा समेत अन्य योजनाओं का लाभ ज्यादा लोगों को मिले : पीयूष

- एडीएम लॉ एंड आर्डर ने की पीएम विश्वकर्मा, पीएम-एफएमई एवं डीएलईपीसी की बैठक

**संवाददाता। धनबाद**

एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के तहत शिल्पकारों एवं कारीगरों को सहायता उपलब्ध कराने के लिए आर्टिजनों का वेरिफिकेशन एवं योजना की समीक्षा संबंधी बैठक, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के कार्यान्वयन के लिए समीक्षा बैठक एवं जिला स्तरीय निर्यात्त संवर्धन समिति के सदस्यों के साथ बैठक समाहरणालय सभागार में की गई. इस दौरान बैठक में योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक योग्य लाभुकों का आवेदन प्राप्त कर योजना के तहत लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए. बैठक के दौरान एडीएम लॉ एंड आर्डर ने निर्धारित गाइडलाइंस के तहत कार्य करते हुए योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए आपसी समन्वय स्थापित कर लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया.



**औजारों से काम करने वाले कारीगरों को मिलेगा सीधा लाभ**

एडीएम ने पीएम विश्वकर्मा की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस योजना से अपने हाथों और औजारों से काम करने वाले जिले के हजारों कारीगरों और शिल्पकारों को सीधे लाभ होगा. साथ ही पारंपरिक और विरासत शिल्प के संरक्षण में योगदान देने वाले कारीगरों और शिल्पकारों के जीवन में बदलाव आएगा. यह योजना कारीगरों और शिल्पकारों को विश्वकर्मा (पारंपरिक कारीगर) के रूप में मान्यता देने में सक्षम बनाएगी. जिससे वे योजना के तहत लाभ उठाने के पात्र बन जाएंगे. इसके अलावा प्रधानमंत्री सुक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना की समीक्षा करते हुए एडीएम लॉ एंड आर्डर ने निर्देश दिया कि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करना सुनिश्चित करें. बैठक में सभी डीआरपी को सक्रिय रूप से कार्य करने का निर्देश दिया गया. वर्तमान समय में लोगों को इस योजना के संबंध में जागरूक करते हुए उन्हें योजना की सम्पूर्ण जानकारी देने का निर्देश डीसी ने दिया. उन्होंने जिले के बैंकवार लक्ष्य एवं योजना की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की. साथ हीं जिला स्तरीय निर्यात्त संवर्धन समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर जिले में मौजूदा निर्यातकों पर व्यापक डाटा वेस तैयार करने, उद्योग / व्यापारियों की पहचान करने जो अन्य व्यापारियों के माध्यम से निर्यात कर रहें हैं, निर्यात के लिए संभावित उत्पादों वाले उद्योगों / व्यापारियों की पहचान करने एवं निर्यात संगठनों एवं एजेंसियों की स्थानीय समस्याओं पर विचार-विमर्श करने के लिए निर्देशित किया गया. बैठक में एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र राजेन्द्र प्रसाद, सहायक श्रम आयुक्त प्रवीण कुमार, एलडीएम अमित कुमार, ईओडीबी प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र आदित्य चौधरी, महासचिव (जीटा) राजीव शर्मा, सचिव चेंबर ऑफ कॉमर्स राजेश गुप्ता, जीआरएमए सदस्य पन्ना रक्षित समेत बैंक के प्रतिनिधि समेत अन्य मौजूद रहे.

# गोविंदपुर सड़क चौड़ीकरण का काम 20 तक पूरा करें : एनएचएआई

**संवाददाता। गोविंदपुर**

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों ने गुरुवार को जीटी रोड चौड़ीकरण में लगी स्काईलार्क कंपनी के डीपीएम को गोविंदपुर बाजार इलाके में जीटी रोड का चौड़ीकरण काम 20 दिसंबर तक हर हाल में पूर्ण करने का कड़ा निर्देश दिया है. कंपनी के अधिकारियों के साथ प्राधिकरण के अधिकारियों ने जीटी रोड का निरीक्षण किया. उन्होंने अंचलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार दुबे से भी मुलाकात की तथा शेष भागों से भी अतिक्रमण हटाने की अपील की. उन्होंने कहा कि गोविंदपुर बाजार में अभी भी जीटी रोड की जमीन पर कुछ लोगों ने ठेला लगा रखा है और जीटी रोड की जमीन पर दुकान लगाने की एवज में वसूली कर रहे हैं. ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए . उन्होंने अंचलाधिकारी से यह भी कहा कि माडा मैदान के बाहर अब भी दुकान लग रही है, जबकि सभी दुकानों को गुरुवार शाम तक माडा मैदान में प्रवेश करने का निर्देश दिया गया था. उन्होंने कहा कि यदि सभी दुकान माडा मैदान में प्रवेश नहीं करेंगे तो चौड़ीकरण का काम नहीं हो पाएगा. अंचल अधिकारी ने उन्हें आश्वासन दिया कि यह काम जल्द पूरा कर दिया जाएगा और सीओ दुबे ने भी बाजार इलाके में चौड़ीकरण का



काम 20 दिसंबर तक हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का पूरा सहयोग प्राधिकरण एवं चौड़ीकरण कंपनी को मिल रहा है तथा जीटी रोड पर थोड़ा बहुत जो अतिक्रमण रह गया है, उसे खाली करा दिया जाएगा. अंचल अधिकारी ने निरसा की ओर जाने वाली टेंपो चालकों से गोविंदपुर थाना के अपोजिट सर्विस लेन से हटकर टेंपो लगाने का निर्देश दिया है. इसी तरह धनबाद जाने वाली टेंपो को सुभाष चौक से हटकर ठाकुरबाड़ी के पास सर्विस लेन से हटकर लगाने का निर्देश दिया है. उन्होंने कहा कि अब टेंपो स्टैंड के कारण जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है तथा जीटी रोड पर टेंपो लगाने वालों के खिलाफ भी अब कार्रवाई की जाएगी . उन्होंने कहा कि वाहन लगाकर जीटी रोड का यातायत बाधित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

## झारखंड क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों ने विधायक रागिनी को किया सम्मानित



**संवाददाता। धनबाद**

झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) के पदाधिकारियों द्वारा गुरुवार को राँची क्रिकेट स्टेडियम में झरिया की नवनिर्वाचित विधायक रागिनी सिंह को सम्मानित किया गया. जेएससीए के पदाधिकारियों ने झरिया विधायक रागिनी सिंह को पुष्पगुच्छ और शॉल भेंट कर उनका स्वागत अभिनंदन कर उन्हें बधाई दी. वहीं झरिया विधायक रागिनी सिंह ने उपस्थित सभी पदाधिकारीगणों का आभार जताया. मौके पर मुख्य रूप से रंजीत सिंह, राजकुमार,पंकज सिंह, रविन्द्र नाथ सिंह,एसबी सिंह, बिष्णु गुप्ता, आनंद सिंह,सौरव सिंह, संदीप कुमार सिंह, बबलू, सुनील कुमार, कमलेश कुमार सिंह,रवि प्रकाश सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे.

### पंचेत में अवैध कोयला लदे चार ट्रक जब्त

**धनबाद।** डीजीपी द्वारा गठित एसओजी रांची की टीम ने पंचेत ओपी क्षेत्र स्थित जामदही, खैरकियारी और लुचीबाद में चल रहे अवैध कोयला खनन क्षेत्र में छापेमारी कर अवैध कोयला लदे चार ट्रक के साथ भारी मात्रा में कोयला जप्त किया है. छापेमारी के दौरान एक व्यक्ति की गिरफ्तारी की भी सूचना है. छापामारी टीम जैसे ही ट्रकों की धर पकड़ करने लगी अवैध खनन माफियाओं में भगदड़ मच गई. कई खनन माफिया मौके से फरार होने में कामयाब रहे. मालूम रहे कि डीजीपी को पिछले कई महीनो से पंचेत ओपी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध खनन की सूचना मिल रही थी. जिसके आलोक में छापेमारी की गई है. यहां से अवैध कोयला लदा चार ट्रक जब्त होने की सूचना है.

## बाल संरक्षण पर समन्वय बना कर करें काम : मुखर्जी

**संवाददाता। धनबाद**

झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था, समाज कल्याण विभाग झारखंड सरकार एवं बाल कल्याण संघ के तत्वावधान में आयोजित बाल सुरक्षा, बाल अधिकार एवं बाल कल्याण पर एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन कैपिटल हिल होटल राँची में संपन्न हुआ. सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी ने बताया कि सम्मेलन में बाल संरक्षण के मुद्दे पर जोर दिया गया. अनाथ बच्चों के लिए उचित कदम उठाने के विषय पर भी चर्चा हुई. सम्मेलन में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, पुलिस अधिकारी, श्रम व शिक्षा विभाग बाल गृह आदि के प्रतिनिधियों ने भाग लिया. सम्मेलन में बाल संरक्षण के मुद्दे पर सभी हितधारकों ने समन्वय स्थापित कर काम करने का निर्णय




लिया. सम्मेलन में मुख्य अतिथि आए एफ एस अधिकारी डी के सक्सेना, निदेशक सह सदस्य सचिव समीरा एस, राज्य बाल अधिकार संरक्षण के सदस्य विकास दोदराजका, सरकार के उप सचिव विकास कुमार, विभाग के राजीव पांडेय, मिराकल फाउंडेशन के अर्घ्य मुखर्जी आदि ने संबोधित किए. मौके पर बाल कल्याण समिति धनबाद के अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी, बोकारो के अध्यक्ष शंकर रवानी, जामताड़ा अध्यक्ष रितेश कुमार , खूंटी अध्यक्ष तनुश्री सरकार , सरायकेला अध्यक्ष रोहित महतो, गोड्डा सीडब्लूसी सदस्य नीरज दूबे, राँची के विनय शर्मा , पाकुड़ के सदस्य सुबीर भट्टाचार्य , जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अनीता झा, साधना कुमारी, वेद प्रकाश तिवारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे. अमरेन्द्र सिंह समेत अन्य ने भी अपनी बातें रखीं. कार्यक्रम में स्वागत संजय मिश्रा व संचालन शिवानी ने किया. मिशन वात्सल्य पर सम्मेलन में जुटे कई ख़ास, योजनाओं को धरातल पर उतारने का निर्णय लिया गया.

**आसनसोल**

# जमीन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई

- आजाद नगर में हाड़बांध तालाब की जमीन पर अवैध कब्जा
- जमीन माफियाओं ने तालाब की जमीन 50 लोगों को बेची

**संवाददाता। बराकर**

मुख्यमंत्री के आदेश पर पश्चिम बंगाल के आसनसोल मे चल रही जमीन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई के दौरान कुल्टी 63 नंबर वार्ड के आजाद नगर स्थित करीब आठ बीघा जमीन मे फैले हाड़ बाँध तालाब को इलाके के सक्रिय कुछ दबंग जमीन माफियाओं ने पैसों और अपनी ऊँची पहुँच के बल पर पहले तो पुरे तालाब पर अपना अवैध रूप से कब्ज़ा किया. जिसके बाद उस तालाब के पानी को खाली करवाकर तालाब की जमीन को प्लॉटिंग कर एक दो नही बल्कि 50 लोगों को ऑने -पौने दामों मे बिच दिया है. जिस जमीन पर लोगों ने अपने घर भी बना लिये हैं वहीं तालाब के अंदर कुछ जमीन ऐसे भी हैं



जिस जमीन पर घर बनाने का काम चल रहा है. ऐसे मे जब राज्य की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी के आदेश पर आसनसोल के जमीन माफियाओं के ऊपर जैसे ही कार्रवाई की शुरुआत हुई उस कार्रवाई को देख आसनसोल ही नही बल्कि कुलटी के जमीन माफियाओं मे भी हड़कंप मच गई. इस हड़कंप के बिच अब कुलटी आजाद नगर व उसके आसपास के उन 50 लोगों की रातों की नींद और दिन का चैन कहीं खो गया है. जिन्होंने अपनी जमा पूंजी के पैसों से हाड़बाँध तालाब मे जमीन खरीद अपना सर छुपाने के लिये आशियाना बनाया है. इलाके के बुजुर्ग लोगों की अगर माने तो वह हाड़बाँध तालाब को बचपन से देख रहे हैं, पहले इस तालाब मे लोग नहाया करते थे. मछली पालन से लेकर तालाब मे सिंघाड़े की खेती तक होती थी. यहाँ तक के इस तालाब को इलाके के क्या हिंदू और क्या मुसलमान सभी अपने धार्मिक कर्मकांडों मे इस्तेमाल भी किया करते थे. यहाँ तक के इलाके के पालतू पशु गाय और भैंस भी इसी तालाब के पानी पर निर्भर थी. इलाके के लोगों ने यह भी कहा की बरसात के समय कुलटी आजाद नगर व उसके आसपास के इलाके का पानी इसी तालाब मे जमा होता था. पर आज हालात बदल चुकी है. तालाब मे एक बून्द पानी नही है. जमीन माफियाओं ने तालाब के पानी को जेसीबी मशीन के द्वारा एक बड़ा नाला काटकर बाहर निकाल दिया है और कुलटी पेताना मौजा के दाग नंबर 191, खतियान नंबर 259/1 मे स्थित 279 सतक जमीन यानि की करीब साढ़े आठ बीघा जमीन मे फैले इस तालाब की प्लॉटिंग कर एक दो नही बल्कि 50 लोगों को बेच दिया है. जिन लोगों की पहचान कुछ इस प्रकार है जो पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारिक वेबसाईट बांगलार भूमि के ऑनलाइन साइड पर उपलब्ध है. जिस साइड पर यह साफ लिखा है की कुलटी के पेताना मौजा दाग नंबर 191, खतियान नंबर 259/1, सरकर के खाते मे एक रिकॉडेड तालाब है. जिस तालाब की जमीन को जमीन माफियाओं ने 50 लोगों को बेचा है. जिनमे से, दौलत जहाँ, बदरू नेशा बीबी, मुस्तारी बानु, जैनुल आवेदन अंसारी, मोहम्मद जमिल, नाजरा खातून, मोहमद तनवीर आलम, मोहमद नसूरुदिन खान, हामिदा खातून, मोहमद आलम, प्रवीण बेगम, रजिया सुल्ताना, हाजरा खातून, बिलकिस बानो, मोहम्मद तौसीफ़ आलम, अब्दुल रहीम खान, हमीदा खातून, शायमा आफरीन, निमाई माझी, संजय माझी, संजीव माझी, मोहमद इमरान अली, मोहमद जीबराइल अंसारी, युमर अली राणा, मोहम्मद इमरान खान, सिमी अतहर, मोहम्मद सलीम खान, साजिद खान, मोहम्मद असलम अली, मोहमद जावेद अंसारी, कालो, मोहमद सलीम खान, एजाज अहमद, अमजद अंसारी, मोहम्मद सज्जाद, समारा यादव, खुसबू खातून, अरशद खान, निखत प्रवीण, आशिया खातून, नसीमा खातून, मोहम्मद अमजद अली, नसीम अहमद, निखत प्रवीण, नसरीन नूर फातमा, मोहमद जमील अख्तर, मोहम्मद इम्तियाज, मोहमद फैयाज़ आलम, मोहमद इम्तियाज आलम, साहिबा खानम ने जमीन ख़रीदा है. ऐसे मे अब वह सरकारी जमीनों व तालाबों की अवैध रूप से भराई और उसपर कब्ज़ा कर खरीद बिक्री करने वाले जमीन माफियाओं पर हो रही कार्रवाई से घबराकर जमीन माफियायों से अपना पैसा मांग रहीं हैं और जमीन माफिया उन लोगों को यह झूठा आश्वासन दे रहे हैं की उनकी जमीन को कुछ नही होगा.

## पुलिस ने जब्त की अवैध बालू लदा वाहन

**संवाददाता। बराकर**

आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के कुल्टी थाना अंतर्गत नियामतपुर पुलिस ने चितरंजन रोड से एक अवैध बालू से भरे डंफर बरामद किया. इस पकड़े गए अवैध बालू के डंफर को नियामतपुर पुलिस ने फाड़ी में लाया. मालूम हो कि इससे पहले भी नियामतपुर पुलिस ने एक ट्रैक्टर पर लादे अवैध बालू को भी अपनी गिरफ्त में लिया था. मुख्यमंत्री के कड़े वार्ता के बाद से पुलिस ने क्षेत्र में अवैध कार्य पर सीधे तौर पर सख्ती से पालन करने का कार्य भी प्रारंभ किया . इस दौरान देखा गया कि पुलिस ने अवैध जमीन के कारोबारी. तालाब भराई कर अवैध तरीके से जमीन निर्माण का कार्य करने वाले पर कड़ी कार्यवाही के साथ कई नेताओं ओर दलालों को गिरफ्तार भी किया. इसी कड़ी में देखा जा रहा है कि बीते कुछ दिनों से कुल्टी ओर बराकर क्षेत्र में अवैध बालू की जमकर तस्करी तस्करों द्वारा की जा रही है. ये बालू तस्कर पुलिस फाड़ी ओर थाना के कुछ छोटे तबके के अधिकारी की मदद से चोरी छुपे बालू



की आपूर्ति कर रहे है. इन पुलिस अधिकारी ओर बालू के तस्कर पर पुलिस के ऊपर के अधिकारी कुछ भी कार्यवाही करने में असफल दिखाई पड़ रहे है. इन अवैध कार्य कलाप को लेकर मुख्यमंत्री ने कड़ी आपत्ति दर्ज करते हुए कहा था कि पुलिस थाना के छोटे अधिकारी ओर छुटभैय्ए नेता अवैध तरीके से पैसा अर्जित करते है. जहा सरकार के साथ मुख्यमंत्री को बदनाम करने के कार्य कर रहे है. इनके खिलाफ पुलिस के अपर अधिकारी ओर खुफिया विभाग को सख्त कार्यवाही का निर्देश भी दिया था. लेकिन वही ढाक के तीन पात वाली कहावत बालू को लेकर चरितार्थ साबित हो रही है. बराकर, कुल्टी, रामनगर, नियामतपुर, सकतोड़िया, लुथरिया रोड, चिनाकुडी रोड में दिन के उजाले और रात के अंधेरे में बेरोकटोक अवैध बालू ट्रैक्टर ओर डंफर के द्वारा लगातार बालू तस्कर कार्य को अंजाम दे रहे है. जिससे राज्य की सरकार को रोजाना लाखों करोड़ों का चूना लगा रहे है. जिन पर कार्यवाही अति आवश्यक है.

## हुगली में चिटफंड मामले में ईडी की छापेमारी

**संवाददाता। हुगली**

चिटफंड मामले में ईडी ने गुरुवार को हुगली जिले के रिषड़ा में दो जगहों पर छापेमारी की. केंद्रीय जांच एजेंसी की दो टीमें गुरुवार सुबह ही रिषड़ा के एन एस रोड और बांगुड पार्क इलाके में छापेमारी करने पहुंची. साथ में केंद्रीय बलों के जवान भी मौजूर रहे. सूत्रों के मुताबिक ये तलाशी चिटफंड मामले की जांच में है. इस दिन ईडी के अधिकारियों का एक दल केंद्रीय बलों के साथ एनएस रोड के विद्या अपार्टमेंट में चौथी मंजिल पर स्थित एक फ्लैट में घुस गए. दूसरी तरफ ईडी के अधिकारियों ने रिषड़ा के बांगुर पार्क इलाके में एक बिजनेसमैन के घर पर भी छापेमारी की. स्थानीय सूत्रों के मुताबिक विद्या अपार्टमेंट का फ्लैट युगल मारोडिया नामक एक कारोबारी का है. हालांकि इलाके के लोगों को




यह नहीं पता कि उनका कारोबार क्या है. स्थानीय सूत्रों के मुताबिक वह इलाके के लोगों से ज्यादा मेलजोल नहीं रखते. उसके आवास की तलाशी चल रही थी. माना जा रहा है कि ईडी के इस ऑपरेशन के पीछे चिटफंड जांच ही है. हालाँकि, अभी तक इसकी पूरी तरह से पुष्टि नहीं हुई है. रिषड़ा के बांगुर पार्क में तलाशी के दौरान एक बार ईडी अधिकारी कारोबारी के घर से बाहर निकले. जब उनसे तलाशी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने जवाब देने से इनकार कर दिया. उन्होंने कहा, "अभी हम कुछ नहीं कह सकते, जांच जारी है."

### रानीगंज में सात घरों में चोरी, जांच में पुलिस

**रानीगंज।** बुधवार की रात पांडवेश्वर थाना क्षेत्र के नवग्राम पंचायत के कुमारडीही स्टाफ कॉलोनी आवासिय इलाके में एक सात घरों में ताला तोड़कर चोरी होने से इलाके मे सनसनी फैल गई. पांडवेश्वर थाना पुलिस ने चोरी की जांच शुरू कर दी है. इलाके की सीसीटीवी फुटेज जुटाई जा रही है. चोरी की घटना कुमारडीही पार्क से सटे स्टाफ कॉलोनी आवास क्षेत्र के श्रमिक आवासों में हुई. गुरुवार की सुबह चोरी की खबर इलाके में फैल गयी. स्थानीय सूत्रों के अनुसार, चोरी श्यामल पाल, लक्षी राय चौधरी, झूमा चटर्जी, दीपक सौमंडल, नंदन चटर्जी, तरुण साव और निमाई दास के आवास पर हुई,इसमें कुछ बाहर गया हुआ था तो कुछ डिउटी में था, इसी का फायदा उठाकर चोरों ने घर का सारा समान लेकर फरार हो गया. चोरी के संबंध में लक्षी राय चौधरी ने बताया की मैं शादी में बाहर गया था.

## बीसीसीएल की सुरक्षा समिति की बैठक

**संवाददाता। बराकर**

बीसीसीएल सीवी एरिया बारह के मुख्यालय बेगुनिया स्थित अतिथि गृह में गुरुवार को त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की वार्षिक बैठक संपन्न हुई. बैठक में डीजीएमएस के उप मुख्य निदेशक खनन के एमके साहू मुख्य रूप से उपस्थित थे. बैठक के दौरान यूनियन नेताओं ने सुरक्षा से जुड़े पहलुओं को उपस्थित अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया. जमसं के क्षेत्रीय सचिव सुभाष सिंह ने कहा कि एरिया में परियोजनाएं चल रही है. लेकिन माइंस एक्ट के तहत यहां कई अनियमितता है. उन्होंने कहा कि परियोजना के आसपास प्रबंधक, चिकित्सक, अभियंता व चिकित्सक नही रहते वे बाहर से आते है. यह सबसे बड़ा सुरक्षा की चूक है. वहीं उन्होंने कहा कि दहीबाड़ी परियोजना की स्थिति काफी दयनीय है. खदान का बेंच काफी ऊंचा है. जिसके कारण कभी भी लेंड स्लाइड्स हो सकता है. वहीं खदान के बीच से सड़क जाता है. यह दुर्घटना का कारण बन सकता है. इसके अलावा अन्य लोगों ने सुरक्षा से संबंधित अपनी अपनी बातों को बैठक में रखा. इस पर डीजीएमएस के लक्ष्मी नारायण ने संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की बात कही. इस दौरान बीसीकेयू के बबलू दास, चंदन सिंह, दयामय उपाध्याय, देवाशीष मुदी, नोगेन महतो, बाबु जान मरांडी,राकेश मिश्रा ने सुरक्षा पर अपना पक्ष रखा. वही प्रबधंन की ओर से महाप्रबंधक एसबी कुमार, एजीएम एसके घोष, एपीएम जगदीश कर्मकार, परियोजना प्रमुख देवाशीष चक्रवर्ती अन्य मौजूद थे.

### नौकरी की मांग को लेकर भूख हड़ताल

**रानीगंज।** ईसीएल के काजोरा क्षेत्र अंतर्गत खास काजोरा कोलियरी एजेंट कार्यालय के समक्ष कोलियरी कर्मी ने आश्रित के नौकरी देने की मांग को लेकर भूख हड़ताल शुरु किया. इस संबंध में ज्ञात होगी की ड्यूटी के दौरान वर्ष 2016 में ई सी एल कर्मी भीमलाल महतो 55 का एसडीएल ऑपरेटर का खदान के अंदर काम करने के दौरान रूफ बोल्ट से एक आंख में चोट लगी थी जिसके कारण एक आंख नष्ट हो गया एवं दूसरा आंख 85 परसेंट खराब हो चुका था. प्रबंधन द्वारा उनका इलाज कराया गया जिसके कारण उन्हें विभिन्न अस्पतालों का चक्कर काटना पड़ा बाद में प्रबंधन हर महिना मेंटेनेंस खर्च देना शुरु किया. इधर कुछ महिनों से वह मेंटेनेंस खर्च भी देना बंद कर दिया. मेडिकल टीम ने उन्हें ड्यूटी के लिए अनफिट कर दिया था इसके बाद प्रबंधन के द्वारा उनके आश्रित को नौकरी नहीं दिया गया.

## सात सूत्री मांगों को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता। पुरुलिया**

कांग्रेस के बैनर तले गुरुवार को 7 सूत्री मांगों को लेकर झालदा 1 नंबर ब्लॉक भूमि एवं भूमि सुधार विभाग को एक ज्ञापन सौंपा गया. उल्लेखनीय है कि राज्य प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार राज्य के प्रत्येक भूमि एवं भूमि सुधार विभाग में प्रतिनिधि प्रतिनियुक्ति का कार्यक्रम चलाया जा रहा है. इसके मद्देनजर पुरुलिया जिला अंतर्गत झालदा 1 और 2 नंबर ब्लॉक में कांग्रेस पार्टी की ओर से भूमि एवं भूमि सुधार विभाग को एक ज्ञापन सौंपी गया. इस संबंध में पुरुलिया जिला कांग्रेस के महासचिव देवदुलाल चटराज और जयपुर विधानसभा अध्यक्ष फणीभूषण कुमार और प्रदेश कांग्रेस सदस्य निरंजन रजक ने कहा कि कांग्रेस की 7 सूत्री मांगों में मुख्य मांग अवैध लेन देन के



माध्यम से भूमि के चरित्र को बदलना होगा. जमीन को अवैध तरीके से दर्ज करने के मामले की जांच के लिए आवेदन दिया गया है. उसकी जांच पड़ताल की जाए. इसके अलावा झालदा क्षेत्र में दलाल राज और बालू की कालाबाजारी चल रही है. रात के अंधेरे में बालू का कारोबार हो रहा है. रॉयल्टी के नाम पर 1500 रुपये अतिरिक्त वसूला जा रहा है. जिसके कारण आम लोगों को ऊंची कीमत पर बालू खरीदना पड़ रहा है.



# फेफड़ों की बीमारी के लिए चुकंदर का रस फायदेमंद!

एक शोध से यह बात सामने आई है कि 12 सप्ताह तक चुकंदर का रस लेने से क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) से पीड़ित लोगों में सुधार हुआ है।
सीओपीडी एक गंभीर फेफड़ों की स्थिति है जो दुनिया भर में लगभग 400 मिलियन लोगों को प्रभावित करती है, जिसमें क्रोनिक ब्रोंकाइटिस और वातस्फीति (एम्फाइजिमा) शामिल है, जिससे सांस लेने में कठिनाई होती है और लोगों की शारीरिक गतिविधि की क्षमता गंभीर रूप से सीमित हो जाती है। इससे दिल के दौरे और स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ जाता है। यूरोपियन रेसपिरेटरी जर्नल में प्रकाशित नए शोध में एक केंद्रित चुकंदर के रस के पूरक का परीक्षण किया गया, जिसमें चुकंदर के रस के मुकाबले नाइट्रेट की मात्रा अधिक होती है, जो दिखने और स्वाद में समान था। लेकिन, नाइट्रेट हटा दिया गया था।
इंपीरियल कॉलेज लंदन यूके के प्रोफेसर निकोलस हॉपकिंसन ने कहा, कुछ सबूत हैं कि नाइट्रेट के स्रोत के रूप में चुकंदर के रस का उपयोग एथलीटों द्वारा अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए किया जा सकता है और साथ ही रक्तचाप को देखते हुए कुछ अल्पकालिक अध्ययन भी किए गए हैं।
हॉपकिंसन ने कहा, रक्त में नाइट्रेट का उच्च स्तर नाइट्रिक ऑक्साइड की उपलब्धता को बढ़ा सकता है, एक रसायन जो रक्त वाहिकाओं को आराम देने में मदद करता है। यह मांसपेशियों की कार्यक्षमता को भी बढ़ाता है यानी समान कार्य करने के लिए उन्हें कम ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है। अध्ययन में सीओपीडी वाले 81 लोगों को शामिल किया गया और जिनका सिस्टोलिक रक्तचाप 130 मिलीमीटर पारा (एमएमएचजी) से अधिक था। मरीजों के रक्तचाप की निगरानी करने के साथ-साथ, शोधकर्ताओं ने परीक्षण किया कि अध्ययन की शुरुआत और अंत में मरीज छह मिनट में कितनी दूर तक चल सकते हैं।
प्रतिभागियों को 12 महीने के कोर्स में नाइट्रेट से भरपूर चुकंदर का रस दिया गया और कई रोगियों को बिना नाइट्रेट वाला चुकंदर का रस दिया गया।
शोधकर्ताओं ने पाया कि नाइट्रेट युक्त पूरक लेने वालों ने नाइट्रेट लेने वालों की तुलना में सिस्टोलिक रक्तचाप में 4.5 मिमी/एचजी की औसत कमी का अनुभव किया। नाइट्रेट से भरपूर चुकंदर का जूस पीने वाले मरीज छह मिनट में कितनी दूर तक चल सकते हैं, इसमें भी औसतन लगभग 30 मीटर की वृद्धि हुई। प्रोफेसर हॉपकिंसन ने कहा, अध्ययन के अंत में हमने पाया कि नाइट्रेट युक्त चुकंदर का जूस पीने वाले लोगों का रक्तचाप कम था और उनकी रक्त वाहिकाएं कम कठोर हो गईं। जूस से यह बात भी सामने आई कि सीओपीडी वाले लोग छह मिनट में कितनी दूर तक चल सकते हैं। यह इस क्षेत्र में अब तक के सबसे लंबी अवधि के अध्ययनों में से एक है। परिणाम बहुत आशाजनक हैं, लेकिन इसके लिए दीर्घकालिक अध्ययनों की आवश्यकता होगी।
स्वीडन में कारोलिंस्का इंस्टिट्यूट के प्रोफेसर अपोस्टोलोस बोसियोस ने कहा, सीओपीडी को ठीक नहीं किया जा सकता है, इसलिए मरीजों को इस स्थिति के साथ बेहतर जीवन जीने और उनके हृदय रोग के खतरे को कम करने में मदद करने की सख्त जरूरत है। हालांकि, बोसियोस ने निष्कर्षों की पुष्टि के लिए लंबी अवधि तक रोगियों का अध्ययन करने की आवश्यकता पर बल दिया।





# दिल के स्वास्थ्य के लिए अच्छा है अजवाइन

**अगर आप वजन कम करना चाहते हैं या कब्ज की समस्या से परेशान हैं, तो आपके लिए अजवाइन का सेवन फायदेमंद है। इसमें कई ऐसे गुण होते हैं, जो आपकी कई शारीरिक समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। क्या आप काफी समय से वजन कम करने की कोशिश में लगे हुए हैं और नहीं कर पा रहे हैं या पेट की समस्या से परेशान है, तो ऐसी कई समस्याओं का उपाय, आपके किचन में रखा यह एक मसाला कर सकता है। हम बात कर हैं अजवाइन की, यह एक सबसे सस्ता और फायदेमंद मसाला होने के साथ एक अच्छा फैट बर्नर भी है।**

अजवाइन का इस्तेमाल भारतीय रसोई में काफी सालों से किया जा रहा है। इसके सेवन से आप आसानी से वजन कर सकते हैं । यह कई स्वास्थ्य संबंधित फायदे भी देती है, जैसे कि पेट दर्द, गैस और पेट के कई रोगों को भी यह दूर करने में मदद करती है। जिन लोगों को गठिया है, उसके उपचार में भी यह काफी लाभदायक साबित हो सकता है। इसका उपयोग हर्बल औषधि में किया जाता है।

## वेट लॉस में मदद करता है

अजवाइन में थाइमोल नामक एक तत्व होता है, जो आपके मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है। जब आपका मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है, तो नया फैट बन नहीं पता है और पुराना फैट आसानी से बर्न होता है, तो अजवाइन का सेवन इस तरह से वजन कम करने में मदद कर सकता है।

## दिल के स्वास्थ्य के लिए अच्छा है

अजवाइन में फाइबर, विटामिन ए और अन्य तरह के पोषण पाए जाते हैं, जो दिल के स्वास्थ्य को सुधार सकती हैं। इस पर हुए शोध में पता चला है कि इसमें एंटीऑक्सीडेंट की भरपूर मात्रा पाई जाती है, जो शरीर में कोलेस्ट्रॉल से लड़ने में काफी सहायक होती है।

## दर्द निवारक है

पेट के दर्द में अजवाइन काफी काम आती है, क्योंकि इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो दर्द को कम करने में मदद करते हैं।दर्द के अलावा यह सूजन को भी कर सकती है। अजवाइन में थाइमोल नामक तत्व होता है, जो एंटी-इन्फ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट गुणों के लिए जाना जाता है।

## ब्लड प्रेशर कंट्रोल

इसमें मौजूद पोटैशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स की मात्रा ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में मदद कर सकता है। हाई पोटैशियम डाइट से उच्च ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

## पाचन स्वास्थ्य के लिए

अजवाइन पाचन को सुधारने में मदद कर सकता है। अगर आपको गैस, एसिडिटी, और कब्ज की समस्या बनी रहती है, तो आपको इसका रोजाना सेवन जरूरी करना चाहिए।



# ठंड में हार्ट के मरीज बरतें ये सावधानियां

ठंड के मौसम में हमारे शरीर में कई तरह के बदलाव आने लगते हैं। सर्दी के कारण जहां सर्दी और खांसी की समस्या बढ़ जाती है। वहीं इस मौसम में दिल की बीमारी को खतरा भी काफी बढ़ जाता है। दरअसल सर्द हवाओं के चलते रक्त वाहिकाएं संकुचित हो जाती है जिसके कारण ब्लड का फ्लो सही से नहीं हो पता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है। दिल पर दबाव पड़ता है और हार्ट अटैक का कारण बनता है। वहीं इस मौसम में हमारी लाइफस्टाइल भी काफी ज्यादा बदल जाती है। इसके कारण भी हार्ट अटैक का खतरा बना रहता है। अगर आप हार्ट के पेशेंट हैं और खुद को सर्दियों में सुरक्षित रखना चाहते हैं तो आप इन बातों को जरूर ध्यान में रखें।

## सर्दियों में हार्ट के मरीज ऐसे बरतें सावधानियां

- सर्दियों के मौसम में आप अनहेल्दी फूड खाने से बचें। अगर आप ठंड के दिनों में ज्यादा तला भुना या फाइड चीज खाते हैं,तो यह आपके हार्ट को नुकसान पहुंचा सकता है। ब्लड फ्लो वैसे ही कम हो जाता है और ऑयली चीज खाने से ब्लड वेसल में फैट जमा हो जाएगा तो ब्लड फ्लो पूरी तरह से बाधित हो सकता है। यह हार्ट हेल्थ के मरीजों को बुरी तरह से नुकसान पहुंचता है।
- हार्ट के मरीजों को एक्सरसाइज रेगुलर बेसिस पर करना जरूरी होता है। सर्दियों में लोग अक्सर ज्यादा खाते हैं और कंफर्टेबल फूड खाने के आदी हो जाते हैं। ऐसे में वजन बढ़ने का रिस्क बढ़ जाता है और इससे हार्ट पर ज्यादा दबाव पड़ने लगता है। इससे बचने का बेहतर उपाय यह है कि आप बहुत ज्यादा एक्सरसाइज नहीं भी कर पाए तो हल्की-फुल्की एक्सरसाइज हर रोज करें। इससे आप एक्टिव रहेंगे और हार्ट भी ठीक से फंक्शन करेगा।
- सर्दियों के मौसम में अक्सर धूप की कमी के चलते मेंटल हेल्थ खराब हो जाता है। अक्सर लोग डिप्रेशन और स्ट्रेस के शिकार हो जाते हैं। ऐसे में आप कोशिश करें कि तनाव कम लें, स्ट्रेस मैनेज करें। क्योंकि स्ट्रेस की वजह से बीपी बढ़ सकता है और यह हार्ट अटैक का कारण बन सकता है।
- हार्ट को हेल्दी रखने के लिए ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखना जरूरी होता है। ऐसे में सर्दियों में जितना कम हो सके उतना नमक का सेवन करें, शरीर में नमक पानी को रोकता है और हार्ट को इस लिक्विड को पंप करने में ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। इससे हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है।
- अक्सर लोग सर्दियों में धूम्रपान ज्यादा करते हैं। इससे भी हार्ट अटैक की आशंका ज्यादा होती है। इससे धमनियों में प्लाक जमा होता है और अच्छे कोलेस्ट्रॉल का स्तर भी घटता है। कोशिश करें कि धूम्रपान ना करें



# महिलाओं में होने वाले सबसे गंभीर कैंसरों में से एक है सर्वाइकल कैंसर

कैंसर एक बहुत ही खतरनाक बीमारी है। यह कई प्रकार के होते हैं। इन्हीं में से एक है सर्वाइकल कैंसर। यह महिलाओं में होने वाले सबसे गंभीर कैंसरों में से एक है। ब्रेस्ट कैंसर के बाद भारत में इस बीमारी से सबसे ज्यादा महिलाएं पीड़ित है। यह महिलाओं की मौत का एक प्रमुख कारण माना जाता है। इस गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने के मकसद से हर साल जनवरी के महीने को सर्वाइकल कैंसर अवेयरनेस मंथ के तौर पर मनाया जाता है। सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय ग्रीवा में होता है। इसे गर्भाशय के मुंह का भी कैंसर कहा जाता है। महिलाओं में गर्भाशय और योनि को जोड़ने वाले हिस्से को सर्विक्स कहते हैं। इस वजह से इसमें होने वाले कैंसर को सर्वाइकल कैंसर कहा जाता है। यह कैंसर एचपीवी यानी कि ह्युमन पैपिल्लोमा वायरस के कारण होता है । एचपीवी शरीर में अंदर प्रवेश करके यूटरस के अंदरूनी हिस्से को नुकसान पहुंचता है और धीरे-धीरे कैंसर का रूप ले लेता है। दरअसल इसके लक्षण काफी आम होते हैं जिसकी वजह से अक्सर महिलाएं से नजरअंदाज कर देती हैं। एक्सपर्ट के मुताबिक 30 की उम्र की महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर खतरा ज्यादा रहता है। सर्वाइकल कैंसर होने के पीछे कई कारण जिम्मेदार होते हैं, जिसमें से है एक से अधिक साथी के साथ संबंध बनाना, खराब हाइजीन, बर्थ कंट्रोल पिल्स का इस्तेमाल करना, स्मोकिंग और परिवार का इतिहास इस कैंसर के लिए जिम्मेदार हो सकते हैं।

## सर्वाइकल कैंसर के बारे में ऐसे चलता है पता

सर्वाइकल कैंसर के लक्षण वैसे दिखाई नहीं देते हैं,लेकिन फिर भी आपको शक है तो इसलिए इसकी स्क्रीनिंग टेस्ट होती है। पैप स्मीयर टेस्ट सबसे महत्वपूर्ण टेस्ट होता है। इसमें गर्भाशय ग्रीवा के ऊतकों का नमूना लिया जाता है। अगर इसमें असामान्य कोशिकाएं मिलती हैं तो एचपीवी टेस्ट की जाती है।इन जांचों से सर्वाइकल कैंसर का पता लगता है। इसके बाद इलाज शुरू किया जाता है।




# कितने साल चलता है हार्ट का कोरोनरी स्टेंट

कोरोनरी स्टेंट एक तकनीकी उपाय है जिसका उपयोग धमनियों (कोरोनरी आर्टरीज) को खोलने के लिए किया जाता है ताकि रक्त स्वतंत्रता से हृदय में पहुंच सके। इसका उपयोग हृदय संबंधित समस्याओं, जैसे कि दिल का दौरा, कोरोनरी आर्टरी रोग, या अन्य धमनीक बीमारियों के इलाज में किया जाता है। कोरोनरी स्टेंट जिस तकनीकी साधन का उपयोग किया जाता है, वह साधन धातु से बना होता है और धातु की दरबारी विशेषता और रक्त की प्रवाह की गति के आधार पर इसकी जीवनकाल की अधिकतम विशेषता को निर्धारित करती है। कई प्रकार के स्टेंट्स उपलब्ध हैं, जिनमें शास्त्रीय (बेयर-मेटलिक) और ड्रग-एलूटिंग स्टेंट्स शामिल हैं। शास्त्रीय स्टेंट्स का जीवनकाल आमतौर पर कुछ साल से लेकर कई दशक तक हो सकता है, जबकि ड्रग-एलूटिंग स्टेंट्स में शास्त्रीय स्टेंट्स के मुकाबले ड्रगों का उपयोग किया जाता है जो आराम से विघटित होते हैं और उनका प्रभाव अधिक समय तक बना रहता है। यह निर्भर करता है कि रोगी का स्वास्थ्य, सामान्य शारीरिक स्थिति, और स्थानांतरण का उपयोग किस तकनीकी साधन पर किया गया है। आपके चिकित्सक से यह सवाल करना हमेशा उचित होता है।

# सर्दी में सेहत ना पड़ जाए ठंडी

**सर्दियों का मौसम उत्तर भारत में दस्तक दे चुका है। कहते हैं कि सर्दी का मौसम सेहत के नजरिए से बेहतर होता है। ऐसे में हम आपको बता रहे हैं इस मौसम में आपकी डाइट कैसी होनी चाहिए ताकि आप भी सर्दी में अपनी सेहत बेहतर बना सकें और सर्दियों को एंजॉय कर सकें।**

आमतौर पर हम गर्मियों में कम खाना खाते हैं तो उसकी तुलना में सर्दियों में भूख में भी इजाफा होता है। सर्दियों में शरीर से मेहनत भी कम होती है। खासकर इस मौसम में सभी को अपनी हेल्थ का ख्याल रखना काफी जरूरी है। यहां हम आपको बता रहे हैं कि सर्दियों के मौसम में किस प्रकार से अपना ख्याल रखा जाता है और किन-किन सावधानियों को ध्यान में रखा जाता है।
अपनी डाइट का इस तरह रखें खास ख्याल सर्दियों के मौसम में खानपान का खास ख्याल रखना काफी ज्यादा जरूरी हो जाता है। क्योंकि इस मौसम में शरीर में कई प्रकार की बीमारियां भी लगने का खतरा बना रहता है। इस बारे में डॉक्टर बताते हैं कि सर्दियां आते ही सिट्रस या विटामिन सी युक्त पदार्थों के सेवन पर ध्यान दें। इसके लिए संतरा, नींबू, आंवला आदि में से कोई एक दिन में जरूर खाएं। इससे इम्युनिटी बढ़ाने में मदद मिलेगी और सर्दी खांसी आदि से भी बचाव होगा। विटामिन डी के सेवन का भी ध्यान रखें व धूप में भी वक्त बिताएं। इसके अलावा भोजन में हल्दी, अदरक व लहसून की मात्रा जोड़ें। इसके लिए व्यंजनों में पिसा अदरक जोड़ा जा सकता है और सलाद में ऊपर से कद्दूकस करके भी डाला जा सकता है।

## वजन कम करने में मदद करते हैं ये फूड

वहीं एक्सपर्ट का कहना है कि अगर आप साबुत अनाज, दलिया आदि का सेवन करते हैं तो ये वजन कम करने में भी असरदार हैं और दिल के लिए भी फायदेमंद साबित होते हैं। इस मौसम में सब्जियों और फलों का भरपूर सेवन करना चाहिए। इस मौसम में फाइड और सैचुरेटेड फूड्स का उपयोग नहीं करना चाहिए।

## खाने के आधे घंटे बाद पीएं पानी

वैसे तो गर्मियों की तुलना में सर्दियों में कम पानी पिया जाता है, लेकिन इस मौसम में आवश्यक मात्रा में पानी पीना चाहिए। याद रखें कि पानी खाना खाने के तुरंत बाद ना लेकर आधे घंटे के अंतराल पर पीएं। वहीं, अगर आप इस मौसम में हर्बल-टी पीते हैं, तो इससे एलडीएल कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड का लेवल भी डाउन होता है।

## एक्सरसाइज करना है जरूरी

अगर आप अपनी बॉडी फिट रखना चाहते हैं, तो इसके लिए सर्दियों से अच्छा मौसम और कोई नहीं हो सकता है। इस दौरान आप अपने वजन को कंट्रोल करें। बॉडी को फिट रखने के लिए रेगुलर एक्सरसाइज कीजिए। अगर आप जिम में जाकर एक्सरसाइज नहीं कर पा रहे हैं तो रोजाना वॉक पर जाएं। चलने से शरीर में गर्मी पैदा होती है और इससे खून का दौरा बढ़ता है। सर्दियों के मौसम में ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रोल को कंट्रोल करना चाहिए। इस मौसम में नमक का कम मात्रा में सेवन करना चाहिए क्योंकि अधिक नमक का सेवन करने से दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।



## नींद लें पूरी, गर्म चीजों का करें सेवन

सर्दियों के मौसम में ठंड से बचाव के लिए खुद को गर्म कपड़ों से कवर रखना चाहिए। इस दौरान पैर, सिर और कानों को खासतौर से ढककर रखना चाहिए। सर्दियों में कम से कम 6 से 8 घंटे की नींद लेनी चाहिए। ठंड के मौसम में शरीर को ठंड से बचाने के लिए जैसे गर्म कपड़ों का इस्तेमाल किया जाता है, ठीक इसी प्रकार से गर्म चीजों का सेवन भी किया जाता है। इस दौरान स्किन सूखने लग जाती और फटने भी लगती है तो इसके लिए ऑयल या बॉडी लोशन का उपयोग कर सकते हैं।

मंथन

## एक राष्ट्र, एक चुनाव के लिए बढ़ते कदम

एक राष्ट्र, एक चुनावको मोदी कैबिनेट से मंजूरी मिल गई है। जल्द ही इससे संबंधित बिल संसद में पेश हो सकता है। वन नेशन वन इलेक्शन का विचार भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण चर्चा का विषय बन चुका है। इसका मुख्य उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक ही समय पर आयोजित करना है, जिससे चुनावी खर्चों में कमी, चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और शासन की स्थिरता सुनिश्चित की जा सके। हालांकि, इसके लाभों के साथ-साथ कुछ महत्वपूर्ण चुनौतियां भी जुड़ी हैं, जिन पर विचार करना आवश्यक है। सबसे पहले, यह प्रणाली चुनावी खर्चों में कमी ला सकती है, क्योंकि चुनावी प्रक्रिया को एक साथ आयोजित करने से प्रशासनिक खर्च और संसाधनों की बचत हो सकती है। इसके अलावा, एक साथ चुनाव होने से आदर्श आचार संहिता के लागू होने की अवधि कम हो सकती है, जिससे राजनीतिक कार्यों में रुकावट कम होगी और शासन की गति में स्थिरता आएगी। लेकिन इस प्रणाली की सबसे बड़ी चुनौती भारत की विविधता है। भारत में विभिन्न राज्यों के चुनावी मुद्दे अलग-अलग होते हैं, और एक साथ चुनाव कराने से राज्यों के स्थानीय मुद्दों की अनदेखी हो सकती है. इसके अलावा, छोटे और क्षेत्रीय दलों की राजनीतिक पहचान पर भी असर पड़ सकता है, क्योंकि वे बड़े राष्ट्रीय मुद्दों के मुकाबले स्थानीय मुद्दों पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं. वन नेशन, वन इलेक्शन एक विचार है, जिसे लागू करने से पहले कई पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श की आवश्यकता है. यह भारत जैसे विविधतापूर्ण लोकतंत्र के लिए एक बड़ा बदलाव होगा.

नजरिया

## राजनीति की दिशा प्रभावित करेगा 'अविश्वास' प्रस्ताव

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़, के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाना भारतीय लोकतंत्र में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटना है. विपक्षी दलों का आरोप है कि धनखड़ ने सदन की कार्यवाही के दौरान पक्षपाती रवैया अपनाया है और विपक्षी नेताओं के साथ असमान व्यवहार किया है. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इसे 'स्कूल के हेडमास्टर' के व्यवहार के समान बताया, जिसमें विपक्षी सांसदों को अपनी बात रखने का समान अवसर नहीं मिलता. इसके अतिरिक्त, उनका कहना है कि सभापति विपक्षी नेताओं पर अपमानजनक टिप्पणियां करते हैं, जिससे सदन की गरिमा पर असर पड़ता है. सभापति का पद संवैधानिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि उन्हें सदन की कार्यवाही को निष्पक्ष और संतुलित तरीके से संचालित करना होता है. यदि विपक्ष को सही प्रतिनिधित्व नहीं मिलता और उन्हें अपनी बात रखने का पूरा अवसर नहीं दिया जाता, तो यह लोकतंत्र की कमजोर कड़ी साबित हो सकता है. हालांकि, धनखड़ के समर्थक यह तर्क देते हैं कि उन्होंने राज्यसभा में अनुशासन बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाए हैं, लेकिन विपक्ष का कहना है कि उनका रवैया असंवेदनशील और पक्षपाती है. अविश्वास प्रस्ताव इस बात का प्रतीक है कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं, जो भारतीय राजनीति की दिशा को प्रभावित कर सकते हैं.

# भारतीय इतिहास का एक काला अध्याय

शैलेंद्र वर्मा

भारत की संसद, जिसे लोकतंत्र का मंदिर कहा जाता है, देश का सबसे महत्वपूर्ण संवैधानिक और राजनीतिक संस्थान है. यह न केवल भारतीय जनतंत्र की धुरी है, बल्कि यहां के निर्णय और विचार भारतीय राजनीति के सबसे अहम पहलुओं का निर्धारण करती हैं. 13 दिसंबर 2001 का दिन भारतीय इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में दर्ज हुआ, जब भारतीय संसद भवन पर आतंकी हमला हुआ. यह हमला न केवल एक कायरतापूर्ण आतंकी कार्रवाई थी, बल्कि देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और उसकी सुरक्षा को चुनौती देने वाली घटना थी.

**हमले के समय चल रहा था शीतकालीन सत्र :** 13 दिसंबर 2001 को संसद भवन में शीतकालीन सत्र चल रहा था. उस दिन संसद भवन में कई महत्वपूर्ण बैठकें और चर्चा हो रही थीं. सुबह के समय, पांच आतंकियों ने संसद भवन में घुसने की कोशिश की. आतंकवादियों ने संसद भवन के बाहर सुरक्षा गार्डों से मुठभेड़ की और फिर आंतरिक परिसर में घुसने की कोशिश की. इन आतंकवादियों के पास अत्याधुनिक हथियार, जैसे कि एके-47 राइफल और ग्रेनेड थे. आतंकियों ने संसद भवन में घुसने के बाद वहां मौजूद सुरक्षा बलों और पुलिसकर्मियों पर हमला किया. हमले में कुल नौ लोग मारे गए, जिनमें छह सुरक्षा गार्ड, एक पुलिसकर्मी, एक संसद सदस्य, और एक संसद भवन का कर्मचारी शामिल थे. आतंकवादी हमले के बाद, सुरक्षा बलों ने त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए आतंकवादियों को मार गिराया. हालांकि हमले में कोई भी संसद सदस्य हताहत नहीं हुआ, लेकिन यह घटना देश के लिए एक गंभीर चेतावनी थी.




**हमले का उद्देश्य और आतंकवादियों की पृष्ठभूमि :** इस हमले के पीछे पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का हाथ था. हमले में शामिल आतंकवादी पाकिस्तान से प्रशिक्षित थे और उनका उद्देश्य भारतीय संसद को निशाना बनाना था, ताकि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और लोकतंत्र को चोट पहुंचाई जा सके. जैश-ए-मोहम्मद ने इस हमले की जिम्मेदारी ली और इसका मुख्य उद्देश्य भारत में आतंकवाद फैलाना था. यह हमला भारत और पाकिस्तान के रिश्तों को भी प्रभावित करने वाला था, क्योंकि पाकिस्तान के आतंकवादी समूह भारतीय संप्रभुता और सुरक्षा को लगातार निशाना बना रहे थे. इस हमले के माध्यम से आतंकवादियों ने न केवल भारत की सुरक्षा को चुनौती दी, बल्कि लोकतंत्र के महत्वपूर्ण प्रतीक, संसद को भी आतंकवाद का लक्ष्य बना लिया. इस हमले ने भारतीय सुरक्षा एजेंसियों और संसद भवन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए. संसद भवन एक अत्यधिक संरक्षित क्षेत्र था, जहां कई सुरक्षा चेकपॉइंट्स थे, फिर भी आतंकवादी उसमें घुसने में सफल हो गए. इस हमले ने यह स्पष्ट किया कि आतंकवादियों के लिए कोई भी सुरक्षा व्यवस्था कभी भी पूर्ण नहीं हो सकती और आतंकवादी हर संभव तरीके से अपनी योजना को अंजाम दे सकते हैं.

हमले के बाद भारतीय सरकार और सुरक्षा बलों ने अपनी सुरक्षा रणनीतियों में सुधार किया. संसद भवन और अन्य संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा को बढ़ाया गया. इसके अतिरिक्त आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू की गई और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति को मजबूत किया गया.इस हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाने की कोशिश की, ताकि वह आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करे.

भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान द्वारा आतंकवादी संगठनों को समर्थन देने की बात उठाई. इस हमले ने भारतीय लोकतंत्र, उसकी सुरक्षा प्रणाली, और आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई को गंभीर रूप से प्रभावित किया. यह घटना दर्शाती है कि आतंकवाद एक वैश्विक समस्या है, जिसे किसी एक राष्ट्र के प्रयासों से समाप्त नहीं किया जा सकता. पिछले साल भी 13 दिसंबर को ही संसद भवन के अंदर उपद्रवी तत्वों ने रंगीन गुब्बारे वाला धमाका करके सुरक्षा में सेंध मारी थी. इसको लेकर भी कई सवाल खड़े हुए. भारतीय संसद पर ऐसे हमले हमें याद दिलाती है कि सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं होती और हमें हमेशा सतर्क रहने की आवश्यकता है.

**13 दिसंबर 2001 का दिन भारतीय इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में दर्ज हुआ, जब भारतीय संसद भवन पर आतंकी हमला हुआ. यह हमला देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और उसकी सुरक्षा को चुनौती देने वाली घटना थी.**

## आज का इतिहास

1232 : इल्तुतमिश ने आज ही के दिन ग्वालियर पर कब्जा किया था.
1675 : सिख गुरु तेग बहादुर जी को दिल्ली में शहीद किया गया.
1772 : नारायण राव सतारा के पेशवा बने थे.
1921 : प्रिंस ऑफ वेल्स ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया.
1989 : मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी को आतंकवादियों के चंगुल से छुड़ाने के लिए पांच आतंकवादियों को जेल से रिहा किया गया.
2001: भारतीय संसद भवन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में सेंध लगाकर आतंकियों ने किया हमला, नौ लोगों की मौत.
2021: भारत की हरनाज संधू ने मिस यूनिवर्स 2021 का खिताब अपने नाम किया.
2021: आतंकवादियों ने श्रीनगर के जेवन में सुरक्षाबलों ने बस पर गोलीबारी की, दो जवान शहीद हुए और 12 जख्मी हुए.

## कैसे करना चाहिए सद्गुरु की आज्ञा का पालन

चिंतन

एक बार एक महात्मा जी के दरबार में एक राहगीर आया और उसने पूछा, हे महात्मन, सद्गुरु की आज्ञा का पालन कैसे करना चाहिए? महात्मा जी ने उसे एक कहानी सुनाई। उन्होंने कहा, बहुत समय पहले की बात है, दो राज्य एक-दूसरे के पास-पास थे. एक राज्य बड़ा था और दूसरा छोटा। बड़े राज्य के पास एक बड़ी सेना थी, जबकि छोटे राज्य की सेना मामूली थी. एक दिन बड़े राज्य के राजा विजय प्रताप के मन में यह पाप आया कि क्यों न वह छोटे राज्य को अपने राज्य में शामिल कर ले. इस विचार को लेकर उसने छोटे राज्य पर आक्रमण करने की योजना बनाई। इधर, छोटे राज्य के राजा धर्मराज अपने गुरुवर के पास गए. विजय प्रताप के गुरु ने उसे समझाया, 'बेटा, युद्ध से पहले एक बार अपने दूत को भेजकर धर्मराज को समझाओ. अगर वह आत्मसमर्पण कर दे, तो बड़ी जनहानि से बचा जा सकता है और बिना युद्ध के काम हो जाएगा. ध्यान रखना कि तुम्हें सबसे विश्वसनीय और महत्वपूर्ण व्यक्ति को भेजना चाहिए, जो तुम्हें हर पल की जानकारी दे सके. राजा विजय प्रताप ने सोचा कि मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति तो मैं खुद ही हूं और वह भेष बदलकर छोटे राज्य गए. वहां, राजा धर्मराज और विजय प्रताप एक ऊंची पहाड़ी पर स्थित मां काली के मंदिर में मिले. विजय प्रताप ने अपना प्रस्ताव रखा, तो राजा धर्मराज ने कहा, पहले आप मेरी बात सुनिए. राजा धर्मराज ने ताली बजाई, और एक सैनिक आया. धर्मराज ने उसे कहा, जाओ, उस पहाड़ी से नीचे कूद जाओ. सैनिक बिना कुछ कहे कूद गया. फिर राजा धर्मराज ने ताली बजाई और दूसरा सैनिक आया, जिसे भी वही आदेश दिया गया और उसने कूदकर अपनी जान दी. ऐसा तीन बार हुआ. विजय प्रताप चौंकते हुए बोले, यह क्या पागलपन है?' तब धर्मराज ने उत्तर दिया, जब तक हमारे पास ऐसे स्वामी-भक्त सैनिक हैं, हम कभी हार स्वीकार नहीं कर सकते.

## इंडिया पर ट्रेंडिंग



1.#LauritzKnudsenXMumbaiIndians
2.#HarnaazInBaaghi4
3.#बहुसंख्यक_का_हो_सम्मान
4.#vivoX200Series
5.#KejriwalMahilaSammanYojna
6.#Harnaaz Sandhu
7.#Yuvraj Singh
8.#मैथिलीशरण गुप्त
9.#Tiger Shroff
10.#Yuvi

# बहुरंग

## 1000 करोड़ पार हुई अल्लू अर्जुन की फिल्म, तोड़े सारे रिकॉर्ड

# छा गया 'पुष्पा राज'



एजेंसी। मुंबई

साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' ने अपने नाम की तरह हर जगह 'रूल' कर लिया है. फिल्म हर दिन एक के बाद एक रिकॉड्र्स को तोड़ती ही जा रही है. अब शायद ही कोई रिकॉर्ड बचा हो जिसे अल्लू अर्जुन नहीं तोड़ पाएंगे. फिल्म ने अपना इंटरनेशनल राज भी कायम रखा है. 'पुष्पा 2' इंडिया की सबसे तेज 1000 करोड़ रुपये कमाने वाली फिल्म बन गई है. पुष्पा का नेशनल राज, इंटरनेशनल भी छाया 'पुष्पा 2' ने अपनी रिलीज के बाद सिर्फ 7 दिनों में हर उस फिल्म का रिकॉर्ड तोड़ दिया है जिसकी कल्पना भी किसी ने नहीं की थी. फिल्म इंडिया में तो ताबड़तोड़ प्रदर्शन कर ही रही है, लेकिन इसका राज इंटरनेशनल मार्केट में भी काफी ज्यादा फैला हुआ है. फिल्म मानो किसी बीमारी की तरह सभी को लग गई है, सब इसे देखने के लिए थिएटर्स की तरफ भाग रहे हैं. फिल्म ने वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड तोड़ कमाई कर डाली और हर उस इंडियन फिल्म को पछाड़ दिया जिसके चर्चे हर तरफ होते थे. इसी के साथ 'पुष्पा 2' ने साउथ के मास्टर कहे जाने वाले डायरेक्टर एस.एस. राजामौली की फिल्म 'बाहुबली 2' को भी मात दे दी है. 'बाहुबली 2' इंडिया की एक समय पर सबसे तेज 1000 करोड़ रुपये कमाने वाली फिल्म थी. फिल्म को 10 दिन लगे थे इस कीर्तिमान को हासिल करने में, जिसे अल्लू अर्जुन ने एक ही हफ्ते में तोड़ दिया.

## मैं प्रेग्नेंट नहीं हूं : सोनाक्षी सिन्हा



**नयी दिल्ली।** सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने 5 महीने पहले शादी के बंधन में बंधे थे और तब से दोनों सोशल मीडिया पर अपने प्यार का इजहार करते नजर आते रहे हैं. हाल ही में, एक्ट्रेस ने अपने बर्थडे के दौरान फोटोज शेयर कर फैंस का दिल जीता था, लेकिन अब उन्होंने प्रेग्नेंसी के अफवाहों पर चुप्पी तोड़ी है. सोनाक्षी और जहीर दोनों अक्सर इंस्टाग्राम पर रोमांटिक तस्वीरें पोस्ट करते हैं, जो उनके बीच के प्यार को दर्शाती हैं. सात साल की डेटिंग के बाद उन्होंने शादी की, लेकिन इसके बावजूद सोशल मीडिया पर उनके बारे में कई तरह की अफवाहें उड़ती रहती हैं. हाल ही में अभिनेत्री के प्रेग्नेंट होने की अफवाहें फैली थीं, जिस पर अब सोनाक्षी ने खुलकर बात की है. एक इंटरव्यू में सोनाक्षी ने स्पष्ट किया कि वह प्रेग्नेंट नहीं हैं. उन्होंने कहा, गाइज, मैं यहां ये साफ करना चाहती हूं कि मैं प्रेग्नेंट नहीं हूं, मैं बस मोटी हो गई हूं. इसके अलावा, सोनाक्षी ने यह भी बताया कि कुछ लोगों ने तो जहीर को मुबारकबाद भी दी थी. इस इंटरव्यू के दौरान जहीर भी सोनाक्षी के साथ थे. प्रेग्नेंसी की चर्चा के बीच दोनों ने बताया कि शादी के बाद से ही वे घूमने, लंच और डिनर इनवाइट्स अटेंड कर रहे हैं और उन्हें फिलहाल किसी दूसरे काम के लिए समय ही नहीं मिल पा रहा है.

**एक इंटरव्यू में सोनाक्षी ने स्पष्ट किया कि वह प्रेग्नेंट नहीं हैं. उन्होंने कहा, गाइज, मैं यहां ये साफ करना चाहती हूं कि मैं प्रेग्नेंट नहीं हूं, मैं बस मोटी हो गई हूं. इसके अलावा, सोनाक्षी ने यह भी बताया कि कुछ लोगों ने तो जहीर को मुबारकबाद भी दी थी.**

## आलिया की शादी में शामिल हुआ नया जोड़ा



**चेन्नई।** साउथ इंडस्ट्री के नए कपल नागा चैतन्य और शोभिता धूलिपाला की शादी अभी हाल में ही 4 दिसंबर को पारंपरिक तरीके से हुई थी. शादी के बाद शोभिता और नागा चैतन्य पहली बार कैमरे के सामने आए. बॉलीवुड डायरेक्टर अनुराग कश्यप की बेटी आलिया कश्यप की शादी समारोह में कई मशहूर हस्तियां शामिल हुईं, जिसमें सुहाना खान, अभिषेक बच्चन, अगतस्य नंदा, नवाजुद्दीन सिद्दीकी और उनकी बेटी, अभिषेक बनर्जी थे। समारोह में नवविवाहित नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला ने सबका खींचा. नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला ने इस बार पैपराजी को फोटो के लिए पोज दिया. नागा चैतन्य ने काले रंग का सूट पहना हुआ था. शोभिता खूबसूरत डिजाइनर ड्रेस पहनकर आई, लेकिन फैंस को शोभिता का ये लुक पसंद नहीं आया. उनके इस लुक को लेकर नेटिजंस ने उन्हें ट्रोल किया है. आलिया कश्यप के रिसेप्शन में शोभिता और नागा चैतन्य का एक वीडियो इंस्टाग्राम पेज पर शेयर किया गया है. इसमें शोभिता और नागा चैतन्य पैपराजी को पोज दे रहे हैं. इस वीडियो पर नेटिजेंस ने कमेंट करते हुए सोभिता को ट्रोल किया है. नेटिज़न ने कई टिप्पणी की हैं जैसे- उनको कोई ड्रेस सेंस नहीं है, उन्हें फैशन की समझ नहीं है व शोबिता को कोई ड्रेसिंग सेंस नहीं है. दरअसल, नागा चैतन्य की यह दूसरी शादी है. उन्होंने वर्ष 2017 में सामंथा से शादी की थी, लेकिन 4 साल के अंदर ही उनकी शादी टूट गई. वर्ष 2021 में उनका तलाक हो गया और वे एक-दूसरे से अलग हो गए.

## माधुरी की फैन माहिरा की बढ़ी मुश्किलें



पाकिस्तानी स्टार माहिरा खान ने साल 2017 में शाहरुख खान की फिल्म 'रईस' से बॉलीवुड डेब्यू किया था. एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर भी एक्ट्रेस काफी एक्टिव रहती हैं. कई बार उन्हें ट्रोल भी किया जाता है. अब एक्ट्रेस फिर से ट्रोल्स का सामना कर रही हैं. इंडस्ट्री की जानी मानी एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित उम्र के इस पड़ाव पर आकर भी करोड़ों दिलों की धड़कन हैं. अपने किरदारों से वह आज भी फैंस को अपना मुरीद बना देती हैं. उन्हें देखकर कितने ही लोगों ने एक्टिंग में आने के बारे में सोचा है. पाकिस्तान की जानी मानी एक्ट्रेस माहिरा खान भी उनकी बड़ी फैन हैं. उनका तो ये तक कहना है कि माधुरी का एक गाना देखकर ही उन्होंने एक्ट्रेस बनने का मन बनाया था.

## राशिफल



**मेष :** आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेंगे। पदोन्नति मिलने का योग है। आमदनी में वृद्धि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें। क्षमता से अधिक कार्य करने से मर्ज बिगड़ सकता है। मनचाहा स्थानान्तरण मिल सकता है। अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहें। शुभांक-2-5-6

**वृष :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। बौद्धिक कार्यों में दक्षता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मनः स्थिति से अधिक प्रभावित रहेगा। शुभांक-3-4-7

**मिथुन :** पुरुषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक समय उपलब्धिकारक रहेगा। शुभांक-4-5-6

**कर्क :** मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। शुभांक -4-6-8

**सिंह :** निकटस्त व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-5-6

**कन्या :** कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्व पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-5-7-8

**तुला :** ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभांक-1-5-8

**वृश्चिक :** विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9

**धनु :** अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग मिलेगा। स्वयं को अधिक सक्रिय पाएंगे। शुभांक-3-5-7

**मकर :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-2-5-

**कुंभ :** हरि करे सो खरी अतः हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। शुभांक-3-4-6

**मीन :** मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्व पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### PMCH के सामने दवा दुकान पर फायरिंग, 4 दिन पहले मांगी थी रंगदारी

**पटना**। पीरबहोर थाना क्षेत्र के अशोक राजपथ स्थित भोजपुर फार्मा में गोलीबारी की घटना हुई है। बुलेट बाइक पर दो अज्ञात बदमाश अहले सुबह 5 बजे पहुंचें और गोली चला दी। दहशत फैलाने के लिए अपराधियों ने हवाई फायरिंग की है। दुकानदार के मुताबिक 4 दिन पहले धमकी भरा कॉल आया था, जिसमें रंगदारी के तौर पर पैसे की डिमांड की गई थी। इस गोलीबारी की घटना में किसी के हताहत होने की सूचना फिलहाल नहीं है। एक CCTV फुटेज भी सामने आया है। दरअसल, शिवम सुरेन्द्र कुमार पर गोली चलाई गई थी। पिता सुरेन्द्र प्रसाद ने बताया कि आयुष सिन्हा ने गोली चलवाई है। पहले भी स्टाफ पर रुपए मुझसे दिलाने के लिए दबाव बना रहा था। खुलकर नहीं बताया था, केवल यहीं कहा था कि रुपए देने के लिए कहो। थानेदार अब्दुल हलीम ने बताया कि आरोपी की पहचान आयुष कुमार सिन्हा, बिक्की के रूप में हुई है। एक की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पहले स्कॉर्पियो से आए 3 मिनट तक दुकानदार से लड़ाई की। इसके लगभग 25 मिनट के बाद दोबारा बाइक से अपराधी आए और दो फायरिंग की। थानेदार ने बताया कि पीड़ित के द्वारा अभी तक इस सिलसिले में आवेदन नहीं दिया गया है। मौके से दो खोखा बरामद किया गया है। वहीं इस मामले में एक युवक को हिरासत में भी लिया गया है।



### CHO पेपर लीक मास्टरमाइंड रवि भूषण को पुलिस ने उठाया, 5 सहयोगी और रिश्तेदार भी धराए

**पटना**। पटना में 1 दिसंबर को हुए राज्य स्वास्थ्य समिति के कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (CHO) के 4500 पदों पर बहाली के लिए रविवार को ली गई परीक्षा को 2 दिसंबर को रद्द कर दिया गया था। इस परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने के पुख्ता सबूत मिलने के बाद परीक्षा रद्द कर दी गई थी। EOU ने 37 लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया था। बाद में सभी को जेल भेज दिया गया था। जांच में इस पेपर लीक मामले में मास्टरमाइंड रवि भूषण का नाम सामने आया था। मास्टरमाइंड 1 दिसंबर से हीं फरार था। EOU ने रवि भूषण को उठाया है। इसके साथ इस पूरे मामले में मास्टरमाइंड के 5 सहयोगी और रिश्तेदारों को उठाया है। फिलहाल इनसे पूछताछ की जा रही है। परीक्षा माफिया रवि भूषण के दानापुर स्थित ऑनलाइन सेंटर और भगवत नगर के फ्लैट पर इस पूरे लीक मामले की पटकथा लिखी गई थी। EOU अब तक 36 जालसाजों को जेल भेज चुकी है। इसमें अभ्यर्थियों के अलावे ऑन लाइन परीक्षा सेंटर के मालिक और IT टीम के लोग शामिल थे। जांच में यह बात सामने आई थी कि जालसाजों ने सॉल्वर प्वाइंट बनाया था। यह सॉल्वर प्वाइंट रवि भूषण के भागवत नगर स्थित फ्लैट में ही बनाया गया था। यहां एक दर्जन से अधिक स्कॉलर बैठे हुए थे और अभ्यर्थियों के कम्प्यूटर को रिमोट पर लेकर प्रश्न पत्र सॉल्व कर रहे थे। पुलिस की भनक लगते ही सभी फरार हो गए थे। परीक्षा के लिए पटना में 12 सेंटर्स बनाए गए थे। यह परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से ली जा रही थी। इस परीक्षा में गड़बड़ी की सूचना के बाद 6 केंद्रों पर चेकिंग की गई। इसमें दानापुर के वायर ऑनलाइन एग्जाम सेंटर, न्यू बाइपास के निताय इंफोटेक, दानापुर के आशोपुर के एकम इवोलेशन सेंटर समेत 6 सेंटर्स शामिल थे। चेकिंग में पाया गया कि इन सेंटर्स पर प्रॉक्सी सर्वर के माध्यम से एमी एडमिन सॉफ्टवेयर के जरिए सेट किए हुए सिस्टम को रिमोट पर ले कर सॉल्वर कहीं दूर बैठ कर सवाल का जवाब दे रहे थे। वहीं केंद्र पर अभ्यर्थी सिर्फ सिस्टम पर बैठ कर माउस चला रहे थे। इस परीक्षा में धांधली के लिए परीक्षा करा रही संस्था वी शाइन, परीक्षा माफिया और परीक्षा केंद्र के मालिक मिले हुए थे। इन लोगों ने एमी एडमिन सॉफ्टवेयर के माध्यम से गलत तरीके से कंप्यूटर का एक्सेस ले लिया था।



### सक्षमता परीक्षा पास 8,000 शिक्षक अबतक नहीं बन पाए राज्यकर्मी

**पटना**। सक्षमता परीक्षा पास करने वाले 1.14 लाख शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा मिल चुका है, लेकिन विभाग की लापरवाही की वजह से बिहार में 8 हजार ऐसे शिक्षक हैं, जिनको राज्यकर्मी का दर्जा नहीं अभी तक नहीं मिल पाया है। ये शिक्षक पटना, भोजपुर, अरवल, सारण, मधेपुरा, सुपौल, बेगूसराय सहित 22 जिलों में कार्यरत हैं। इनका आधार , नाम, जन्मतिथि, पिता का नाम, मोबाइल नंबर जिला स्तर पर विभागीय लापरवाही के कारण अपडेट नहीं हुआ है। यह तब है जब शिक्षा विभाग की ओर से 10 हजार से अधिक शिक्षकों की गलतियों को अपडेट करने के लिए 29 अक्टूबर को ही जिलों को निर्देश दिया गया था। लेकिन मात्र 2 हजार शिक्षकों का मोबाइल नंबर, नाम, आधार नंबर ही अपडेट हुआ है। शेष आठ हजार शिक्षकों का मामला अटका हुआ है। शिक्षकों का रिकॉर्ड अपडेशन का ज्यादातर मामला जिला प्रोग्राम अफसर (डीपीओ) और जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) के स्तर पर फंसा हुआ है। चार हजार शिक्षकों का डीपीओ और दो हजार का डीईओ के यहां रुका है। सबसे अधिक लापरवाही रोहतास, औरंगाबाद, वैशाली, कटिहार, बांका, खगड़िया, दरभंगा, नालंदा, समस्तीपुर, शिवहर, पूर्वी चंपारण जिले में हुई है। इन जिलों में विभाग की ओर से सौंपी गई सूची में से 80 से 99 प्रतिशत शिक्षकों का सर्विस रिकॉर्ड अपडेट नहीं किया गया। इसीलिए नियुक्ति अटकी हुई है।



### संपतचक का अपना प्रखंड-अंचल भवन होगा, बाईपास में होगा पटना सिटी अनुमंडल न्यायालय

**पटना**। पटना के संपतचक प्रखंड और अंचल का अब अपना भवन होगा। इसके अलावा पटना सिटी के अनुमंडल न्यायालय को बाईपास में ले जाने की योजना है। इसे लेकर पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह ने बुधवार को पटना के संपतचक और बाईपास स्थित कई स्थलों का निरीक्षण के बाद जल्द ही इस पर निर्णय लेने की बात बताई है। उन्होंने कहा कि इसके लिए डेढ़ एकड़ सरकारी जमीन उपलब्ध है। इसके अलावा एक एकड़ भूमि को एक्वायर करने की जरूरत होगी। उन्होंने बताया कि संपतचक प्रखंड और अंचल का अपना भवन नहीं होने के कारण वहां आम लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा पटना सिटी का अनुमंडल न्यायालय बाईपास में बनाने की योजना है। उन्होंने बाईपास थाने के साथ-साथ पुलिस लाइन को भी बाईपास में ले जाने की बात बताई है। इसके लिए उन्होंने पटना के बाईपास के कई स्थलों का निरीक्षण के बाद इस बात की जानकारी दी है। जिलाधिकारी ने कहा कि जल्द ही भूमि चयन के बाद कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए कई जगहों के भूमि का निरीक्षण किया गया है। इसके बाद जल्द ही इस पर निर्णय लेकर कार्य का अंतिम रूप दिया जाएगा। वहीं दूसरी तरफ गौरीचक के कुछ लोगों ने जिलाधिकारी से आग्रह किया है कि गौरीचक थाना इलाके में अगर संपतचक प्रखंड, अंचल सहित कई कार्यालय का निर्माण कराया जाता है तो यह सभी लोगों के लिए फायदामंद होगा।



# देश में पहली बार वॉट्सऐप वीडियो कॉल पर स्कूलों की मॉनिटरिंग

एजेंसी, पटना।

बिहार के स्कूलों की मॉनिटरिंग अब वॉट्सऐप वीडियो कॉल के जरिए की जा रही है। शिक्षा विभाग की माने तो ये पहल करने वाला बिहार देश का पहला राज्य है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने खुद वीडियो कॉल कर स्कूलों की मॉनिटरिंग की। वीडियो कॉल कर उन्होंने क्लास रूम, टीचर्स, स्टूडेंट्स की मॉनिटरिंग की। कुछ टीचर क्लास से बाहर दिखे तो उनसे सवाल-जवाब हुए। बच्चे यूनिफॉर्म में नहीं दिखे तो टीचर्स को फटकार भी लगी। कुछ शिक्षकों को जर्जर क्लासरूम पर भी फटकारा। एस.सिद्धार्थ ने शिक्षकों से बच्चों की क्लास और स्कूल से जुड़ी जानकारी भी ली।

**पश्चिम चंपारण के गवर्नमेंट मिडिल स्कूल में किया वॉट्सऐप कॉल**: डॉ. एस. सिद्धार्थ ने पश्चिम चंपारण के गवर्नमेंट मिडिल स्कूल ने वॉट्सऐप कॉल किया। इस कॉल को एक शिक्षक ने उठाया, जिनका नाम इमाम कौसर है। एस. सिद्धार्थ ने उनसे एक अन्य शिक्षक अब्दुल वहाब अंसारी के बारे में पूछा।

शिक्षक ने बताया कि वो क्लास ले रहे हैं। एस. सिद्धार्थ ने शिक्षक से पूछा कि बाहर क्या कर रहे हो? क्लास में क्यों नहीं हो? इस पर शिक्षक ने बताया कि वो क्लास ले रहे थे अभी बाहर आए हैं। इसके बाद एस. सिद्धार्थ ने फोन को क्लासरूम में मौजूद शिक्षक अब्दुल वहाब अंसारी के पास ले जाने को कहा। उन्होंने उनसे पूछा कि क्लास में कितने बच्चे हैं, शिक्षक ने बताया कि आज 28 बच्चे आए हैं। इसके बाद उन्होंने पूछा कि क्लास में अधिकतर लड़कियां ही क्यों नजर आ रही हैं। शिक्षक ने बताया कि इस क्लास में लड़कियों की संख्या अधिक है।



**शिक्षक से कहा- हेडमास्टर को फोन दीजिए**: वीडियो कॉल पर बातचीत के दौरान एस. सिद्धार्थ की नजर स्कूल के दीवार पर गई। उन्होंने शिक्षक से कहा कि स्कूल की मरम्मती क्यों नहीं हुई है ? हेड मास्टर को फोन दीजिए। एस. सिद्धार्थ ने हेडमास्टर से कहा कि स्कूल की मरम्मत क्यों नहीं हो रही है? जिस पर हेडमास्टर ने कहा कि स्कूल के फर्श की मरम्मत हुई है।

**बिहार में शिक्षा विभाग के ACS ने फटकारा, पूछा- क्लास में नहीं हो, बच्चे कहां हैं**

जिस पर एस. सिद्धार्थ ने बिगड़ते हुए पूछा कि पूरे स्कूल की मरम्मती क्यों नहीं करवाई गई। स्कूल में सफाई क्यों नहीं हुई है। स्कूल के हेडमास्टर ने बताया कि जिस ठेकेदार को काम दिए तो वो सिर्फ फर्श की मरम्मती करके गए हैं। बाकी बाद में होगा। इसके बाद एस. सिद्धार्थ ने पूछा कि आज स्कूल में प्रार्थना हुई है ? जवाब हां में मिला।

**हर दिन 10 स्कूलों की करेंगे मॉनिटरिंग**: बिहार के शिक्षा अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ वीडियो कॉल पर हाजिरी देखेंगे। शिक्षकों की उपस्थिति से लेकर बच्चों के मौजूदगी का जायजा लेंगे।

डॉ. सिद्धार्थ रोजाना 10 स्कूल का वीडियो कॉल पर मॉनिटरिंग करेंगे। इसमें रैंडम कॉल किए जाएंगे। कॉल के दौरान क्लास में बच्चों की उपस्थिति देखी जाएगी। शौचालय की साफ सफाई, टीचर्स की उपस्थिति, मिड डे मील आदि को देखेंगे। ACS सिद्धार्थ +91 9153468895 से कॉल करेंगे।

# पूर्व मुखिया बंगाली सिंह पर जानलेवा हमला

एजेंसी, पटना।

पटना के सबलपुर में बुधवार देर रात पूर्व मुखिया बंगाली सिंह पर जानलेवा हमला हुआ है। गंभीर हालत में इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जहां से बेहतर इलाज के लिए डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। घटना नदी थाना क्षेत्र का है।

**पटना सदर की प्रमुख के भतीजे पर आरोप**: सबलपुर पंचायत के पूर्व मुखिया बंगाली सिंह शादी समारोह में जाने के लिए अपने घर के बाहर बैठे हुए थे। इस बीच मुकेश चंद्र उन्हें भद्दी-भद्दी गालियां देने लगा। बात इतनी बढ़ गई कि सिर पर हेलमेट से हमला कर दिया। इससे वो बुरी तरह जख्मी हो गए। घायल अवस्था में उन्हें इलाज़ के लिए समर्थकों ने अस्पताल में भर्ती कराया। नदी थाने की पुलिस ने बताया कि बंगाली सिंह पर हमला हुआ है। आवेदन मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित पक्ष ने पटना सदर प्रमुख रीना देवी के भतीजे मुकेश चंद्र पर आरोप लगाया है। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह बचाया।

**मंदिरों की जमीन बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं बंगाली सिंह**: पूर्व मुखिया ने बताया कि हमलावर मुकेश चन्द्र गालियां देते हुए कह रहा था कि निजामपुर मंदिर जमीन के मामले से तुम हट जाओ, नहीं तो जान से मार देंगे। इस घटना के बाद से समर्थक काफी गुस्से में हैं। बंगाली सिंह कई मंदिरों की जमीन बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। बंगाली सिंह पटना सदर के पूर्व उप प्रमुख रीना देवी के पति हैं। सबलपुर पंचायत से लगातार 40 वर्षों तक मुखिया भी रह चुके हैं।



- सदर प्रमुख के भतीजे पर आरोप, निजामपुर मंदिर की जमीन से जुड़ा है विवाद

# पटना में फर्जी पुलिस गिरफ्तार

एजेंसी, पटना।

पटना पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। गांधी मैदान इलाके में वाहन चेकिंग के दौरान एक फर्जी पुलिस को उसके साथी के साथ गिरफ्तार किया है। एमपी पुलिस का फर्जी आई कार्ड बरामद हुआ है। इसी आईडी कार्ड का धौंस दिखाकर लोगों को अपना शिकार बनाते थे। बिहार समेत कई राज्यों में ठगी की वारदात को अंजाम दे चुके हैं।

**वाहन चेकिंग के दौरान 2 शातिर ठग गिरफ्तार**: पटना सिटी एसपी स्वीटी सहरावत ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया चेकिंग अभियान के दौरान मध्य प्रदेश के 2 शातिर ठग रहमत और मासूम को गिरफ्तार किया है। रहमत के पास से मध्य प्रदेश पुलिस का फर्जी आई कार्ड, महाराष्ट्र का आधार कार्ड, एंड्रॉयड और कीपैड फोन बरामद हुआ है। इन लोगों का एक बड़ा गैंग है। गुजरात, महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में नेटवर्क फैला हुआ है। ईरानी ठगी गिरोह से बराबर संपर्क में रहता था। रहमत पर उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में ठगी का केस दर्ज है। यूपी पुलिस ने 15 हजार का इनाम रखा था।



- एमपी पुलिस का आईडी, महाराष्ट्र का आधार कार्ड बरामद
- यूपी पुलिस ने रखा है 15 हजार का इनाम

## डिप्टी सीएम को मिला महाकुंभ में आने का निमंत्रण

# विजय सिन्हा बोले- तेजस्वी और लालू यादव को भी संगम में डुबकी लगाना चाहिए, संवाद यात्रा से घबराहट में हैं

एजेंसी, पटना।

बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा को महाकुंभ में आने के लिए निमंत्रण मिला है। यूपी सरकार के दो मंत्री राकेश सचान और दयाशंकर सिंह पटना पहुंचे हैं। डिप्टी सीएम को महाकुंभ में आने का निमंत्रण दिया है। इसके लिए विजय सिन्हा ने उत्तर प्रदेश सरकार को धन्यवाद दिया है। महाकुंभ के बहाने विजय सिन्हा ने लालू परिवार पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार की महिला संवाद यात्रा से ये लोग घबराहट में हैं। घबराहट छोड़कर तेजस्वी और लालू यादव को महाकुंभ में डुबकी लगाना चाहिए। सत्ता में रहने पर ये लोग मलाई में डुबकी लगाते हैं। बाहर निकलते हैं तो उस मलाई का हिसाब-किताब खोजते हैं। त्रिवेणी के संगम में उनको डुबकी लगाकर पवित्र होना चाहिए।



**लालू प्रसाद यादव का चल रहा अंतिम वक्त**: डिप्टी सीएम ने आगे कहा कि कहा कि लालू यादव उम्र के अंतिम पड़ाव पर हैं। इसलिए उनको विशेष रूप से डुबकी लगाना चाहिए। ताकि उनके मन के अंदर जो विकार हैं, उससे मुक्त हो सके। उनको लग रहा है कि नीतीश कुमार की महिला संवाद यात्रा लालू परिवार के नैया को डुबो देगा। मुख्यमंत्री ने 2025 के विधानसभा चुनाव में 225 सीट पार करने की घोषणा की है। इसलिए घबराहट में मुख्यमंत्री पर इस तरीके से बयान दे रहे हैं।

**महाकुंभ में 45 करोड़ लोग आएंगे**: उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान और परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह संयुक्त तौर पर कहा कि महाकुंभ 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित होगा। 12 वर्षों बाद कुंभ मेला का आयोजन होता है। इस बार महाकुंभ में 45 करोड़ लोगों के आने की संभावना है। महाकुंभ एक नदी स्नान नहीं है, बल्कि एकता का प्रतीक है।

**विजय सिन्हा की भाषा अमर्यादित- एजाज अहमद**: वहीं, डिप्टी सीएम के बयान पर आरजेडी ने पलटवार किया है। प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि विजय सिन्हा बिहार के उपमुख्यमंत्री हैं। उनकी भाषा में कभी भी बड़ों के प्रति सम्मान नहीं दिखता। उनकी भाषा हमेशा अमर्यादित होती है। लालू प्रसाद यादव का महिलाओं के प्रति मान-सम्मान स्पष्ट रूप से दिखता है। एनडीए की सरकार में ही मुजफ्फरपुर शेल्टर होम, गया शेल्टर होम और पटेल नगर शेल्टर होम कांड हुआ।

# राजपूतों को बंधुआ मजदूर समझोगे तो ऐसा ही होगा

एजेंसी, पटना।

तिरहुत स्नातक स्तरीय विधान पार्षद के उपचुनाव में JDU की मिली हार ने पार्टी के भीतर ही घमासान पैदा कर दिया है। तिरहुत स्नातक एमएलसी सीट पर हुए उपचुनाव में एनडीए को मिली हार पर पूर्व सांसद आनंद मोहन ने अपनी ही पार्टी जेडीयू के नेताओं पर सवालिया निशान खड़े किए हैं। उन्होंने इस चुनाव में राजपूत नेताओं की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि राजपूतों के साथ बंधुआ मजदूर जैसा व्यवहार करेंगे तो हार मिलेगी।

तिरहुत स्नातक क्षेत्र में पांच विधायक और दो सांसद राजपूत हैं, फिर भी हमें नहीं पूछा गया। आनंद मोहन ने बिना नाम लिए तिरहुत के पूर्व एमएलसी रहे देवे चंद्र ठाकुर पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये चुनाव एक इंसान की अहंकार की भेंट चढ़ गया। राजपूत समाज से आने वालीं सांसद वीणा सिंह, विधायक राजू सिंह, अरुण सिंह, अशोक सिंह, संजय सिंह की तस्वीर भी कहीं नहीं दिखी।"

**शिक्षक नाराजगी, स्मार्ट मीटर और जमीन सर्वे को बताया बड़ी वजह**: तिरहुत स्नातक क्षेत्र में जदयू को मिले बड़ी हार को लेकर आनंद मोहन ने कई बातें कहीं। आनंद मोहन ने नीतीश सरकार फैसले पर सवाल खड़ा किया और कहा कि बिहार में शिक्षकों की नाराजगी स्नातक शिक्षक उपचुनाव में हार की बड़ी वजह है। पूर्व सांसद ने कहा कि शिक्षकों की मांगों पर सरकार को ध्यान देना चाहिए।

वहीं स्मार्ट मीटर को लेकर लोगों के बीच नाराजगी है। आनंद मोहन ने बिहार में हो रहे जमीन सर्वे को लेकर के भी सवाल खड़ा करते हुए कहा है कि जमीन सर्वे ग्रामीणों के बीच में आपसी झगड़े की बड़ी वजह बन रही है। अपनी ही पार्टी पर भड़कते हुए आनंद मोहन ने कहा कि राजनीति में अहंकार की भाषा नहीं चलती है। जहां चूक हुई है, जेडीयू और एनडीए के नेताओं को बैठकर इसकी समीक्षा करनी चाहिए। आत्ममंथन करना चाहिए। तिरहुत स्नातक सीट पर जेडीयू एवं एनडीए की हार बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।



**तिरहुत में JDU की हार पर भड़के आनंद मोहन, कहा- मेरे परिवार को पूछा तक नहीं**

**तिरहुत स्नातक उपचुनाव में वंशीधर ब्रजवासी को मिली थी जीत**: तिरहुत स्नातक उपचुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार और शिक्षक नेता वंशीधर ब्रजवासी ने चुनाव में जीत दर्ज की थी।

**तिरहुत स्नातक उपचुनाव में चौथे स्थान पर रही JDU**: तिरहुत स्नातक क्षेत्र के हुए उपचुनाव में JDU को करारी हार का सामना करना पड़ा है। जन सुराज के विनायक गौतम को दूसरा स्थान मिला, जबकि RJD के गोपी किशन तीसरे स्थान पर रहे। वहीं JDU के उम्मीदवार अभिषेक झा को चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा। तिरहुत के पूर्व एमएलसी रहे देवे चंद्र ठाकुर के सांसद बनने के बाद यह सीट खाली हुई थी, लेकिन जदयू इस सीट को नहीं बचा सकी।

# संदिग्ध स्थिति में एक महिला की हुई मौत

एजेंसी, हाजीपुर

वैशाली के पातेपुर हरलोचनुपर थाना क्षेत्र के नउआचक गांव में संदिग्ध स्थित में एक महिला की मौत हो गई। महिला की पहचान नउआचक गांव निवासी अमरेश राय की 20 साल की पत्नी सुजीता देवी के रूप में की गई। घटना की जानकारी मिलते ही मृतका के ससुराल पहुंचे मायके के लोगों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची हरलोचनपुर थाने की पुलिस ने लोगों को समझाकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया। मृतका के ससुर जगदीश राय ने कहा कि बहू पिछले कुछ महीनों से बीमार चल रही थी। वहीं छोटे बेटे की बारात निकलने वाली थी। इस दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष लोकेश कुमार चौधरी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पूछताछ के बाद लोगों को समझाकर शांत कराया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया।



- वैशाली के पातेपुर हरलोचनुपर थाना क्षेत्र की घटना

### डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने हरिहरनाथ महोत्सव का किया उद्घाटन

**हाजीपुर**। वैशाली में डिप्टी सीएम और कला संस्कृति मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने दो दिवसीय हरिहरनाथ महोत्सव का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने बाबा हरिहरनाथ मंदिर में पूजा अर्चना भी किया। उन्होंने कहा कि गज और ग्राह की कहानी के कारण यह स्थल विशेष हो जाता है। हरिहर क्षेत्र सोनपुर और बाबा हरिहरनाथ मंदिर की भव्यता के साथ विकास भी किया जाएगा। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक रामानुज प्रसाद, तरह एमएलसी सच्चिदानंद राय ने मेले के विकास और भव्य आयोजन की निरंतरता बनाए जाने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में डीएम अमन समीर, डीआईजी नीलेश कुमार, एसपी डॉक्टर कुमार, आशीष, पूर्व विधायक विनय कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह और प्रवक्ता उपेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# शेयर मार्केट में निवेश और ट्रेडिंग के नाम पर ठगी

एजेंसी, पटना।

पटना में इन दिनों साइबर ठगी की घटनाएं बढ़ रही हैं। ठगी के तरीकों में आज कल सब से ज्यादा लोग शेयर मार्केट में निवेश और ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर ठगे जा रहें हैं। इन मामलों में शातिर शुरुआती दौर में लोगों को अच्छा मुनाफा और अच्छा रिटर्न्स दिखाते हैं। जब तक लोगों को अपने साथ ठगी का एहसास नहीं होता, तब ठग इनको ठगी का शिकार बनाते रहते हैं। वहीं पटना में दो लोगों से साइबर अपराधियों ने 40 लाख रुपए ठग लिया।

शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 30 लाख की ठगी पटना के दीघा थाना क्षेत्र की रहने वाली ज्योति कुमारी से हुई। इसके बाद ज्योति ने साइबर थाने में मामला दर्ज कराया है। ज्योति कुमारी ने अपने आवेदन में बताया है कि उन्हें एक महिला का व्हाट्सएप पर कॉल आया था। कॉल करने वाली महिला ने स्टॉक में निवेश कर लाभ दिलाने का झांसा दिया। इसके बाद महिला से 45 बार में 30 लाख रुपए निवेश करा दिया। ठगों ने पहले एक एप डाउनलोड कराया। इसी एप पर ज्योति का अपना पैसा और मुनाफा दिखता था। इसी झांसे में आकर ज्योति फंसती चली गई। जब ज्योति ने अपना पैसा निकालना चाहा, तो पैसा नहीं निकला। ज्योति ने उस महिला को कॉल किया महिला ने कहा कि आप समय पर निवेश नहीं कर रहीं है। साथ ही उस व्हाट्सएप ग्रुप से ज्योति को निकाल दिया। इसके बाद ज्योति ने मामला दर्ज कराया।



**दो महीने में 9 लाख 81 हजार रुपए डलवा लिए**: वहीं दूसरे मामले में साइबर अपराधियों ने पटना के पीरबहोर के रहने वाले अभिषेक से ठगों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग का झांसा देकर 10 लाख रुपए ठग लिए। अभिषेक मूल रूप से सीतामढ़ी के रहने वाले हैं। अभिषेक ने बताया कि वह पिछले दो महीनों से ठगी का शिकार हो रहे थे। उनके मोबाइल पर 24 सितंबर को दो अलग-अलग मोबाइल नंबरों से मैसेज आया। मैसेज में ऑनलाइन ट्रेडिंग के बारे में बताया गया था। अभिषेक ने उत्सुकता वश उसी नंबर पर कॉल कर दिया। इसके बाद एक नंबर से व्हाट्सएप के जरिए कॉल आया। सामने वाले ने ऑनलाइन ट्रेडिंग से मुनाफा कमाने वाले दो लोगों से बात भी कराया। 2 से 3 बार की बातचीत से अभिषेक को ठगों पर भरोसा हो गया। अभिषेक को लगा कि इसके माध्यम से जल्दी अच्छा पैसा कमाया जा सकता है। उसके बाद शातिरों ने अभिषेक को झांसे में रख कर उनसे दो महीने में अलग-अलग बैंक खातों में 9 लाख 81 हजार रुपए डलवा लिए। ठगों ने अभिषेक से एक एप डाउनलोड कराया था, जिसमें ऑनलाइन ट्रेडिंग का पूरा सिस्टम था। कितना पैसा लगाया गया। कितना मुनाफा हुआ। सब कुछ इस एप में था। अभिषेक ने सोचा कि इसमें से कुछ पैसा निकाला जाए। वहीं जब अभिषेक ने पैसा निकालना चाहा तो ठगों ने कहा कि जितना पैसा निकालना है उसका 13% GST आपको जमा करना होगा। अभिषेक ने ये पैसा भी जमा कर दिया। ठगों ने फिर पैसे की डिमांड की। तब अभिषेक को अपने साथ हुए फ्रॉड की भनक लगी।

**अच्छा मुनाफा और रिटर्न्स का लालच देकर ठगे 40 लाख रुपए, एप पर मुनाफा भी दिखाते थे**

# स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को में होगा फीफा वर्ल्ड कप

## फीफा विश्व कप 2030 और 2034 के मेजबानों का ऐलान
## अच्छी खबर

एजेंसी। नयी दिल्ली

फीफा ने सऊदी अरब को फीफा विश्व कप 2034 का मेज़बानी सौंपने की घोषणा की है. वहीं, स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को को फीफा विश्व कप 2030 की मेज़बानी सौंपने का ऐलान किया है. एक वर्चुअल मीटिंग के दौरान फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने 211 सदस्य देशों को इस निर्णय की जानकारी दी.




### सऊदी अरब ने बोली में हासिल किए रिकॉर्ड अंक

सऊदी अरब को फीफा विश्व कप 2034 की मेजबानी मिली है. इसके लिए सभी 211 सदस्यों ने अपने वोट डाले. रिपोर्ट के अनुसार, सऊदी अरब 2034 में होने वाले इस आयोजन के लिए एकमात्र बोलीदाता के रूप में उभरा है. रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि फीफा के मूल्यांकन के बाद सऊदी अरब की बोली को 500 में से 419 .8 का रिकॉर्ड-उच्च अंक दिए गए.

### तीन देशों में मनेगा फीफा विश्व कप के 100 साल पूरे होने का जश्न

फीफा ने जानकारी दी कि विश्व कप 2030 के पहले तीन मैच अर्जेंटीना, उरुग्वे और पैराग्वे में फीफा विश्व कप के 100 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए आयोजित किए जाएंगे. इसके बाद टूर्नामेंट पुर्तगाल, स्पेन और मोरक्को में शिफ्ट हो जाएगा. बता दें कि पहले फीफा ने 2030 के संस्करण को तीन महाद्वीपों-अफ्रीका, यूरोप और दक्षिण अमेरिका में आयोजित करने के निर्णय लिया गया. फिर वोटिंग के बाद विश्व कप की मेजबानी साऊदी अरब को सौंपी गई.

## छह साल बाद होने वाला फीफा वर्ल्ड कप बेहद खास होगा : रोनाल्डो

एजेंसी। लंदन



पुर्तगाल सहित पांच अन्य देशों को 2030 में होने वाले फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी मिलने के बाद स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने कहा कि छह साल बाद होने वाला यह टूर्नामेंट बेहद खास होगा. विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने 2030 और 2034 में होने वाले विश्व कप के मेजबानों की औपचारिक घोषणा की. विश्व कप 2030 के मैच तीन महाद्वीपों के छह देशों में खेले जाएंगे. यह पहला अवसर होगा जबकि विश्व कप छह देशों में आयोजित किया जाएगा. स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को को इसकी संयुक्त मेजबानी सौंपी गई है लेकिन दक्षिण अमेरिकी देशों अर्जेंटीना, पैराग्वे और उरुग्वे में भी इसके एक-एक मैच आयोजित किए जाएंगे. पहला विश्व कप 1930 में उरुग्वे में आयोजित किया गया था.

## टीम इंडिया पर लगा जुर्माना, 10 प्रतिशत तक मैच फीस कटी

**सिडनी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी महिला चैम्पियनशिप सीरीज के दूसरे वनडे मैच में स्लो ओवर रेट के कारण मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना भुगतना पड़ा है. यह सीरीज तीन मैचों की थी, जिसमें भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया से 3-0 से हार का सामना करना पड़ा. आईसीसी मैच रेफरी डेविड गिल्बर्ट ने हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम पर जुर्माना लगाया, क्योंकि भारतीय टीम ने निर्धारित समय से दो ओवर कम फेंके. यह जुर्माना स्लो ओवर रेट के कारण लगाया गया, जब टीम ने समय सीमा का पालन नहीं किया और कम ओवर फेंके. इस सीरीज में भारत को तीनों मैचों में हार मिली. आखिरी मुकाबले में भारतीय ओपनर स्मृति मंधाना ने शानदार शतक जमाया, लेकिन उनका यह प्रयास टीम को जीत दिलाने में नाकाम रहा. ब्रिसबेन में खेले गए दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया ने 371/8 का रिकॉर्ड स्कोर बनाया, जो भारत के खिलाफ उनका अब तक का सबसे बड़ा स्कोर था. भारत इसके जवाब में केवल 249 रन ही बना सका और 122 रन से मैच हार गया. भारत के लिए यह सीरीज एक महत्वपूर्ण सीख लेकर आई, और टीम को अपनी खेल शैली और रणनीतियों में सुधार करने की आवश्यकता महसूस हुई.

## ट्रीसा जॉली और गायत्री ने मलेशियाई जोड़ी को हराया

**हांगझोउ।** ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी ने गुरुवार को बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के अपने दूसरे ग्रुप ए मुकाबले में मलेशिया की पर्ली टैन और थिनाह मुरलीधरन को 21-19, 21-19 से हराया. इस जीत के साथ भारतीय जोड़ी ने सेमीफाइनल की अपनी उम्मीदों को बनाए रखा और मलेशियाई जोड़ी को महज 46 मिनट में हराया. ट्रीसा और गायत्री बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने वाली एकमात्र भारतीय जोड़ी हैं. मैच की शुरुआत में भारतीय जोड़ी ने पहले गेम में 6-2 की बढ़त बनाई. हालांकि, मलेशियाई जोड़ी ने जल्द ही वापसी की और मैच को बराबरी पर ला दिया. लेकिन, भारतीय जोड़ी ने निर्णायक क्षणों में अपना संयम बनाए रखा और पहला गेम जीत लिया. दूसरे गेम में भी पहले की तरह ही तीव्र मुकाबला देखने को मिला. दोनों टीमों ने पहले पांच अंकों तक संतुलित शुरुआत की, फिर मलेशियाई जोड़ी ने थोड़ी बढ़त बनाई. यह गेम 19-19 पर बराबरी पर था, लेकिन ट्रीसा और गायत्री ने लगातार दो अंक लेकर मैच जीत लिया. भारतीय जोड़ी को अपने शुरुआती मैच में झटका लगा था, जब उन्हें चीन की लियू शेंग शू और टैन निंग से हार का सामना करना पड़ा था. अब भारतीय जोड़ी अपने ग्रुप में दूसरे स्थान पर है और सेमीफाइनल के लिए उन्हें शुक्रवार को जापान की मात्सुयामा और चिहारू शिदा के खिलाफ जीत हासिल करनी होगी.

### भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैच की सीरीज अभी 1-1 की बराबरी पर

# गाबा टेस्ट पर बारिश का खतरा

एजेंसी। नयी दिल्ली

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच जारी पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है. पहला टेस्ट पर्थ में भारत ने जीता था तो दूसरा टेस्ट एडिलेड में मेजबान ऑस्ट्रेलिया के नाम रहा. वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तहत शनिवार 14 दिसंबर से खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट में दोनों ही टीमें बढ़त हासिल करने के लिए पूरी जोर आजमाइश करेंगे. इससे बीच ब्रिसबेन में गाबा के मैदान पर खेले जाने वाले इस टेस्ट में मौसम को लेकर बड़ा अपडेट सामने आ रहा है. अगर तीसरा टेस्ट बारिश से धुलता है तो ये भारत के लिए डब्ल्यूटीसी के फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को बड़ा झटका होगा.

**14 दिसंबर : पहले दिन 50 प्रतिशत बारिश के आसार**

ऑस्ट्रेलिया की सरकार के मौसम विज्ञान ब्यूरो की रिपोर्ट की मानें तो मैच के दौरान पांचों दिन बारिश की संभावना है। पहले दिन 50 प्रतिशत बारिश के आसार हैं। 14 दिसंबर को न्यूनतम 23 डिग्री और अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। इसके साथ ही 15 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है।

**15 दिसंबर : दूसरे दिन 40 प्रतिशत बारिश की संभावना**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जाने वाले गाबा टेस्ट के दूसरे दिन यानी 15 दिसंबर को 40 प्रतिशत बारिश होने की संभावना जताई जा रही है. इस दिन न्यूनतम 23 डिग्री और अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रह सकता है. इसके साथ ही 15 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है.

**16 दिसंबर : तीसरे दिन भी बारिश के 40 प्रतिशत चांस**

गाबा टेस्ट के तीसरे दिन यानी 16 दिसंबर को भी 40 प्रतिशत बारिश होने की संभावना है। तीसरे दिन गाबा में न्यूनतम 22 डिग्री और अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रह सकता है.

**17 दिसंबर: चौथे दिन सबसे कम 30 प्रतिशत बारिश के आसार**

गाबा टेस्ट के चौथे दिन यानी 17 दिसंबर को सबसे कम 30 प्रतिशत बारिश होने के चांस हैं. इस दिन न्यूनतम 23 डिग्री और अधिकतम 30 डिग्री सेल्सियस तापमान रह सकता है।

**18 दिसंबर : 5वें दिन 40 प्रतिशत बारिश के आसार**

5वें दिन यानी 18 दिसंबर को गाबा में 40 प्रतिशत बारिश के आसार हैं। इस दिन न्यूनतम 23 डिग्री तो अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। इस दिन 15 से 20 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है.



गाबा में तीसरा टेस्ट कल से

## अभ्यास सत्र में टीम इंडिया ने जमकर बहाया पसीना

एजेंसी। ब्रिस्बेन

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के तीसरे टेस्ट से पहले ब्रिस्बेन के गाबा में टीम इंडिया का पहला प्रैक्टिस सेशन हुआ. इस दौरान, पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली को अपनी टीम का उत्साह बढ़ाते हुए देखा गया। कोहली ने गुरुवार को अपने साथियों को एक जोशीला पेप टॉक दिया, जिसमें उप-कप्तान जसप्रीत बुमराह भी शामिल थे. रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया बुधवार सुबह ब्रिस्बेन पहुंची, और अगले दिन स्थानीय समयानुसार रात 9:30 बजे अपनी प्रैक्टिस शुरू की. इस चार घंटे के प्रशिक्षण सत्र में भारतीय बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने पसीना बहाया, क्योंकि तीसरे टेस्ट से पहले वे अपनी तैयारियों को पुख्ता कर रहे थे.



पिछले हफ्ते एडिलेड में दूसरे टेस्ट मैच में 10 विकेट से हार के बावजूद, टीम इंडिया का मनोबल ऊंचा था. इस दौरान मुख्य कोच गौतम गंभीर को भी टीम को संबोधित करते हुए देखा गया. उनका अंदाज काफी गंभीर था, और सभी खिलाड़ी उनका ध्यान से अनुसरण कर रहे थे. प्रैक्टिस के दौरान कोहली ने तेज बल्लेबाजी की, और ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों को शानदार तरीके से छोड़ते हुए अपना फुटवर्क भी बेहतरीन दिखाया। यह देखना दिलचस्प होगा कि रोहित शर्मा आगामी मैच में ओपनिंग करते हैं या नंबर 6 पर बल्लेबाजी करते हैं। दूसरे टेस्ट में उन्होंने यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल को ओपनिंग जारी रखने देने के लिए अपना ओपनर का स्थान छोड़ दिया था। इस बीच, टीम को राहत मिली जब स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपनी चोट की आशंका को खत्म किया। बुमराह गुरुवार को प्रैक्टिस सत्र में पूरी गति से गेंदबाजी करते हुए नजर आए, जबकि दूसरे टेस्ट मैच के दौरान उन्हें कमर में चोट लगने का डर था, और पहली पारी में उन्हें जमीन पर गिरते हुए देखा गया था.

## जय शाह एक्शन में : ओलंपिक में क्रिकेट का डंका बजाने में जुटे

एजेंसी। ब्रिस्बेन



आईसीसी के नए चेयरमैन बने जय शाह ने क्रिकेट को वैश्विक स्तर पर और अधिक मान्यता दिलाने की दिशा में काम करना शुरू कर दिया है. हाल ही में, उन्होंने ब्रिस्बेन में 2032 ओलंपिक आयोजन समिति से मुलाकात की. यह ओलंपिक खेल ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन में आयोजित होगा, और पहले ही यह घोषणा की जा चुकी है कि क्रिकेट को इन खेलों में शामिल किया जाएगा. दरअसल, क्रिकेट को 2028 के लॉस एंजेलिस ओलंपिक्स में ही वापसी मिल चुकी होगी. बीसीसीआई के पूर्व सचिव और आईसीसी के मौजूदा चेयरमैन जय शाह ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उनकी मीटिंग के कुछ अंश दिखाए गए हैं.
2028 ओलंपिक्स में क्रिकेट की वापसी में जय शाह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, और वह इस खेल को दुनिया भर में और अधिक लोकप्रिय बनाने की पूरी कोशिश करेंगे. ब्रिस्बेन में इस समय बीसीसीआई के अंतरिम सचिव देवजीत सैकिया भी मौजूद हैं, जो हाल ही में इस पद पर नियुक्त हुए हैं। जय शाह का चैंपियंस ट्रॉफी विवाद के बीच ऑस्ट्रेलिया जाना बहुत कुछ संकेत करता है। ऑस्ट्रेलिया, बीसीसीआई का समर्थन करने वाले बोर्डों में से एक है, और देवजीत सैकिया का वहां होना दोनों बोर्डों के बीच संबंधों को और मजबूत करता है. 2028 ओलंपिक्स के डायरेक्टर निकोलो कैम्प्रियानी ने पहले ही यह साफ किया था कि क्रिकेट की वापसी में विराट कोहली का योगदान महत्वपूर्ण है. कोहली की लोकप्रियता को देखते हुए, 2028 ओलंपिक्स में क्रिकेट को शामिल करना फायदे का सौदा साबित हो सकता है. जय शाह की 2032 ब्रिस्बेन ओलंपिक समिति से मुलाकात यह संकेत देती है कि क्रिकेट टूर्नामेंट को बड़े स्तर पर आयोजित करने की योजना हो सकती है.

## पूर्व दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर डेरिल ने उड़ाया रोहित शर्मा का मजाक

एजेंसी। नयी दिल्ली



पूर्व दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर डेरिल कलिनन ने रोहित शर्मा की खराब फ़ॉर्म और फ़िटनेस को लेकर जमकर टांग खिंचाई की है. बिग क्रिकेट लीग (BCL) के दौरान एक इंटरव्यू में कलिनन ने दावा किया कि हिटमैन एक फ्लैट ट्रैक बुली हैं, जो केवल घरेलू मैदान पर टेस्ट मैचों में ही हावी हो सकते हैं. कलिनन की ये टिप्पणी भारतीय कप्तान की 2024 में सबसे लंबे फॉर्मेट में उनकी फ़ॉर्म को लेकर आई है. कलिनन इतने पर ही नहीं रुके उन्होंने रोहित शर्मा को मोटा बताते हुए कहा कि उनका वजन बहुत ही ज़्यादा है.
रोहित शर्मा एक फ्लैट-ट्रैक बुली हैं'
दरअसल, इनसाइडस्पोर्ट को दिए इंटरव्यू में डेरिल कलिनन ने दावा किया कि उन्हें कभी नहीं लगा कि रोहित शर्मा पर विदेशों में ख़ासतौर पर दक्षिण अफ्रीका में खेलने पर भरोसा किया जा सकता है. उन्होंने कहा कि रोहित सिर्फ सपाट ट्रैक पर ही धौंस जमा सकते हैं.

# स्टेट फेंसिंग चैंपियनशिप आज से

संवाददाता। रांची

➲ **संची के दलादली स्थित आइडियल इंटरनेशनल स्कूल में होगा आयोजन**

16वीं झारखंड स्टेट फेंसिंग चैंपियनशिप की मेजबानी रांची के आइडियल इंटरनेशनल स्कूल को दी गई है. इसके लिए स्कूल प्रबंधन ने झारखंड तलवारबाजी संघ का आभार व्यक्त किया है. रांची के दलादली स्थित आइडियल इंटरनेशनल स्कूल में तीन दिवसीय इस चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा, जो 2024-25 सत्र के लिए होगी. यह प्रतियोगिता 13 दिसंबर को दोपहर 12 बजे शुरू होगी. 15 दिसंबर को सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले होंगे और पुरस्कार वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा. प्रतियोगिता को लेकर गुरुवार को स्कूल प्रबंधन, रांची जिला तलवारबाजी संघ के पदाधिकारियों और राज्यभर से आए तकनीकी अधिकारियों के साथ एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई. राज्य संघ के महासचिव जय कुमार सिन्हा ने कहा कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता से चुने गए सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा.
13 दिसंबर को राज्य भर के विभिन्न जिलों से 200 से अधिक प्रतिभागी चैंपियनशिप में भाग लेंगे. इसके लिए सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं. चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि और विद्यालय के चेयरमैन डॉ. माजिद आलम करेंगे. विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय की प्रिंसिपल मंजू बग्गा मौजूद होंगी. विद्यालय के प्रबंधक प्रणय कुमार ने कहा कि राज्य स्तरीय तलवारबाजी प्रतियोगिता की मेज़बानी हमारे स्कूल के लिए गर्व की बात है. इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हम अपने शत प्रतिशत प्रयास करेंगे. प्रतियोगिता से संबंधित सभी तैयारियां स्कूल प्रबंधन, रांची जिला संघ और विद्यालय द्वारा लगातार की जा रही हैं. बैठक में राज्य संघ के कोषाध्यक्ष करमबीर उरांव, स्कूल प्रबंधक प्रणय कुमार, चीफ रेफरी रामाशीष सिंह, रवि रंजन, प्रेम उदय बेक, अभिजीत तिर्की सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे.

# आरएससीसी और शेरशाह 11 ने जीते मैच

संवाददाता। लातेहार

गुरुवार को जिला स्टेडियम में खेले गये सीनियर जिला क्रिकेट लीग के दूसरे मैच आरएससीसी तथा रॉयल क्रिकेट क्लब को हरा दिया. पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉयल की टीम ने अपने निर्धारित ओवरों में 59 रनों पर ही ढेर हो गयी. पवन कुमार ने 28 रनों का योगदान दिया. आरएससीसी की ओर से प्रियांशु सिंह ने 4 तथा राजीव कुजूर ने 3 विकेट चटकाये. जवाबी पारी खेलने उतरी आरएससीसी ने 5वें ओवर में ही एक विकेट खोकर मैच को जीत लिया. प्रियांशु सिंह ने नाबाद 41 रनों की पारी खेली. रॉयल की ओर से एकमात्र विकेट अमरेंद्र कुमार यादव ने लिया. मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार आरएससीसी के प्रियांशु सिंह को दिया गया. लातेहार जिला क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने उन्हे पुरस्कार प्रदान किया. मैच में बतौर अंपायर श्रवण महली तथा धीरेन्द्र सिंह सुरवार व स्कोरर प्रवीण उरांव थे. तीसरा मैच शेरशाह इलेवन और यूथ क्लब के बीच खेला गया.



शेरशाह इलेवन ने यूथ क्लब को 10 विकेट से हराया. यूथ क्लब की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 49 रनों पर ही ढेर हो गयी. राकेश कुमार ने सर्वाधिक 11 रनों का योगदान दिया. शेरशाह की ओर से धीरेन्द्र सिंह सुरवार और गौरव पाल ने तीन-तीन विकेट चटकाए. लक्ष्य की पीछा करने उतरी शेरशाह की टीम ने बिना किसी नुकसान के आसानी से मैच को जीत लिया. धीरेंद्र सिंह 26 और प्रियांशु चौबे ने 23 रन बनाए. मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार धीरेंद्र सिंह सुरवार को संघ के संयुक्त सचिव प्रकाश कुमार ने दिया.

### क्लीन स्वीप
### एनाबेल सदरलैंड को प्लेयर ऑफ द मैच के साथ प्लेयर ऑफ द सीरीज अवार्ड

# ऑस्ट्रेलिया ने टीम इंडिया के खिलाफ 3-0 से जीती सीरीज

एजेंसी। पर्थ

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ओपनिंग बल्लेबाज स्मृति मंधाना की शानदार 9वीं वनडे सेंचुरी भी मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम इंडिया की हार को नहीं रोक पाई. ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड के शानदार 110 रन और ऐश्ले गार्डनर के 30 रन देकर 5 विकेट के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने बुधवार को भारतीय टीम को 3-0 से क्लीन स्वीप करते हुए सीरीज जीत ली. पहले बल्लेबाजी करते हुए जॉर्जिया पोल और फोएबे लिचफील्ड के बीच 58 रनों की साझेदारी हुई, जिसे भारत की अरुणधती रेड्डी ने तोड़ा. रेड्डी ने 27 रन देकर 4 विकेट हासिल किए, जिसमें एलिस पेरी और



बेथ मूनी के विकेट भी शामिल थे. हालांकि, उन्हें बाकी गेंदबाजों से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला. एनाबेल का कैच 12 रन के निजी स्कोर पर ड्रॉप कर दिया गया, और बाद में उन्होंने 95 गेंदों पर 110 रन बनाए, जिसमें 9 चौके और 4 छक्के शामिल थे. वह एक गेंद शेष रहते हुए आउट हुईं और ऑस्ट्रेलिया ने 50 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 298 रन बनाए. इसके अलावा, ऐश्ले गार्डनर ने 50 और कप्तान ताहिला मैकग्रा ने नाबाद 56 रनों की पारी खेली. जवाब में, मंधाना ने 109 गेंदों पर 105 रन की शानदार पारी खेली, लेकिन बाकी बल्लेबाजों का प्रदर्शन बहुत खास नहीं रहा. ऐश्ले गार्डनर के पांच विकेटों की मदद से भारतीय टीम 45.1 ओवर में 215 रनों पर सिमट गई. इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दूसरे वनडे मैच में 122 रनों से हराया था. इस तीन मैचों की वनडे सीरीज की शुरुआत 5 दिसंबर को हुई थी. ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने पहले मैच में भी भारत को 5 विकेट से हराया था. एनाबेल सदरलैंड को प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज अवार्ड मिला.

## कोहली से पंगा लेने वाले नवीन उल हक ने एक ओवर में फेंकी 13 गेंद

**नयी दिल्ली।** जिम्बाब्वे और अफगानिस्तान के बीच तीन टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज का पहला मैच बुधवार शाम हरारे में खेला गया. इस मुकाबले में मेजबान जिम्बाब्वे ने अफगानिस्तान के खिलाफ रोमांचक जीत दर्ज करते सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है. सांस रोक देने वाले इस मुकाबले को मेजबान टीम ने आखिरी गेंद पर जीतकर सबको हैरान कर दिया. इस मैच में अफगानी तेज गेंदबाज नवीन उल हक 13 गेंद का एक ओवर फेंककर चर्चा में आ गए हैं. इन 13 में उन्होंने 6 वाइड और 1 नो बॉल फेंकी। अब उनका ये मैराथन ओवर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. नवीन उल हक के 15वें ओवर का हालदरअसल, नवीन उल हक जिम्बाब्वे की पारी के दौरान 15वां ओवर लेकर आए.

# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का सेफा का शेड्यूल हुआ साफ

- मुंबई समेत चार टीमों के बीच होगी भिड़ंत

एजेंसी। नयी दिल्ली

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के बाद सेमीफाइनल की तस्वीर साफ हो गई है। खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के बाद 4 टीमें मुंबई, बड़ौदा, दिल्ली और मध्य प्रदेश ने सेमीफाइनल में जगह बनाई है. क्वार्टर फाइनल में बड़ौदा ने बंगाल को हराया तो मुंबई ने विदर्भ, दिल्ली ने उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश ने सौराष्ट्र को शिकस्त दी. टूर्नामेंट के सेमीफाइनल 13 दिसंबर को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होंगे. पहला सेमीफाइनल सुबह 11 बजे से बड़ौदा और मुंबई के बीच तो दूसरा सेमीफाइनल शाम 4.30 बजे से दिल्ली और मध्य प्रदेश के बीच खेला जाएगा. खिताबी मुकाबला रविवार 15 दिसंबर को बेंगलुरु में ही खेला जाएगा. सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबलों की लाइव स्ट्रीमिंग आप जियो सिनेमा पर देख सकते हैं.

### क्वार्टर फाइनल मुकाबले पर एक नजर

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले काफी रोमांचक रहे। बड़ौदा ने बंगाल को 41 रनों से शिकस्त दी। इस मैच में हार्दिक पंड्या ने 27 रन देकर तीन विकेट चटकाए। वहीं, मध्य प्रदेश ने सौराष्ट्र को चार विकेट से हराया। जबकि मुंबई ने विदर्भ के 222 रन के टारगेट को चेज करते हुए चार विकेट शिकस्त दी.

# नक्सलियों–अपराधियों का सेंदरा न करें ग्रामीण : एसपी

- चाईबासा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र ताम्बा गांव में गुरुवार को मंजू सुरीन मुखिया खटखुरा पंचायत, सोमा मुंडा ग्रामप्रधान केनबांकी, वार्ड मेंबर एवं सुषमा डहंगा मुखिया, ताम्बा पंचायत तथा दोनों गांव के अन्य ग्रामप्रधानों और ग्रामीणों के साथ की बैठक



**संवाददाता। खूंटी**

जिले के एसपी अमन कुमार के नेतृत्व में रानिया थाना अंतर्गत खटखुरा पंचयात के केनबांकी गांव और चाईबासा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र ताम्बा गांव में गुरुवार को मंजू सुरीन मुखिया खटखुरा पंचायत, सोमा मुंडा ग्रामप्रधान केनबांकी, वार्ड मेंबर एवं सुषमा डहंगा मुखिया, ताम्बा पंचायत तथा दोनों गांव के अन्य ग्रामप्रधानों और ग्रामीणों के साथ बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में देश के कानूनी प्रावधान और कानूनी कार्रवाई के बारे जानकारी देते हुए पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल'उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों जरिये अपराधियों और उग्रवादियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सेंदरा अभियान के तहत उग्रवादियों को पकड़ कर हत्या करने जैसे घटना में शामिल नहीं होने की एसपी ने अपील की. साथ ही अपराधी नक्सलियों की जानकारी देने और पकड़कर थाना और वरीय पुलिस पदाधिकारी को सूचित करने की अपील एसपी ने की. अफीम, पोस्ता, गांजा सहित अन्य मादक पदार्थों की खेती नहीं करने, उससे होने वाले नुकसान और कानूनी कार्रवाई के बारे में जानकारी बैठक में दी गई. साथ ही डायन प्रथा जैसे अंधविश्वास, बाल मजदूरी, बाल व्यापार, यातायात नियमों का पालन करने, वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, पुलिस से मदद पाने के लिए डायल-112 साइबर ठगी का शिकार होने पर 1930 पर फोन कर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी ग्रामीणों को दी गई.

बैठक में पुलिस और जनता के बीच आपसी विश्वास को मजबूत करने के लिए आमजनों से सुझाव लिये गये एवं उनकी समस्याओं से अवगत होते हुए समाधान का प्रयास किया गया. बैठक में क्रिस्टोफर केरकेट्टा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तोरपा, अशोक कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक तोरपा अंचल और विकास कुमार जायसवाल थाना प्रभारी रानिया उपस्थित थे.

# पुलिस ने 8.5 एकड़ खेत में लगी अफीम की फसल को किया नष्ट

**संवाददाता। खूंटी**

खूंटी जिले के ग्रामीण इलाकों में हो रही अफीम की खेती के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है. गुरुवार को पुलिस ने खूंटी, सायको, अड़की, मारंगहादा और मुरहू थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर 8.50 एकड़ खेत में लगी अफीम की फसल को नष्ट कर दिया. पुलिस की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि खूंटी थाना के ग्राम मारंगहातू में एक एकड़, सायको थाना क्षेत्र के ग्राम ओतोंगओड़ा में तीन एकड़, मारंगहादा थाना क्षेत्र के ग्राम डेव में एक एकड़, अड़की थाना क्षेत्र के ग्राम भुरुसुडीह में दो एकड़ और मुरहू थाना क्षेत्र के ग्राम केवड़ा में 1.5 एकड़ में लगी अवैध अफ़ीम खेती को नष्ट किया गया.

इससे पूर्व पुलिस ने बुधवार को भी विभिन्न इलाकों में अभियान चलकर नौ एकड़ खेत में लगी पोस्ते की खेती को नष्ट कर दिया था. उल्लेखनीय है कि मंगलवार को दक्षिणी छोटानागपुर के पुलिस उप महानिरीक्षक अनूप बिरथरे ने खूंटी थाना परिसर में जिले के वरीय और कनीय पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर अफीम की खेती के खिलाफ लगातार और व्यापक अभियान चलाने का निर्देश दिया था. उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि जिस थाना क्षेत्र में अफीम की अवैध खेती होगी, वहां के थानेदार के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी.

## 4 मोबाइल, चांदी के दो सेट पायल, कांसा का लोटा व थाली बरामद

# ससुराल में रहकर चोरी करने वाला यूपी का युवक गिरफ्तार

**संवाददाता। पलामू**

पलामू प्रमंडल अंतर्गत गढवा जिले के श्री बंशीधर नगर थाने की पुलिस ने चोरी का खुलासा करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपित का नाम विनोद भुइयां बताया गया है. इसके पास से 14 मोबाईल, चांदी का दो सेट पायल, कांसा का लोटा और थाली, एसीईआर कंपनी का एक लैपटॉप एवं चोरी की घटना में इस्तेमाल किया गया बिना नंबर प्लेट की मोडिफाई हीरो स्प्लेंडर बाइक भी बरामद की है. विनोद उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के बीजपुर थाना क्षेत्र के सिरसोती टोला महुआबारी का रहने वाला है.

विनोद भुइयां श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के कोरया गांव में स्थित अपने ससुराल में रहकर चोरी की घटना को अंजाम दिया करता थ गुरुवार को नगर ऊंटारी थाने में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी देते हुये पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह ने बताया कि गत 19 नवंबर को श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के जंगीपुर बस्ती निवासी अनुज चंद्रवंशी एवं उसका कला (चौबेडीह) निवासी गीता देवी के घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था. अनुज चंद्रवंशी के घर से चोरों के जरिये दो मोबाइल, आभूषण और गीता देवी के घर से आभूषण एवं पैसे की चोरी कर ली गई थी. छापेमारी के दौरान टीम ने तकनीकी साक्ष्य व गुप्तचर की मदद से गत बुधवार को श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र से विनोद भुइयां को पकड़ा, जिसने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की. विनोद की निशानदेही पर चोरी किये गये सामान विभिन्न स्थानों से बरामद हुए. विनोद ने पुलिस के समक्ष चौकाने वाले खुलासा किये हैं. वह श्री बंशीधर नगर बाजार तथा थाना क्षेत्र के अन्य घरों में मोबाइल, पैसा एवं आभूषण की चोरी की घटना को अंजाम दिया है.



गढ़वा थाना क्षेत्र में भी चोरी की है. विनोद ने पुलिस को बताया है कि वह स्टील के बक्से में चोरी किये गये आभूषण को रखकर डैम में छुपा रखा है. जल्द ही पुलिस उसे रिमांड पर लेकर मामले की जांच करेगी. उन्होंने बताया कि विनोद भुइयां का यूपी में आपराधिक इतिहास रहा है. मेडिकल जांच के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

## शादी में गया डाककर्मी का परिवार, चोरों ने खाली कर दिया घर

रामगढ़ । रामगढ़ शहर में चोरों ने एक डाककर्मी का घर उस वक्त खाली कर दिया, जब उनका परिवार शादी समारोह में शामिल होने गया था। गुरुवार को घर लौटे डाक–कर्मी बबन कुमार राय ने इस मामले की सूचना रामगढ़ पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस में मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही चोरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जानकारी के अनुसार शहर के न्यू बगीचा स्थित पोस्ट कॉलोनी में चोरों ने बबन कुमार राय के घर को बुधवार की रात अपना निशाना बनाया। पूरा परिवार शादी समारोह में शामिल होने के लिए रजरप्पा प्रोजेक्ट गया था। गुरुवार को बबन कुमार राय की बेटी निशा कुमारी घर पहुंची तो देखी कि बाहर का ताला टूटा हुआ है। जब अंदर गई तो उनके घर का सभी सामान बिखरा हुआ पाया। उन्होंने बताया कि घर से चोरों ने चार सोने का कंगन, कान का टॉप, पायल, लैपटॉप, इंडक्शन चूल्हा, मिक्सी, टीवी एवं कुछ नगद घर से गायब है।

## ऑटो चालकों का अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू

**पलामू ।** मेदिनीनगर शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ न होने, ऑटो, ई-रिक्शा चालकों के साथ दुर्व्यवहार और शोषण के खिलाफ गुरूवार से झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन एवं झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ के बैनर तले समाहरणालय के सामने ऑटो चालकों का अनिश्चितकालीन आन्दोलन शुरू हो गया. अध्यक्षता पलामू अध्यक्ष रामाकांत दुबे एवं नेतृत्व बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय संयुक्त सचिव सह मजदूर नेता राकेश कुमार सिंह ने किया. धरना के माध्यम से प्रशासन को चेतावनी दी गयी कि 48 घंटे के भीतर उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो ऑटो चालक हड़ताल पर चले जायेंगे और चक्का जाम किया जाएगा. नौ सूत्री मांग पूरी करने का आग्रह किया. मौके पर राकेश सिंह ने कहा कि शहर के बीचो-बीच बस स्टैंड कई वर्षों से स्थापित होने, बढ़ती जनसंख्या के कारण आए दिन शहर की सड़कें अत्यधिक जाम रहती है जिस कारण ऑटो, ई-रिक्शा एवं अन्य छोटे वाहनों के चालक प्रशासनिक कोपभाजन बन रहे हैं. नगर निगम के जरिये अवैध तरीके से एक वाहन से दिन में तीन से चार बार पार्किंग शुल्क वसूला जाता है, जबकि प्रशासनिक पहल पर निर्णय हुआ था कि एक वाहन प्रतिदिन मात्र एक बार ही नगर निगम शुल्क रसीद कटायेंगे. धरना में विवेक सिंह, सत्यम दुबे, अनुज मिश्रा, अरविंद, संतोष, रंजीत पासवान, यासीन अंसारी, रिंकू पांडेय, इम्तियाज अंसारी आदि शामिल थे.

# सांसद ने सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई परियोजना का मामला संसद में उठाया

**संवाददाता। पलामू**

सांसद विष्णु दयाल राम ने गुरूवार को लोकसभा में गढ़वा जिले में सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई परियोजना के कार्य को पूर्ण कराने से संबंधित मामले को उठाया. सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार के जरिये वर्ष 2017 में 1276 करोड़ रुपये की लागत से गढ़वा जिले की भूमि को सिंचित करने के लिये सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई परियोजना का स्वीकृति प्रदान की गयी थी.

राज्य सरकार की उदासीनता के कारण इस परियोजना का निर्माण कार्य विलम्ब से वर्ष 2019 में



एलएनटी कंपनी के जरिये शुरू किया गया और मार्च 2022 तक कार्य को पूर्ण करना था, जो समय पर नहीं हो पाने के कारण उक्त कम्पनी को कार्य का विस्तार करते हुए 30 जून 2024 तक पूरा करने का समय दिया गया था. लेकिन उक्त कम्पनी के जरिये अभी तक कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है. अभी भी कार्य अपूर्ण है, जिसके कारण सिंचाई परियोजना का लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा है. उल्लेखनीय है कि उक्त सिंचाई परियोजना से गढ़वा जिले की 22 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी और गढ़वा जिले के 20 में से 18 प्रखंडों में स्थित खेतों तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाया जाएगा. उक्त परियोजना के निर्माण कार्य को अविलंब पूर्ण कराने की आवश्यकता है. सांसद ने जल शक्ति मंत्रालय से मांग की कि सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई परियोजना को अविलंब पूर्ण करायी जाए.

## धान अधिप्राप्ति के लिए लैम्पस और पैक्स को सक्रिय करें अधिकारी

**खूंटी ।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में खरीफ विपणन मौसम 2024-25 धान अधिप्राप्ति योजना की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में मुख्य रूप से धान अधिप्राप्ति को लेकर लैम्प्स केंद्र और पैक्स केंद्र को 15 दिसंबर से सक्रिय कर किसानों से धान अधिप्राप्ति करने का निर्देश दिया गया. कृषकों से धान अधिप्राप्ति को लेकर जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी को आपस में समन्वय स्थापित पर पंचायत स्तर पर कृषकों को धान अधिप्राप्ति के लिए पंजीकृत करने का निर्देश दिया गया.

# आयुष्मान भारत कार्ड निर्माण को लेकर खूंटी में महा अभियान 18 से

**संवाददाता। खूंटी**

खूंटी जिले में शत प्रतिशत आयुष्मान भारत कार्ड निर्माण सुनिश्चित करने के लिए जिले में 18 से 25 दिसंबर तक विशेष महा अभियान चलाया जाएगा. उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने गुरुवार को समाहरणालय सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए. बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया कि वे इस अभियान के दौरान लोगों को आयुष्मान भारत योजना के लाभ की जानकारी दें और अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों के कार्ड बनाना सुनिश्चित करें.उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक इस योजना का लाभ पहुंचाना है. उपायुक्त ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभार्थी पांच लाख रुपये तक के स्वास्थ्य बीमा का लाभ उठा सकते हैं. जिले के अच्छे निजी अस्पतालों को भी आयुष्मान भारत योजना का लाभ देने के लिए टैग करने का निर्देश दिया गया.

## न्यूनतम समर्थन मूल्य तय, बिचौलिए से बचें किसान : डीएसओ

**ओरमांझी।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत ने ओरमांझी व कांके प्रखंड में धान अधिप्राप्ति के संबंध में किसानों से बातचीत की. उन्होंने किसानों को खरीफ विपणन मौसम 2024-25 अंतर्गत धान अधिप्राप्ति केंद्र पर ही धान बेचने हेतु प्रेरित व जागरूक किया गया. साथ ही किसानों को बिचौलियों द्वारा दूसरे राज्यों में धान न बेचने के लिए प्रचार-प्रसार किया गया. आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत ने किसानों को बताया कि झारखंड सरकार द्वारा खरीफ विपणन मौसम 2024-25 अंतर्गत किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रु प्रति क्विंटल एवं बोनस 100 रुपये प्रति क्विंटल अर्थात् कुल 2400 रु प्रति क्विंटल की दर से निर्धारित है. जिला प्रशासन द्वारा धान अधिप्राप्ति हेतु सभी प्रकार की आवश्यक तैयारियां पूरी ली गयी हैं. साथ ही जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा किसानों को ससमय भुगतान करने हेतु भी सभी प्रकार की तैयारियां पूरी हैं. प्रदीप भगत ने बताया कि किसान अपने धान 15 दिसंबर से नजदीकी धान अधिप्राप्ति केंद्र में बेच सकते हैं.

# नेतरहाट में वन भूमि अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर बैठक

**संवाददाता। महुआडांड़ (लातेहार)**

महुआडांड़ एसडीएम विपिन कुमार दुबे ने गुरुवार को अनुमंडल कार्यालय में वन क्षेत्र पदाधिकारी तरुण सिंह, प्रभारी अंचल निरीक्षक रघुवीर गंझू और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की. इस बैठक में नेतरहाट क्षेत्र में सड़क किनारे और वन भूमि पर हो रहे अवैध कब्जों को हटाने के बारे में चर्चा की गई. एसडीएम विपिन कुमार दुबे ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अवैध भूमि की मापी कर तीन दिनों के भीतर अतिक्रमण हटाया जाए.

वन क्षेत्र पदाधिकारी तरुण कुमार सिंह ने बताया कि नेतरहाट क्षेत्र में सड़क के दोनों ओर और वन भूमि पर कई लोगों और व्यवसायियों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है, और इस भूमि पर होटल व अन्य निर्माण कार्य किए गए हैं. वन विभाग ने इन अवैध कब्जों और होटलों को चिन्हित कर उनके संचालकों को 10 दिनों के भीतर जमीन खाली करने का नोटिस



जारी किया है. बैठक में यह तय किया गया कि अतिक्रमण मुक्त अभियान शांतिपूर्ण तरीके से चलाया जाएगा. यह भी बताया गया कि नेतरहाट थाना पुलिस प्रशासन, अंचल कार्यालय महुआडांड़ और वन विभाग की टीमें मिलकर इस अभियान को सफल बनाने के लिए काम करेंगी. रेंजर तरुण कुमार सिंह और अंचलाधिकारी संतोष बैठा को अतिक्रमण हटाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए. प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया कि इस अभियान के दौरान किसी प्रकार का विवाद न हो. एसडीएम विपिन कुमार दुबे ने कहा कि नेतरहाट में जल्द ही अवैध कब्जे हटाने का काम शुरू होगा, जो वन क्षेत्र को संरक्षित करने की दिशा में प्रशासन का एक महत्वपूर्ण कदम है.

# 13 स्कूलों के 400 छात्रों-छात्राओं के बीच बांटी गई साइकिल



**संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को जिला कल्याण विभाग द्वारा 13 स्कूलों के 400 छात्रों-छात्राओं के बीच साईकिल का वितरण किया गया. साईकिल का वितरण करते हुए बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष प्रो करमा उरांव ने कहा कि झारखंड सरकार छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए गुणवत्ता युक्त साइकिल दे रही है. दूरदराज के गांवों से स्कूल आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए यह बड़ी सौगात है. बेड़ो प्रखंड मुख्यालय परिसर में बतौर मुख्य अतिथि करमा उरांव के अलावा प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव, अंचलाधिकारी प्रताप मिंज, प्रमुख विनीता कच्छप ने भी छात्र-छात्राओं के साईकिल का वितरण किया. करमा उरांव ने कहा कि लगातार क्षेत्रवासियों को सीधे तौर पर लाभ देने का काम किया जा रहा है. साईकि मिलने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अब स्कूल आने-जाने में सुविधा होगी. वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव ने कहा कि साईकिल वितरण से स्कूल से ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या में कमी आएगी एवं नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए बच्चे प्रेरित होंगे. वहीं अंचलाधिकारी प्रताप मिंज ने कहा कि बच्चे मन लगाकर पढ़ेंगे, यही सरकार की सोच है. इससे बच्चे उत्साहित होंगे तथा शिक्षण कार्य में सुधार होगा. कार्यक्रम का संचालन प्रखंड कल्याण पदाधिकारी करमु कुंडीर ने किया. मौके पर बीपीओ संजय तिर्की, कनीय अभियंता सद्दाम अंसारी, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी देवकुमार राम, सीआरपी सुशांत कुमार मिश्रा, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय घाघरा के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुग्रीव कुमार व विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक व शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.

## डीआईजी ने किया डोमचांच अंचल निरीक्षक कार्यालय का निरीक्षण

**संवाददाता। कोडरमा**

हजारीबाग उत्तरी छोटानागपुर के पुलिस उप-महानिरीक्षक (डीआईजी) सुनील भाष्कर ने गुरुवार को कोडरमा जिला के डोमचांच अंचल का निरीक्षण किया. निरीक्षण के क्रम में पुनिरीक्षक कार्यालय, डोमचॉच अंचल के पर्यवेक्षण, अपराध नियंत्रण संचिका, दैनिक प्रतिवेदन, मासिक प्रतिवेदन आदि का समीक्षा किया गया. मौके पर डीआईजी ने डोमचांच अंचल अंतर्गत सभी थाना प्रभारी से उनके थाना क्षेत्र के विधि-व्यवस्था का जायजा लिया और थाना में अभिलेखो एवं कार्यों का सही तरीके से संधारित तथा पुलिस पदाधिकारी के कार्यशैली की जानकारी ली . इस दौरान डीआईजी ने पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये. निरीक्षण के दौरान कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह, एसडीपीओ अनील कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक डोमचांच अंचल बिनोद कुमार और अंचल अंतर्गत विभिन्न थाना के थाना प्रभारी मौजूद थे.

**मिला सम्मान** कंबोडिया में संपन्न इंटरनेशनल पारा थ्रो बॉल टूर्नामेंट में हुए थे शामिल

# गोल्ड जीतने वाले राजेश को पलामू पुलिस ने किया सम्मानित

**संवाददाता। पलामू**

कंबोडिया में संपन्न इंटरनेशनल पारा थ्रो बॉल टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए गोल्ड मैडल जितने वाले पलामू के राजेश कुमार मेहता को गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सम्मानित किया गया. एसपी रीष्मा रमेशन, एएसपी अभियान राकेश कुमार ने राजेश को गुलदस्ता देकर और शॉल ओढाकर सम्मानित किया. साथ ही भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए एशिया कप में इसी तरह का लय बरकरार रखने की उम्मीद जतायी और शुभकामनाएं दी. मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि राजेश को स्पांसर नहीं मिलने पर वह उनके पास आया था. पलामू पुलिस से मदद करने के बाद रेहला स्थित आदित्य बिड़ला फैक्ट्री के सीएसआर फंड से मदद की गयी. इसके बाद राजेश कंबोडिया टूर्नामेंट में शामिल होने के लिए गया और सफलता प्राप्त की. इंटरनेशनल पारा थ्रो बॉल टूर्नामेंट में गोल्ड मैडल जितने वाले राजेश कुमार मेहता ने कहा कि उसे यह मुकाम हासिल करने में 14 वर्ष का समय लगा. दिव्यांग होने के कारण शुरूआत में उसे खेल से वंचित कर दिया गया था. रांची जाकर अपने स्तर के खेल पता लगाया और प्रशिक्षण लेकर सफलता प्राप्त की. वह देश के लिए और गोल्ड मैडल जितना चाहता है, इसके लिए सरकार सहयोग करे.



गोल्ड मैडलिस्ट राजेश कुमार मेहता ने गुरुवार दोपहर मेदिनीनगर शहर में विजय जुलूस निकाला. खुली कार में राजेश तिरंगा झंडा लहराते चल रहे थे. बोनट पर कप सजा रखा था. आगे आगे देश भक्ति गीत बजाते सपोटर्र चल रहे थे. जगह जगह राजेश का स्वागत किया गया. उल्लेखनीय है कि कंबोडिया में इंटरनेशनल पारा थ्रो बॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था. इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम विजेता बनी थी, जबकि कंबोडिया की टीम उपविजेता बनी. इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम का नेतृत्व उपकप्तान के रूप में पलामू जिले के पडवा के राजेश कुमार मेहता ने किया था. 2024 में भारत के बेस्ट थ्रो बॉल प्लेयर भी बने थे. टूर्नामेंट का फाइनल मैच कंबोडिया में तीन दिसंबर को खेला गया था. टूर्नामेंट में भारत, कंबोडिया, जॉर्डन, मलेशिया, ताइवान, रूनोई, थाईलैंड आदि देशों की टीम ने भाग लिया था. राजेश कुमार मेहता ने आठ वर्ष की उम्र में पड़वा के दुर्गावती नदी के पास सड़क हादसे में अपना एक पैर गंवा दिया था. काफी संघर्ष के बाद उन्होंने पलामू के जिला स्कूल में एडमिशन लिया. जिला स्कूल में स्पोर्ट्स कोच से उन्होंने खेलने की इच्छा जाहिर की, लेकिन स्पोर्ट्स कोच ने राजेश कुमार मेहता से कहा कि वह खेल नहीं सकते हैं. स्पोर्ट्स कोच के मना करने के बावजूद राजेश ने हौसला नहीं हारा. इसके कुछ दिनों बाद राजेश रांची में पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गए थे, जहां उनकी थ्रो बॉल के कोच से मुलाकात हुई. इसके बाद कोच कंचन कुमार के नेतृत्व में उन्होंने ट्रेनिंग ली.

## पीएलएफआई के एरिया कमांडर कृष्णा यादव के घर चिपकाया इश्तेहार

**खलारी।** खलारी कोयलांचल क्षेत्र में विभिन्न घटनाओं को अंजाम देने और थाना क्षेत्र दर्ज विभिन्न कांड में फरार चल रहे कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान जी के घर पर खलारी पुलिस ने गुरुवार को इश्तेहार चिपकाया. कृष्णा यादव उर्फ़ सुल्तान जी के घर बालसोकरा करमटोली एवं मदरसा चौक, थाना चान्हो, ज़िला-रांची व ख़लारी थाना क्षेत्र के महाबीर नगर चुरी बस्ती स्थित घर पर डुगडुगी ढोलक बजाकर स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति में विधिवत इस्तेहार चिपकाया गया. कृष्णा यादव के विरुद्ध खलारी थाना कांड संख्या धारा 447/ 994/ 435/ 427/386/387/286/504(6) इस अदालत व रूबरू मेरे। 506/1208-18-6 एवं भादवि एवम् 27 आर्म्स एक्ट एवम् 17 सीएलए एक्ट के प्राथिमिकी दर्ज है, जिसमें वह कई महीनों से फरार चल रहा है.

# थाने में जब्त हाईवा, दो वाहन से बैटरी हुई गायब



**संवाददाता। तरहसी (पलामू)**

तरहसी प्रखंड के थाना परिसर के पास दो हाईवा ट्रकों पर लदे हुए पत्थरों की जांच एसडीएम सुलोचना मीना द्वारा की गई थी, और यह पत्थरों से भरी हाईवा गाड़ी तरहसी थाना को सौंप दी गई थी.

बीती रात चोरों ने हाईवा में लगी बैटरियों को चुरा लिया और फरार हो गए. गुरुवार सुबह तरहसी थाना पुलिस ने देखा कि हाईवा की बैटरियां गायब हैं. इसके बाद पुलिस ने तत्काल जांच शुरू कर दी और छानबीन कर रही है. थाना परिसर में रखे वाहनों से बैटरियों का चोरी हो जाना तरहसी पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है. तरहसी थाना प्रभारी नीरज कुमार से फोन पर बात करने पर पता चला कि पुलिस प्रशासन मामले की जांच कर रहा है.

## न्यूज अपडेट

### एनआईए ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया, घर से मिले दस्तावेज

**मुंबई** । राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को तड़के अमरावती जिले के छायानगर से एक संदिग्ध को पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के संपर्क होने के शक में हिरासत में लिया है. उसे राजापेठ पुलिस स्टेशन में लाकर एनआईए की टीम गहन पूछताछ कर रही है. छापेमारी के दौरान संदिग्ध के पास से एनआईए ने कुछ दस्तावेज भी बरामद किये हैं. हालांकि, एनआईए ने इस छापेमारी के बाबत कोई अधिकृत जानकारी नहीं दी है, लेकिन सूत्रों के अनुसार एनआईए की टीम को संदिग्ध 35 वर्षीय युवक पर पिछले छह महीने से शक था. इसी वजह से एनआईए की टीम उसकी निगरानी कर रही थी.

### महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस ने प्रधानमंत्री से की शिष्टाचार भेंट

**नई दिल्ली** । महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की. फडणवीस ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री को छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा भेंट स्वरूप दी. प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक्स पर पोस्ट किया, माननीय प्रधानमंत्री को उनके बहुमूल्य समय, मार्गदर्शन, आशीर्वाद और महाराष्ट्र के पीछे दृढ़ता से खड़े रहने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद. पिछले 10 वर्षों में, आपके समर्थन से महाराष्ट्र लगभग हर क्षेत्र में नंबर 1 है और अब आपके नेतृत्व और मार्गदर्शन में विकास की इस यात्रा को अगले स्तर पर ले जाने का लक्ष्य है.

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नेपाल के सेनाध्यक्ष को किया सम्मानित



**नई दिल्ली**। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को नेपाल के सेनाध्यक्ष सुप्रबल जनसेवाश्री जनरल अशोक राज सिगडेल को भारतीय सेना के जनरल की मानद रैंक से सम्मानित किया. राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक विशेष अलंकरण समारोह में नेपाली सेना के प्रमुख सुप्रबल जनसेवाश्री जनरल अशोक राज सिगदेल को उनकी सराहनीय सैन्य शक्ति और भारत के साथ नेपाल के दीर्घकालिक और मैत्रीपूर्ण संबंधों को और बढ़ावा देने में उनके अतुलनीय योगदान के लिए सम्मानित किया. नेपाल के सेना प्रमुख ने 11 दिसंबर को नई दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और साउथ ब्लॉक लॉन में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया था.

### राजस्थान: दौसा में 57 घंटे बोरवेल में फंसे पांच वर्षीय आर्यन की मौत

**दौसा**। दौसा जिले के कालीखाड़ गांव में बोरवेल में गिरे पांच वर्षीय आर्यन की मौत हो गई. बुधवार रात करीब 11:45 बजे रेस्क्यू टीम ने 57 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसे बोरवेल से बाहर निकाला. बेहोशी की हालत में निकाले गए आर्यन को एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टम से लैस एम्बुलेंस में दौसा जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. आर्यन को बचाने के लिए प्रशासन और एनडीआरएफ की टीमों ने कई प्रयास किए. शुरुआती दो दिन में छह देसी तकनीकें विफल रहीं. इसके बाद बुधवार सुबह से पाइलिंग मशीन की मदद से समानांतर गड्ढा खोदा गया लेकिन मशीन खराब हो गई, जिससे ऑपरेशन में देरी हुई.

### नेपाल ने विवादित चीनी धर्मगुरू पंचेन लामा की यात्रा की अनुमति रद्द की

**काठमांडू**। चीन की तरफ से दलाई लामा के उत्तराधिकारी के रूप में घोषित पंचेन लामा की शुक्रवार को होने वाली नेपाल यात्रा की अनुमति रद्द कर दी गई है. पंचेन लामा के नेपाल आने की जानकारी लीक होने के बाद काठमांडू के कई राजनयिक ने इसका विरोध किया था. बीजिंग, पंचेन लामा को दलाई लामा का उत्तराधिकारी घोषित करना चाहता है लेकिन अमेरिका, यूरोप सहित अन्य पश्चिमी देशों के साथ-साथ निर्वासन में रहे तिब्बती शरणार्थी चीन की कोशिशों का कड़ा विरोध कर रहे हैं. लुंबिनी में आयोजित बुद्धिज़्म कांफ्रेंस में शामिल होने के लिए शुक्रवार को पंचेन लामा के चार्टर्ड विमान से चीन के छंगदू होते हुए काठमांडू आने की योजना थी.

### मणिपुर में पुलिस का एक्शन : 14 एकड़ अफीम की खेती की गई नष्ट



**इंफाल**। मणिपुर में सुरक्षा बलों द्वारा लगातार अफीम की खेती नष्ट किए जाने का सिलसिला जारी है. चालू वर्ष में अब तक तीन सौ बीस एकड़ से अधिक भूमि पर अफीम की खेती नष्ट की जा चुकी है. इसी सिलसिले में गुरुवार को मणिपुर पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बलों ने कांगपोकपी जिले के थोंगलेंग अकुत्पा गांव से मणिपुर पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम की सहायता से 14 एकड़ अफीम के खेतों को नष्ट किया. आगे की जांच के लिए मामला दर्ज कर लिया गया है. दोषियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है.

# जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड... बर्फबारी से गुलजार हुई पहाड़ों की वादियां

**नई दिल्ली** । देश के पहाड़ी राज्यों में हो रही बर्फबारी और बारिश के बाद दिल्ली से लेकर, पंजाब, राजस्थान, हरियाणा जैसे मैदानी इलाकों में भी ठंड बढ़ गई है. उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू कश्मीर जैसे राज्यों में बर्फबारी हो चुकी है. अनंतनाग में बर्फबारी के कारण वारवान की ओर जा रहा एक ट्रक बर्फीली सड़क से फिसलकर खाई में जा गिरा है. सर्दी के मौसम में बर्फ का सितम कुछ ऐसा है कि पहाड़ों पर कुदरत की चित्रकारी में बस दो रंग नजर आते हैं- सफेद और स्याह. जम्मू कश्मीर की जन्नत में जहां तक नजर जाए वहां तक बर्फ ही बर्फ है. बांदीपोरा, बडगाम, सोपोर, तंगमर्ग, सोनमर्ग और बनिहाल जैसे जगहों पर जबरदस्त बर्फबारी हो रही है. वहीं हिमाचल प्रदेश के पहाड़ियों पर सर्दी का सितम ऐसा कि नदी, नाले और झरने बर्फ में तब्दील होने लगे हैं. लाहौल में नदियां जम गईं हैं. नलों तक में बर्फ निकल रही. वहीं उत्तराखंड के गंगोत्री से लेकर यमुनोत्री, पंगोट और हर्षिल तक बर्फ ऐसी कि न पेड़ पौधों के पत्ते नजर आते हैं, न पहाड़ों पर पत्थर...न नदियों में रेत और न जमीन पर सड़क. पहाड़ों की बर्फबारी का असर मैदानों तक दिख रहा है.




### मस्जिद से ऐलान के बाद भीड़ का हंगामा; मुफ्ती खालिद को छुड़ाया

# विदेशी फंडिंग मामले में एनआईए व एटीएस की टीम ने की छापेमारी

एजेंसी । नई दिल्ली

विदेशों तक दीनी तालीम के लिए ऑन लाइन क्लास चलाने वाले मुफ्ती के सहारे एटीएस और एनआईए विदेशी फंडिंग का सुराग तलाशने में जुटी है. गुरुवार सुबह करीब 4:00 बजे एनआईए और एटीएस की संयुक्त टीम ने छापा मारा. झांसी कोतवाली क्षेत्र स्थित सलिम बाग बाहर दतिया गेट निवासी खालिद नदवी दीनी तालीम की ऑनलाइन एवं ऑफलाइन क्लास चलता है.

गुरुवार सुबह केंद्रीय जांच एजेंसी की टीम यहां पहुंची. विदेशी फंडिंग मामले में एजेंसियों के पास अहम सुराग हैं. खालिद के घर आने से पहले उनके रिश्तेदार मुकरयाना में छोटी मस्जिद निवासी साबिर नदवी के यहां भी टीम पहुंची थी. उससे भी पूछताछ की गई. लगभग एक घंटा चली पूछताछ के बाद पुलिस के पहरे में छोड़कर जांच टीम खालिद के यहां पहुंची. एनआईए की कार्रवाई के दौरान मुफ्ती खालिद से किसी को मिलने नहीं दिया. इस पर वहां के लोगों ने मस्जिद से एलान कर दिया. एलान के बाद मुफ्ती खालिद के घर के बाहर भीड़ जमा हो गई. भीड़ ने हंगामा कर दिया. भीड़ ने मुफ्ती खालिद को भी छुड़ा लिया. हालांकि टीम ने फिर से मुफ्ती खालिद को हिरासत में ले लिया. मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया है.



**जम्मू-कश्मीर में कई स्थानों पर एनआईए की छापेमारी**

अनंतनाग। आतंकी फंडिंग मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर में कई जगहों पर छापेमारी की. छापेमारी की है. अधिकारियों ने बताया कि एनआईए ने जम्मू-कश्मीर में बारामुला, रियासी, बडगाम और अनंतनाग जिलों सहित कई दूसरी जगहों पर भी छापेमारी की. उन्होंने बताया कि आतंकी फंडिंग मामले में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर सहित 4 राज्यों के 19 जगहों पर छापेमारी की जा रही है.

**मुफ्ती को लिया हिरासत में :** एनआईए टीम मुफ्ती खालिद नदवी को हिरासत में लेकर एसपी कार्यालय पहुंची. यहां एसपी सुधा सिंह की अगवाई में एनआईए और पुलिस की टीम उससे पूछताछ की है. एसपी सिटी ज्ञानेंद्र सिंह समेत कई स्थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और मामले को संभाला. उग्र भीड़ को देखते हुए पुलिस मुफ्ती खालिद को लेकर कई घंटे तक एक मस्जिद में रुकी रही, उसके बाद पीछे के रास्ते से गुपचुप तरीके से एसपी कार्यालय लेकर पहुंची.

मुफ्ती खालिद ने कहा, 'रात के करीब 2:30-3 बजे एनआईए दिल्ली के लोगों ने मेरे दरवाजे पर दस्तक दी. उन्होंने पूरे घर की अच्छी तरह से जांच की और उन्हें कुछ भी नहीं मिला. उन्होंने जो भी किताबें संदिग्ध लगीं, उन्हेंने उसे ले लिया. वे पासपोर्ट, सऊदी अरब का पुराना वीजा जैसे दस्तावेज ले गए. उन्होंने मेरे फोन की जांच की और मेरे व्हाट्सएप संपर्कों और समूहों के बारे में पूछताछ की. उन्होंने मुहम्मद इलियास घुमन के बारे में पूछा. मैं एक ऑनलाइन इस्लामिक कोचिंग सेंटर चलाता हूं, जहां मैं भारतीय और एनआरआई छात्रों को पढ़ाता हूं. उन्होंने मेरे बैंक स्टेटमेंट भी चेक किए.

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोले-

## महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा दे रहा है जल जीवन मिशन

एजेंसी । नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि जल जीवन मिशन, विशेष रूप से हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रहा है. उन्होंने कहा कि घर पर ही स्वच्छ जल की उपलब्धता होने से महिलाएं अब कौशल विकास और आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित कर सकती हैं.

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट साझा करते हुए लिखा, यह एक अच्छा परिदृश्य है कि किस प्रकार से जल जीवन मिशन महिला सशक्तिकरण को विशेष रूप से हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में आगे बढ़ा रहा है. अपने घर में ही स्वच्छ जल की उपलब्धता होने से महिलाएं अब कौशल विकास और आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित कर सकती हैं. उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त, 2019 को जल जीवन मिशन की शुरुआत की थी. इसका लक्ष्य 2024 तक हर ग्रामीण घर में नल का पानी पहुंचाना था. इसकी शुरुआत के समय, केवल 3.23 करोड़ (17 प्रतिशत) ग्रामीण घरों में नल के पानी के कनेक्शन थे.

## भारत और ग्रीस सैन्य संबंध मजबूत करेंगे : डीएस राणा

- द्विपक्षीय सुरक्षा चुनौतियों के क्षेत्रों में रणनीतिक रक्षा सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा हुई

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत और ग्रीस सैन्य संबंधों को मजबूत करने के लिए आपसी सूचनाओं को एक-दूसरे से साझा करने पर सहमत हुए हैं. ग्रीस की दो दिवसीय यात्रा पर गए भारतीय रक्षा खुफिया एजेंसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डीएस राणा ने ग्रीस के हेलेनिक नेशनल डिफेंस जनरल स्टाफ के प्रमुख जनरल दिमित्रियोस चौपिस से मुलाकात की. दोनों अधिकारियों के बीच आपसी हितों और द्विपक्षीय सुरक्षा चुनौतियों के क्षेत्रों में रणनीतिक रक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई. भारत और ग्रीस के सैन्य खुफिया विभाग ने सहयोग बढ़ाने और खुफिया जानकारी साझा करने पर चर्चा के लिए उच्चस्तरीय बैठक की. राणा ने अपने समकक्ष हेलेनिक नेशनल डिफेंस जनरल स्टाफ के अन्य निदेशकों के साथ भी बातचीत की और ग्रीस के साथ मजबूत सैन्य संबंधों को बढ़ावा देते हुए सूचना साझा करने और साझा राष्ट्रीय हितों पर विचार-विमर्श किया.

### आईटी इंजीनियर अतुल सुभाष सुसाइड केस की जांच तेज

## जौनपुर पहुंची बेंगलुरु पुलिस की टीम

एजेंसी । बेंगलुरु

बेंगलुरु की मराठाहल्ली पुलिस ने आईटी इंजीनियर अतुल सुभाष आत्महत्या मामले की जांच तेज कर दी है. एक टीम उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में भी भेजी गई है, ताकि मृतक अतुल सुभाष के ससुराल वालों और अन्य संबंधियों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई जा सके. दरअसल, अतुल ने सुसाइड नोट में पत्नी निकिता सिंघानिया, सास निशा सिंघानिया, साले अनुराग सिंघानिया और चाचा ससुर सुशील सिंघानिया को जिम्मेदार बताया था. इन चारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी है. फिलहाल, निकिता कहां है ये किसी को नहीं पता. लेकिन उसके घरवाले जौनपुर में ही हैं और मीडिया के सवालों से बचते नजर आ रहे हैं. बता दें कि ससुराल वालों से परेशान होकर बीते सोमवार को अतुल सुभाष ने बेंगलुरु में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी थी. मरने से पहले अतुल लंबा-चौड़ा सुसाइड नोट और रिकॉर्डेड वीडियो छोड़ गए हैं, जिसमें उन्होंने अपना दर्द बयां किया है. उनका वीडियो सामने आने के बाद पूरे देश में बहस छिड़ गई है. वहीं, पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज जांच-पड़ताल शुरू कर दी है. मराठाहल्ली पुलिस ने अतुल सुभाष के घर से एक डेथ नोट, लैपटॉप, मोबाइल फोन और अन्य दस्तावेज जब्त किए हैं. अदालत की मंजूरी के साथ, महत्वपूर्ण सबूतों के लिए इन वस्तुओं की बारीकी से जांच की जा रही है. अतुल ने पहले ही सभी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के पासवर्ड लिख लिए थे, जिससे जांच आसान हो गई है.



**अतुल ने सुसाइड नोट में पत्नी निकिता सिंघानिया, सास निशा सिंघानिया, साले अनुराग सिंघानिया और चाचा ससुर सुशील सिंघानिया को जिम्मेदार बताया था**

### केंद्रीय मंत्री रिजिजू के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव पेश

**नई दिल्ली** । तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सांसद सागरिका घोष ने गुरुवार को संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव पेश किया. उच्च सदन में विपक्षी नेताओं के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में यह विशेषाधिकार प्रस्ताव लाया गया है. इस विशेषाधिकार प्रस्ताव को 60 विपक्षी नेताओं का समर्थन मिला है और इन विपक्षी सांसदों ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं. टीएमसी सांसद सागरिका घोष ने कहा कि 'कल सदन में विपक्ष को संबोधित करते हुए किरेन रिजिजू ने कहा कि आप सभी इस सदन में रहने के योग्य नहीं हैं. संसदीय कार्य मंत्री को संसद को सुचारू रूप से चलाने पर फोकस करना चाहिए, लेकिन वे इसके बजाय बार-बार विपक्ष का अपमान कर रहे हैं. घोष ने कहा कि रिजिजू ने विपक्षी सदस्यों का अपमान किया है और संसद के अंदर और बाहर विपक्षी सांसदों के खिलाफ व्यक्तिगत शब्दों का इस्तेमाल किया है.

### अरविंद केजरीवाल का ऐलान

## चुनाव बाद महिलाओं के खाते में आएंगे 2100 रुपये



एजेंसी । नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को बड़ा ऐलान किया है. उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने अपना वादा पूरा करते हुए महिला सम्मान निधि योजना को मंजूरी दे दी है. केजरीवाल ने कहा कि आज मैं दिल्ली के लोगों के लिए दो बड़ी घोषणाएं करने आया हूं. दोनों घोषणाएं दिल्ली की मेरी बहनों और मांओं के लिए है. दिल्ली की हर महिला के बैंक अकाउंट में हर महीने हजार-हजार रुपये डाले जाएंगे. यह योजना लागू हो गई है. उन्होंने कहा कि आज दिल्ली सरकार की कैबिनेट मीटिंग में प्रस्ताव पारित किया गया. राजधानी की 18 साल से अधिक उम्र की सभी महिलाओं के खातों में हर महीने यह राशि आएगी. इसके लिए महिलाओं को रजिस्ट्रेशन करना होगा और जो महिलाएं रजिस्ट्रेशन करेंगी, उनके अकाउंट में हर महीने हजार-हजार रुपये आना शुरू हो जाएंगे.

**जेएनयू में बवाल**

### फिल्म साबरमती रिपोर्ट की स्क्रीनिंग में पथराव

**नई दिल्ली** । दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) में गुरुवार को एक आयोजन में पथराव हो गया. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा अभिनेता विक्रांत मैसी की फिल्म द साबरमती रिपोर्ट की विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया जा रहा था. इस दौरान लेफ्ट के छात्रों पर पथराव का आरोप एबीवीपी ने लगाया है. फिल्म की स्क्रीनिंग साबरमती ढाबा के बैडमिंटन कोर्ट में चल रही थी कि अचानक हुई पत्थरबाजी के बाद मौके पर भगदड़ मच गई. फिल्म को देखने के लिए बड़ी संख्या में छात्र जुटे थे. ये फिल्म गुजरात के गोधरा कांड पर बनी है. बता दें कि दो दिसंबर को पीएम नरेंद्र मोदी ने संसद के बालयोगी ऑडिटोरियम में फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' देख चुके हैं. यहां मेकर्स ने फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग आयोजित की थी.

**ऐलान** एफबीआई निदेशक क्रिस्टोफर रे ने की पद छोड़ने की घोषणा

# डोनाल्ड ट्रंप ने कहा-अमेरिका के लिए ये अच्छा दिन

एजेंसी । वॉशिंगटन

एफबीआई निदेशक क्रिस्टोफर रे ने पद छोड़ने की घोषणा करते हुए कहा है कि वे बाइडन का कार्यकाल खत्म होने के बाद जनवरी में अपना पद छोड़ देंगे. क्रिस्टोफर रे की यह घोषणा नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की उस घोषणा के एक सप्ताह के बाद आया है, जिसमें ट्रम्प ने काश पटेल को एफबीआई का नया निदेशक बनाने का एलान किया था. बुधवार को एफबीआई मुख्यालय में आयोजित





बैठक में क्रिस्टोफर ने पद छोड़ने की घोषणा करते हुए कहा कि 'पद छोड़ने का निर्णय उनके लिए आसान नहीं था. मुझे इस जगह से प्यार है और मुझे अपने काम से भी प्यार है लेकिन मेरा फोकस हमेशा इस बात पर रहा है कि एफबीआई के लिए क्या सही है.' रे के इस्तीफे की घोषणा के तुरंत बाद ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर पोस्ट साझा करते हुए इसे अमेरिका के लिए एक अच्छा दिन बताया और कहा कि इससे अमेरिका के 'अन्याय विभाग' का शस्त्रीकरण बंद होगा. उन्होंने कहा कि अब हम सभी अमेरिकियों के लिए कानून का शासन बहाल करेंगे. ट्रम्प ने कहा कि रे के नेतृत्व में एफबीआई ने बिना किसी कारण के मेरे घर पर अवैध रूप से छापा मारा और मुझ पर अवैध रूप से महाभियोग चलाने व मुझे दोषी ठहराने का काम किया. उल्लेखनीय है कि एफबीआई निदेशक के रूप में क्रिस्टोफर रे के दस साल के कार्यकाल में तीन साल का समय अभी और बचा है. ट्रम्प ने जब काश पटेल को एफबीआई का नया निदेशक बनाने की घोषणा की थी, उसी समय से इस बात की संभावना थी कि क्रिस्टोफर समय से पहले इस्तीफा दे सकते हैं.

### सुप्रीम कोर्ट : शीर्ष अदालत में कई याचिकाएं लंबित हैं

# केंद्र से जवाब मिलने तक मंदिर-मस्जिद से जुड़ा नया मुकदमा नहीं हो सकेगा दायर

एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 1991 के पूजा स्थल अधिनियम की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई हुई. मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) ने स्पष्ट तौर पर कहा कि इस मामले की अगली सुनवाई तक मंदिर-मस्जिद से जुड़ा कोई भी नया मुकदमा दर्ज नहीं किया जाएगा. शीर्ष कोर्ट ने याचिकाओं पर केंद्र की ओर से जवाब दाखिल किए जाने के बाद संबंधित पक्षों को जवाब दाखिल करने के लिए चार हफ्ते का समय दिया. कोर्ट ने कार्यवाही में दखल का अनुरोध करने वाले मुस्लिम निकायों सहित विभिन्न पक्षों की याचिकाएं स्वीकार कीं.



सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की विशेष पीठ इस मामले की सुनवाई की. शीर्ष अदालत में कई याचिकाएं लंबित हैं, जिनमें से एक अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर की गई है, जिन्होंने अपील की है कि पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 की धारा 2, 3 और 4 को रद्द कर दिया जाए. याचिकाकर्ता का कहना है कि ये तीनों धाराएं भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14,15, 21, 25,26 और 29 का उल्लंघन करती हैं. याचिका के मुताबिक ये सभी हमारे संविधान की मूल भावना और प्रस्तावना के खिलाफ हैं.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, मैसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड के लिए के.जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित. संपादक **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक **संजय सिंह***. फोन नंबर 0651-2961734 आरएनआई नंबर **JHAHIN/2023/84487**( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)